सुप्रभात
रांची, रविवार
19.05.2024
** नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net वैशाख, शुक्ल पक्ष, एकादशी, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 304




12 आडवाणी, जोशी और अंसारी ने घर से डाला वोट

## सिर्फ मेडिकल Preparation का संस्थान

**BIOME**®
Leading Institute for Pre-Medical Exam.
A Unit of Bhavya Educational Services LLP

### The Legacy of BIOME Continues...

**NEET-UG 2024 में बायोम का झारखंड से Leadership का एक और प्रमाण, HIGHEST EXPECTED 152+ Results एक Single सेंटर रांची से**

### SCHOLARSHIP BASED ON NEET-UG 2024 SCORE

**LAKSHYA BATCH**

| NEET (2024 Score) | Scholarship |
|---|---|
| 600 & above | 100% |
| 580 & above | 90% |
| 560 & above | 80% |
| 550 & above | 70% |
| 500 & above | 60% |

**TARGET BATCH**

| NEET (2024 Score) | Scholarship |
|---|---|
| 450 & above | 50% |
| 400 & above | 40% |
| 350 & above | 30% |
| 300 & above | 20% |
| 200 & above | 15% |

**Documents Required for Scholarship**
- Any Photo ID-Card of Student.
- Xerox Copy of NEET-2024 Admit Card.
- NEET-2024 result (After Result Published).
- Mark Sheet of Last Board Exam.

### SCHOLARSHIP CRITERIA ACCORDING TO BOARD MARKS (Xth/XIIth)

| Scholarship Eligibility for NEET | Scholarship % |
|---|---|
| For any State Board (Top 15 Merit Students) | 30% |
| For CBSE Board (95% or above) | 25% |
| For ICSE Board (90% or above) | 25% |
| For any State Board (80% or above) | 25% |
| For CBSE Board (90% or above) | 20% |
| For ICSE Board (85% or above) | 20% |
| For any State Board (75% or above) | 20% |
| For CBSE Board (85% or above) | 15% |
| For ICSE Board (80% or above) | 15% |
| For any State Board (70% or above) | 15% |
| For CBSE Board (80% or above) | 10% |
| For ICSE Board (75% or above) | 10% |
| For any State Board (65% or above) | 10% |
| For CBSE Board (75% or above) | 5% |
| For ICSE Board (70% or above) | 5% |
| For any State Board (60% or above) | 5% |

*Note : The Scholarship is offered only on Tuition Fee.*

### BIOME CLASSROOM HIGHLIGHTS







Jharkhand State Topper
AIIMS DELHI

### Gems of BIOME who got Prestigious Medical College of INDIA through NEET All IndiaQuota - 2023



| MAHIYA | ADITYA | ABHAY | JYOTIRMOY | SHREYA | PRIYA | AMRENDRA | TANJIL | SEEMAB |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| AIIMS HRISHIKESH | AIIMS PATNA | AIIMS PATNA | AIIMS KALYANI | LADY HARDINGE DELHI | BHU VARANASI | PMCH PATNA | JNMC AMU, ALIGARH | JNMC AMU, ALIGARH |

**Foundation**
(11th moving students)
For NEET 2026
Starting from
23rd May 2024

**Target**
(12th passed students)
For NEET 2025
Starting from
23rd May 2024

**Lakshya**
(12th passed students)
For NEET 2025
Admission is
Going on...

SCAN this QR CODE & Register for OFFLINE SCHOLARSHIP TEST

# 7360066185 / 87 / 88 / 89 / 90 / 91 / 92 / 93

**CORPORATE OFFICE :** (RANCHI) Shivpuri (Kilburn Colony), Opp. Spring City Mall, Hinoo | **BRANCH OFFICE :** (RANCHI) New Nagratoli, Near Women's College, Science Block

www.biomeinstitute.in youtube.com/biomeinstitute facebook.com/biomeinstitute/ LIBRARY SCHOOL HOSTEL TRANSPORT
Managed by third party

# झारखंड में पांचवें चरण के चुनाव में 12 प्रत्याशी से अधिक धनकुबेर

**सुधीर**



**रांची।** 20 मई लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के लिए मतदान होना है। झारखंड में इस चरण में कल तीन संसदीय सीट चतरा, हजारीबाग और कोडरमा पर भी वोटिंग होगी। झारखंड में इस बार भी चुनावी मैदान में कई धनकुबेर प्रत्याशी ताल ठोक रहे हैं। चुनाव के मैदान में खड़े इन प्रत्याशियों में एक दर्जन से अधिक ऐसे हैं, जिनकी संपत्ति करोड़ों में है। जनता के बीच सियासी जंग को जीतने के लिए पहुंचे इन माननीयों द्वारा दाखिल खुद के शपथपत्र बताने के लिए काफी हैं कि ये आज के धनकुबेर हैं। इनकी संपत्ति न केवल अपने नाम पर बल्कि पत्नी एवं बेटे-बेटियों के नाम पर भी दिखाई संपत्ति भी करोड़ों में है। चुनाव आयोग में दाखिल शपथपत्र के अनुसार 54 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। जिनमें से अधिकांश लखपति और एक दर्जन से अधिक करोड़पति की श्रेणी में आते हैं।

लोस चुनाव में विभिन्न पार्टियों से चुनाव लड़ रहे जय प्रकाश सिंह भोक्ता-चतरा-निर्दलीय, केएन त्रिपाठी-चतरा-कांग्रेस, काली चरण सिंह-चतरा-भाजपा, नागमणि-चतरा-बहुजन समाज पार्टी, दीपक कुमार गुप्ता-चतरा-निर्दलीय, मनीष जायसवाल-हजारीबाग-भाजपा, जेपी पटेल-हजारीबाग-कांग्रेस, अन्नपूर्णा देवी-कोडरमा-भाजपा, जयप्रकाश वर्मा-कोडरमा-निर्दलीय ऐसे प्रत्याशी हैं, जो धनकुबेर हैं।

**चुनाव मैदान में धनकुबेर प्रत्याशी का बढ़ा है चलन :** लोकसभा हो या विधानसभा का चुनाव, धनकुबेर प्रत्याशियों का चलन बढ़ा है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक राइट्स यानी एडीआर की रिपोर्ट के अनुसार 2019 के लोकसभा चुनाव में झारखंड सहित पूरे देशभर में 8 हजार 49 उम्मीदवारों ने किस्मत आजमाया, जिसमें 2 हजार 297 उम्मीदवार ऐसे थे, जिनकी संपत्ति करोड़ों में थी। इसी तरह 2014 के चुनाव में 8 हजार 205 प्रत्याशी में 2 हजार 217 उम्मीदवार करोड़पति थे। राजनीति के जानकार अमरनाथ झा कहते हैं कि करोड़पति प्रत्याशी की बढ़ रहे चलन में निर्दलीय के साथ साथ बड़े राजनीतिक दल भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं जो लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है।


सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड
एक मिनीरत्न कम्पनी
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पनी)
सूचना
सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाईट www.coalindia.in/सम्बंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।



जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा
विशेष लोक अदालत
दिनांक : 08/06/2024 (शनिवार)
समय : 08:00 बजे पूर्वाह्न से 12:30 बजे अपराह्न तक
स्थान:- व्यवहार न्यायालय परिसर, कोडरमा
सर्वसाधारण को सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा के तत्वावधान मे दिनांक 08/06/2024, दिन शनिवार, समय 8:00 बजे पूर्वाह्न से 12:30 बजे अपराह्न तक व्यवहार न्यायालय, कोडरमा के परिसर में मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण से संबंधित मामलो के निष्पादन हेतू विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसमे मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण से संबंधित मामलो का निष्पादन किया जाएगा।

अतः सामान्य जनता से अनुरोध है कि मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण से संबंधित मामलो को इन्श्युरेंस कंपनी एवं अपने अधिवक्ता से सम्पर्क कर अधिक से अधिक मामलो का निष्पादन कराने का प्रयास करे।

नोट :- उक्त विशेष लोक अदालत हेतु दिनांक 03 जुन से 07 जुन तक मोटर दुर्घटना दावा संबंधित मामलो का Pre Lok Adalat sitting पूर्वाह्न 08:00 बजे से व्यवहार न्यायालय कोडरमा परिसर मे चलेगा।

ह0/ अनुदीप सिंह, पुलिस अधीक्षक-सह सदस्य, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा
ह0/ मेघा भारद्वाज, उपायुक्त-सह-उपाध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा
ह0/ विरेन्द्र कुमार तिवारी, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा

नोटः इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की विस्तृत जानकारी के लिए आप किसी भी कार्य दिवस पर 08:00 बजे पूर्वाह्न से 12:00 बजे अपराह्न तक कोडरमा, सिविल कोर्ट में अवस्थित जिला न्याय सदन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय में सचिव से मोबाईल के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं।

मो0 6200937857

निवेदकः
गौतम कुमार
सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा।

PR 324948 Law(24-25)D



कार्यालय अनुमण्डल पदाधिकारी-सह-
अनुमण्डल दण्डाधिकारी, चतरा
-:संयुक्त आदेश:-

आगामी लोकसभा आम चुनाव-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण रूप से कराने हेतु भारत निर्वाचन आयोग के SOP For Last 72/48/24 Hours में निहित निदेश निम्न प्रकार से है:-

मतदान के 72 घंटे पहले
01. कोई भी पार्टी या उम्मीदवार ऐसी कोई गतिविधि शामिल नहीं करेगा जो मौजूदा मत भेदों को बढ़ा सकती है या आपसी नफरत पैदा कर सकती है या विभिन्न जातियों और समुदायों के बीच धार्मिक या भाषाई तनाव पैदा कर सकती है।
02. किसी भी पार्टी या कार्यकर्ता द्वारा वोट हासिल करने के लिए जाति या सांप्रदायिक भावनाओं की अपील नहीं की जाएगी। मस्जिदों, चर्चों, मंदिरों या अन्य पूजा स्थलों का उपयोग चुनाव प्रचार के लिए मंच के रूप में नहीं किया जाएगा।
03. राजनीतिक प्रचार में बल्क एसएमएस वॉयस मैसेज का उपयोग नहीं करेंगे।

मतदान के 48 घंटे पहले
01. प्रचार अवधि समाप्त होने के बाद, निर्वाचन क्षेत्र के भीतर कोई भी प्रचार नहीं हो सकता है। राजनीतिक पदाधिकारियों, पार्टी कार्यकर्ताओं, जुलूस-पदाधिकारियों, अभियान पदाधिकारियों आदि की उपस्थिति, जो निर्वाचन क्षेत्र के बाहर से लाए गए हैं और जो अपने निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता नहीं हैं, वे निर्वाचन क्षेत्र में मौजूद नहीं रहेंगे, प्रचार अवधि समाप्त होने के तुरंत बाद निर्वाचन क्षेत्र छोड़ देंगे।
02. राजनीतिक दल के ऐसे पदाधिकारी का राज्य मुख्यालय में अपने रहने के स्थान की घोषणा करनी होगी और इस अवधि के दौरान उनका आवागमन सामान्य रूप से उनके पार्टी कार्यालय और उनके रहने के स्थान के बीच ही सीमित रहेगा।

मतदान के 24 घंटे पहले
01. इस संबंध में मतदान के 48 घंटे पहले के दिशा-निर्देश लागू रहेंगे।

मतदान के दिन
01. उम्मीदवार, चुनाव एजेंट और उम्मीदवार के कार्यकर्ताओं पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए एक-एक वाहन की अनुमति दी जाएगी।
02. एक वाहन में ड्राइवर सहित 5 से अधिक व्यक्तियों को अनुमतिन हीं दी जाएगी।
03. यदि उम्मीदवार निर्वाचन क्षेत्र से अनुपस्थित हैं, तो किसी अन्य व्यक्ति को उन्हे आवंटित वाहन का उपयोग करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
04. किसी भी नेता को किसी अन्य वाहन को उपयोग करने की अनुमति नहीं रहेगी।
05. परमिट को वाहनों की विंड स्क्रीन पर प्रदर्शित किया जाएगा।
06. किसी उम्मीदवार या उसके एजेंट द्वारा मतदाताओं को मतदान केंद्रों तक लाने-लेजाने के लिए मुफ्त वाहन उपलब्ध कराने को सख्त मना ही है। उपरोक्त प्रतिबंध यांत्रिक शक्ति या अन्य से चलनेवाले सभी वाहनों पर लागू होंगे, जिनमें टैक्सी, निजी कार, ट्रक, ट्रेलर वाले या बिना ट्रेलर वाले ट्रैक्टर, ऑटो-रिक्शा, ई-रिक्शा, स्कूटर, मोटरबाईक मिनी बसें, स्टेशन वैगन आदि शामिल हैं।
07. उपरोक्त निर्देशों का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई के अलावा आर.पी. अधिनियम, 1951 और भारतीय दंड संहिता दोनों के प्रावधानों के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इन निर्देशों का उल्लंघन करते हुए पाये गये सभी वाहनों को जब्त कर लिया जाएगा। निजी वाहनों का उपयोग मालिकों द्वारा अपने निजी उपयोग के लिए किया जा सकता है, चुनाव से संबंधित नहीं।
08. आवश्यक सेवाओं जैसे अस्पताल वैन, एम्बुलेंस, दूध वैन, पानी के टैंकर, बिजली आपातकालीन ड्यूटी वैन, ड्यूटी पर पुलिस, चुनाव ड्यूटी पर अधिकारियों के लिए उपयोग किए जानेवाले वाहनों को चलने की अनुमति होगी।
09. निजी वाहनों का उपयोग बीमार या विकलांग व्यक्तियों द्वारा अपने स्वयं के उपयोग के लिए किया जा सकता है।
10. मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में कोई भी प्रचार संबंधी पोस्टर या बैनर नहीं लगेगा।
11. मतदान के दौरान पीआरओ एवं अन्य कर्मचारी पीएस में अपना मोबाइल साइलेंट रखेंगे। जरूरत पड़ने पर वे मतदान केंद्र के बाहर से भी बात कर सकते हैं। बूथ लेवल अधिकारी को मतदान केंद्र के बाहर मतदाता सहायता बूथ (वीएबी) पर तैनात किया जाएगा। वे मतदान केंद्रों के पास पीएस के लिए अल्फाबेटिकल रोल लोकेटर के साथ-साथ मोबाईल फोन चालू रखेंगे।

नोडल पदाधिकारी, विधि व्यवस्था/आदर्श आचार संहिता कोषांग -सह- अनुमण्डल पदाधिकारी, चतरा।
नोडल पदाधिकारी, विधि व्यवस्था/आदर्श आचार संहिता कोषांग -सह-अनुमण्डल पदाधिकारी, सिमरिया।

PR 324938Election(24-25)#D


## 5वां चरण : मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए हर संभव उपाय कर रहा निर्वाचन आयोग

# मतदानकर्मियों की रवानगी शुरू : सीईओ

### चौथे चरण के सभी चार संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में पुरुषों से अधिक महिलाओं ने डाले वोट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि पांचवें चरण के मतदान के लिए मतदानकर्मियों की रवानगी शुरू हो गयी है। रविवार तक यह प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। पांचवें चरण में चतरा, हजारीबाग और कोडरमा में 20 मई को मतदान होना है। उन्होंने बताया कि लातेहार और चतरा के लिए हेलीड्रॉपिंग के माध्यम से 148 मतदानकर्मियों और सेक्टर ऑफिसर को मतदान केंद्र तक भेजा गया है। वह शनिवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में प्रेस वार्ता कर रहे थे।

उन्होंने बताया कि चौथे चरण के चुनाव में मतदान करने में महिलाएं, पुरुषों पर भारी पड़ी हैं। इस चरण में सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू में मतदान हुआ है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग का फोकस मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर है। जनजागरूकता के साथ तमाम उपाय किये जा रहे हैं। माइकिंग से मतदाताओं को जागरूक करने और मतदाताओं को मतदान केंद्र तक ले जाने के लिए मोबलाइजेशन पर जोर रहेगा। उन्होंने कहा कि मतदान करने में लोगों को ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़े, इसके लिए मतदान की गति बढ़ाने के उपाय किये गये हैं। उसके तहत एक बार में तीन मतदाताओं को मतदान केंद्र के भीतर जाकर मतदान की सुविधा दी जा रही है। जिस बूथ पर 1200 से अधिक मतदाता हैं, वहां एक अतिरिक्त मतदानकर्मी को लगाया जा रहा है, ताकि कतार लंबी नहीं हो, मतदान की गति बढ़े और लोगों को इंतजार नहीं करना पड़े। वहीं रिजर्व में रखे गए मतदानकर्मियों को भी जरूरत के अनुसार मतदान केंद्रों पर लगाया जायेगा। उन्होंने मतदाताओं से कहा कि मतदान के लिए जाते वक्त अपने साथ मतदाता सूची का सीरियल नंबर नोट कर जरूर लेकर जाएं। इससे सीरियल नंबर का मिलान करने में बेवजह समय बर्बाद नहीं होगा। अगर वोटर इनफार्मेशन स्लिप मतदाता तक नहीं पहुंचा हो, तो वे वोटर हेल्पलाइन ऐप से भी अपना सीरियल नंबर नोट कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अवैध सामग्री और नकदी के रूप में अब तक 1 अरब, 19 करोड़, 50 लाख की जब्ती की गयी है।

### चतरा में सर्वाधिक 22 उम्मीदवार

चतरा लोकसभा सीट पर सबसे अधिक 22 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। यहां पर कांग्रेस के केएन त्रिपाठी और बीजेपी से कालीचरण सिंह आमने-सामने हैं। हजारीबाग सीट से 17 उम्मीदवार चुनावी अखाड़े में है। यहां पर बीजेपी के मनीष जायसवाल और कांग्रेस के जेपी पटेल आमने-सामने हैं। कोडरमा से 15 उम्मीदवार किस्मत आजमा रहे हैं। इस सीट से बीजेपी की अन्नपूर्णा देवी और सीपीआई एमएल के विनोद सिंह आमने-सामने हैं। बताते चलें कि इन तीनों सीटों पर पिछले लोकसभा चुनाव में 64-66 प्रतिशत मतदान हुआ था। तीनों सीटों पर पुरुषों से अधिक महिलाओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था।

### झारखंड में लोस चुनाव का पांचवां चरण

- चतरा, हजारीबाग और कोडरमा में सुबह सात बजे से पांच बजे तक होगा मतदान।
- इस चरण में कुल 58,34,618 मतदाता लेंगे भाग।
- कुल मतदाता में 29 लाख 99233 पुरुष, 28 लाख 35,329 महिला और 56 थर्ड जेंडर शामिल हैं।
- पहली बार 18-19 आयु वर्ग के 2,27,717 मतदाता करेंगे वोट।
- 20-29 आयु वर्ग में 15 लाख 32 हजार 323 हैं मतदाता।
- 30-39 आयु वर्ग में 1576681 मतदाता हैं।
- 40 से 49 आयु वर्ग में 1014141 मतदाता हैं।
- कुल 6705 मतदान केंद्र में, शहरी क्षेत्र में 575 और 6130 ग्रामीण क्षेत्र में है मतदान केंद्र।

***लोकसभा चुनाव के पांचवें में झारखंड में तीन सीटों पर मतदान 20 मई को होना है। चुनाव आयोग ने शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव के लिए सारी तैयारियां पूरी कर ली है: सीईओ***

## सातवें चरण में कुल 52 प्रत्याशी मैदान में

### इस बार के चुनाव में सर्वाधिक प्रत्याशी उतरे चुनाव मैदान में

### मतदान की गति और प्रतिशत बढ़ाने पर फोकस कर रहा निर्वाचन आयोग : के. रवि कुमार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि नाम वापसी के बाद सातवें चरण के तीन संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 52 उम्मीदवार रह गए हैं। उन्होंने बताया कि राजमहल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से नाम वापसी के अंतिम दिन शुक्रवार को एक प्रत्याशी ने अपना नाम वापस ले लिया। इस तरह यहां अब कुल 14 उम्मीदवार चुनाव मैदान में बचे हैं। दुमका संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से किसी भी उम्मीदवार ने अपना नामांकन वापस नहीं लिया है। यहां से कुल 19 प्रत्याशी हैं। गोड्डा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 2 लोगों ने अपना नामांकन वापस लिया है। यहां से कुल 19 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। उन्होंने बताया कि इस बार 2024 के लोकसभा चुनाव में सर्वाधिक 244 प्रत्याशी चुनाव लड़ने के लिए नामांकन किया है। इनमें 212 पुरुष, 31 महिलाएं और एक ट्रांसजेंडर शामिल हैं।

## लोस चुनाव : 5वें चरण के चुनाव में ताल ठोक रहे हैं 54 उम्मीदवार

# भाजपा व कांग्रेस समेत 18 प्रत्याशियों के खिलाफ दर्ज हैं आपराधिक मामले

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** लोकसभा चुनाव के 5वें चरण का लोकसभा चुनाव 20 मई को होना है। झारखंड में इस चरण में 45 प्रत्याशी मैदान में है। इनमें से 18 के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी पर सर्वाधिक आठ आपराधिक मामले दर्ज हैं। बताते चलें कि दूसरे चरण में झारखंड के तीन लोकसभा सीटों चतरा, कोडरमा और हजारीबाग में मतदान होना है। इनमें से भाजपा और कांग्रेस समेत 18 उम्मीदवार शमिल हैं।

### इन प्रत्याशियों पर आपराधिक मामले हैं दर्ज

कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी, मूलवासी समाज पार्टी के प्रत्याशी अजय कृष्णा, निर्दलीय प्रत्याशी विक्रांत सिंहष, सीपीआई प्रत्याशी अनिरुद्ध कुमार, निर्दलीय प्रत्याशी श्रीराम सिंह, निर्दलीय प्रत्याशी अभिषेक कुमार, बीजेपी प्रत्याशी मनीष जायसवाल, बसपा के प्रत्याशी नागमणि, बीजेपी प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी, बीजेपी प्रत्याशी कालीचरण सिंह, निर्दलीय प्रत्याशी जयप्रकाश वर्मा और भाकपा माले प्रत्याशी विनोद सिंह के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## झारखंड में लव जिहाद, लैंड जिहाद, वोट जिहाद के बाद पॉलिटिकल जिहादः भाजपा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** भाजपा नेताओं ने शनिवार को मीडिया से बातचीत में सत्तारूढ़ गठबंधन पर पॉलिटिकल जिहाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि मुस्लिम समुदाय के एक तबके के द्वारा भोली-भाली आदिवासी लड़कियों को प्रेम जाल में फांसकर विवाह किया जाता है। बाद में आदिवासियों के लिए आरक्षित मुखिया, जिला परिषद, पंचायत, सरपंच की सीटों पर उन्हें लड़ाकर सत्ता पर काबिज होने का पॉलिटिकल जिहाद होता है। उसके बाद से इस आदिवासी महिला की भूमिका को कम किया जाता है और कामकाज उसके मुस्लिम पति देखने लगते हैं।

उन्होंने कहा कि पाकुड़ जिले में ऐसे कई दर्जन उदाहरण हैं, जिस पर इन मुस्लिम कप्तरपंथियों ने अपनी आदिवासी पत्नियों को चुनाव जीता कर सत्ता में काबिज होने का षड्यंत्र रचा है। पाकुड़ का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां दर्जनों मुस्लिम युवक जिन्होंने आदिवासी बेटियों को अपने मोह जाल में फंसा कर विवाह किया। फिर उन्हें विभिन्न स्तरों के चुनाव में लड़वाया और कई मामलों में जितवाया भी और उनके जरिए पॉलिटिकल जिहाद कर सत्ता पर काबिज हो गए।

उन्होंने कहा कि जब उनकी सरकार बनेगी तो गृह मंत्रालय से पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग करेंगे। आलमगीर आलम के अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन की जांच हो, आलमगीर आलम के बांग्लादेश में लंबे समय से रह रहे अरबपति भाई जहांगीर आलम की भी चल-अचल संपत्ति और कंपनियों की ईडी जांच करे। आलमगीर आलम का 90 के दशक में राजनीतिक उदय और उनके भाई जहांगीर आलम का बांग्लादेश इस दौरान शिफ्ट करना और खाक से शीर्ष तक पहुंचाने की कहानी की गहन जांच की आवश्यकता है।

## डीड राइटर इरशाद, तापस और संजीत को भेजा गया जेल

**रांची।** राज्य के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन घोटाले मामले में ईडी की टीम ने रिमांड की अवधि खत्म होने के बाद शनिवार को हजारीबाग के डीड राइटर इरशाद अख्तर सहित तापस घोष और संजीत कुमार की पेशी पीएमएलए की विशेष अदालत में पेश किया। पेशी के बाद तीनों को जेल भेज दिया गया। बताते चलें कि तापस घोष और संजीत कुमार रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस कोलकाता के कर्मी हैं। ईडी ने इन तीनों को 9 मई को गिरफ्तार किया गया था। जमीन घोटाला मामले में पूर्व में गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ व दस्तावेजों की छानबीन के बाद इन तीनों की गिरफ्तारी हुई है। हजारीबाग के मुंशी डीड राइटर इरशाद मूल दस्तावेज में हेराफेरी कर फर्जी डीड तैयार करता था। वहीं द रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस कार्यालय, कोलकाता के कर्मी तापस घोष पर कार्यालय से जमीन के मूल दस्तावेज को गायब करने का आरोप है, जबकि संजीत कुमार पर भी कार्यालय से डीड गायब करने का आरोप है। ईडी ने इस मामले में हेमंत सोरेन समेत 11 आरोपियों की गिरफ्तारी की है।

## नगर विकास विभाग को लिखा गया पत्र

# अर्बन हाट पर ₹10 करोड़ से अधिक बर्बाद करने पर सीएस ने मांगी रिपोर्ट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राज्य के मुख्य सचिव एल ख्यिांग्ते ने राजधानी के कांके में निमार्णाधीन अर्बन हाट योजना की पूरी स्थिति पर रिपोर्ट मांगी है। इस संबंध में उन्होंने संज्ञान लेते हुए नगर विकास विभाग को पत्र लिखा है। सीएस ऑफिस के निर्देश के बाद नगर विकास विभाग ने भी नगर आयुक्त रांची नगर निगम को अर्बन हार्ट योजना की स्थिति पर अद्यतन रिपोर्ट देने को कहा है। बताते चलें कि राजधानी में अर्बन हाट निर्माण योजना में करीब 10 करोड़ रुपये खर्च करने के बाद इसे बंद कर दिया गया है। यानि इतनी राशि इसमें बर्बाद भी हो गयी। योजना अब भी धरातल पर नहीं उतरी। 2016 में ही अर्बन हाट योजना बनाने का काम शुरू किया गया था।

बताया जा रहा है कि जिस स्थान पर काम प्रारंभ हुआ था, वहां जंगल-झाड़ पहले से काफी था। हालांकि, बाद में तत्कालीन सीएम ने इसकी उपयोगिता पर सवाल उठाये ओर इसे बंद करने का आदेश दिया। अधूरे निर्माण को पूरा करके वहां पर स्किल डेवलपमेंट सेंटर या गर्ल्स हॉस्टल बनाने पर विचार हुआ, पर अब भी यह कागजों पर ही है।

**राज्य के व्यापारियों को देना था बड़ा बाजार :** व्यापारियों को बड़ा बाजार देने की सोच से अर्बन हार्ट योजना पर काम प्रारंभ किया गया था. स्थानीय शिल्पकार, पारंपरिक भोजन और कलकारों को बड़ा मंच मुहैया कराने के लिए अर्बन हाट का निर्माण किया जाना था। इसके अलावा देशभ र के शिल्पकारों की दुकान लाने और स्थानीय शिल्पकारों को उत्पाद बेचने के लिए बाजारा उपलब्ध कराना था। वहां स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए ट्रेनिंग सेंटर से लेकर व्यवसायिक गतिविधियां संचालित की जानी थी।

# कोडरमा लोकसभा सीट पर बीजेपी की अन्नपूर्ण देवी को कांटे की टक्कर दे रहे है इंडिया गठबंधन के विनोद सिंह

**सत्येन्द्र**

**रांची।** देश के पांचवे चरण में झारखंड में कोडरमा, चतरा और हजारीबाग लोकसभा सीट के लिए 20 मई दिन सोमवार को मतदान होगा। इस चरण के चुनाव में कोडरमा सीट पर राज्य की जनता का विशेष नजर है। इसकी वजह हैं मोदी सरकार में राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी का चुनावी मैदान में होना। अन्नपूर्ण देवी कभी राजद सुप्रीमो लालू यादव की सबसे करीबी मानी जाती थीं लेकिन 2019 के चुनाव से ठीक पहले राजद छोड़कर भाजपा में चली गईं। इसका उन्हें फायदा भी मिला। पूरे राज्य में रिकॉर्ड वोट के अंतर से जीत हासिल कर केंद्र में मंत्री बन गईं। बावजूद कोडरमा में इस बार का चुनावी समीकरण बिल्कुल अलग है। अन्नपूर्णा देवी का सामना इंडिया ब्लॉक समर्थित बगोदर से भाकपा माले के इकलौते विधायक विनोद कुमार सिंह से है। विनोद सिंह को झारखंड की राजनीति में बेदाग छवि वाला राजनेता कहा जाता है।

### कोडरमा लोस का विधानसभावार समीकरण

कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में कुल छह विधानसभा सीटें हैं। इसमें से चार सीटो पर बीजेपी का कब्जा है तो दो सीटे इंडिया गठबंधन के कब्जे में है। 2019 के विधानसभा चुनाव में कोडरमा में भाजपा, बरकळा में निर्दलीय अमित कुमार यादव, धनवार में जेवीएम से बाबूलाल मरांडी, बगोदर से भाकपा माले के विनोद कुमार सिंह, जमुआ से भाजपा के केदार हाजरा और गांडेय से झामुमो के सरफराज अहमद की जीत हुई थी। बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव एनडीए के समर्थन में हैं। जबकि बाबूलाल मरांडी अब भाजपा में हैं।

### 2019 में मिली थी एकतरफा बढ़त

2019 के चुनाव में भाजपा की अन्नपूर्णा देवी के सामने जेवीएम के बाबूलाल मरांडी थे। वहीं भाकपा माले के राजकुमार यादव ने ताल ठोककर महगठबंधन के लिए मुसीबत खड़ी थी। नतीजतन, अन्नपूर्णा देवी को सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में एकतरफा बढ़त मिली थी। इसकी बदौलत अन्नपूर्णा देवी को कुल 7,53,016 वोट मिले थे। वहीं जेवीएम और माले के खाते में कुल 3,65,623 वोट गये थे। इस लिहाज से भी अन्नपूर्णा देवी को जेवीएम और माले की तुलना में 3,87,393 वोट की बढ़त थी।

### बागी जयप्रकाश वर्मा क्या बन रहे हैं फैक्टर

अब सवाल उठता है कि झामुमो से टिकट नहीं मिलने पर कोडरमा सीट से बतौर निर्दलीय मैदान में उतरे जयप्रकाश वर्मा वोट काटवा साबित हो सकते हैं। क्योंकि कुशवाहा समाज पर उनकी अच्छी पकड़ मानी जाती है। जाहिर है कि इस वोट बैंक में सेंध लगने से भाजपा को नुकसान होगा। लेकिन भाजपा ने जयप्रकाश वर्मा के भगीना दिलीप वर्मा को गांडेय विधानसभा के लिए हो रहे उपचुनाव में हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन के सामने उतारकर कुशवाहा समाज की नाराजगी काफी हद तक दूर कर दी है।

### पीएम मोदी और तेजस्वी लगा चुके हैं जोर

पिछले दिनों पीएम मोदी ने बगोदर विधानसभा के पेशम में चुनावी सभा कर अन्नपूर्णा देवी के लिए वोट मांगा था। गांडेय विधानसभा प्रत्याशी दिलीप वर्मा और गिरिडीह लोस सीट के लिए आजसू के चंद्रप्रकाश चौधरी का हाथ मजबूत करने की अपील की थी। यहां उन्होंने नक्सलवाद, भ्रष्टाचार और लेफ्ट पार्टियों की नीति को मुद्दा बनाया था। पीएम मोदी ने कहा था कि आपको सांसद को नहीं मोदी को जीताना है। वहीं राजद सुप्रीमो लालू यादव के पुत्र तेजस्वी ने कोडरमा के पिपचो और गांडेय के छोटकी खरगडीहा में चुनावी सभा की थी। उन्होंने अन्नपूर्णा पर विश्वासघात का आरोप लगाते हुए सबक सिखाने की अपील की थी। साथ ही महंगाई और बेरोजगारी को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर सवाल खड़े किए थे।

### कोडरमा में पलायन सबसे बड़ा मुद्दा

कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में तीन जिलों की छह विधानसभा सीटें हैं। इनमें कोडरमा से एक, हजारीबाग से बरकट्ठा और गिरिडीह से जमुआ, धनवार, बगोदर और गांडेय सीट शामिल है। इन तीनों जिलों में पलायन सबसे बड़ा मुद्दा है। खासकर गिरिडीह में। यहां से लोग रोजी रोटी के लिए महाराष्ट्र, गुजरात, गोवा, आंध्रप्रदेश जैसे राज्यों में जाते हैं। जबकि बड़ी संख्या में लोग अरब देशों में भी मजदूरी कर रहे हैं। वहीं दूसरे प्रदेशों में उनपर हो रहे शोषण की खबरें आती रहती हैं। कोडरमा की पहचान अभ्रक और कोयला खदान की वजह से होती है। लेकिन अभ्रक की खदानें की बंद हो चुकी हैं। गिरिडीह की दो कोयला खदानों में से एक ओपन कास्ट माइंस बंद पड़ा है।

मौजूदा समीकरण बता रहे हैं कि कोडरमा में इस बार का चुनाव बेहद दिलचस्प हो सकता है। एनडीए और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के बीच कांटे की टक्कर होने के आसार हैं। इसमें सबसे बड़ा फैक्टर यादव वोटरों को माना जा रहा है। राजद से नाता तोड़ने के बावजूद पिछली बार यादवों ने अन्नपूर्णा देवी को सपोर्ट किया था। अगर, इस पॉकेट में विनोद सिंह सेंध लगाने में सफल रहे तो नतीजा चौंकाने वाला आ सकता है।

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सुप्रभात

रांची, रविवार

19.05.2024

नगर संस्करण । पेज : 12

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित सबकी बात सबके साथ

लोकसभा चुनाव 2024

सभी चुनें सही चुनें

khabarmantra.net वैशाख, शुक्ल पक्ष, एकादशी, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 304

12 रणनीति के तहत नहीं लड़ा चुनाव : प्रियंका गंधी

# मोदी फिर झारखंड में आज घाटशिला में सभा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** पीएम मोदी रविवार को एकबार फिर झारखंड आ रहे हैं। वह घाटशिला के मऊभंडार मैदान में जमशेदपुर सीट पर भाजपा प्रत्याशी बिद्युतबरण महतो के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। पीएम पौने ग्यारह बजे जनसभा को संबोधित करेंगे। पार्टी ने सभा को ऐतिहासिक बनाने की तैयारियां पूरी कर ली हैं। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भी शनिवार को वहां पहुंचे और जायजा किया। वहीं एसपीजी की टीम ने सभा स्थल से लेकर चॉपर की लैंडिंग स्थल की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाल ली है। प्रदेश ने पीएम मोदी की सभा को सफल बनाने के लिए रणनीति बनाकर कार्य करने की अपील की। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर दो घंटे पूर्व पहुंचने का प्रयास करें। चुनावी सभा में पूरे कोल्हान से 1 लाख लोगों से ज्यादा की भीड़ पीएम मोदी को सुनने जुटेगी। सुरक्षाकर्मियों ने गोल्फ मैदान में शनिवार की सुबह 11 बजे प्री-रिहर्सल किया। ये दूसरा अवसर है जब पीएम घाटशिला के ताम्र मैदान में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

**भाई-भतीजावाद को हरायें :** वहीं शनिवार को दिल्ली में पीएम मोदी ने कहा कि यह चुनाव भाई-भतीजावाद को हराने के लिए है। कांग्रेस पर मोदी ने कटाक्ष करते हुए कहा, यह चुनाव आपकी संपत्ति को छीनने से बचाने का है। दिल्ली में यह उनकी पहली सभा थी।

मोदी ने कहा, ये चुनाव भारत को टॉप 3 अर्थव्यवस्था में लाने के लिए है। भारत की अर्थव्यवस्था उन ताकतों से बचाने के लिए है जो अपनी आर्थिक नीतियों से भारत को दिवालिया कर देना चाहते हैं। मोदी ने कहा, ये चुनाव भारत के युवाओं के लिए नये अवसर बनाने के लिए हैं।

मोदी ने कहा, मैंने 50 साल पहले ही घर को त्याग दिया। मेरा कोई वारिस नहीं है। 140 करोड़ देशवासी ही मेरे वारिस हैं। मोदी ने कहा इंडी गटवंधन के नाताओं का दोहर चरित्र जनता जान रही है। उन्होंने फिर एक बार मोदी सरकार का नारा दिया। ( पेज 10 भी देखें)

## धाकड़ सरकार से दुश्मन कांपते हैं

इससे पूर्व हरियाणा की एक सभा में पीएम मोदी ने कहा, जब देश में धाकड़ सरकार होती है, तो दुश्मन कांपते हैं। अंबाला की चुनावी रैली पीएम ने कांग्रेस और आप पर जमकर निशाना साधा। कहा, कांग्रेस को सिर्फ वोट से मतलब है। मोदी ने कहा, पाकिस्तान 70 साल से भारत को परेशान कर रहा था। वहीं आज इसके हाथ में भीख का कटोरा है। उन्होंने लोगों से पूछा, क्या एक कमजोर सरकार जम्मू-कश्मीर के हालात बदल सकती थी। आज, मोदी की धाकड़ सरकार ने धारा 370 की दीवार को ध्वस्त कर दिया। कश्मीर विकास की राह पर चल पड़ा। चार चरण के मतदान में गठवंधन के सभी दल चारों खाने चित हो चुके हैं।

## रिश्वतखोरी, जंगलराज, दलदल = राजद : नड्डा

**पटना।** भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने राजद का फूल फॉर्म बताया। उन्होंने कहा कि आर माने रिश्वतखोरी, ज यानी जंगलराज और डी का मतलब दलदल है। वह मोतिहारी में आनंद मोहन की पत्नी लवली आनंद के समर्थन में जनसभा में बोल रहे थे। श्री नड्डा ने राजद और कांग्रेस पर जमकर निशान साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कोई जगह नहीं छोड़ी, धरती, आकाश, पाताल, समुद्र हो या अंतरिक्ष हर जगह घोटाला किया। लालू को लेकर कहा कि कांग्रेस के एक साथी ने तो चारा भी खा लिया।

## अगले 6 माह में पीओके हमारा होगा : योगी

**मुंबई।** यूपी के सीएम योगी ने महाराष्ट्र में कहा कि पाकिस्तान की हालत खराब है। उसे पीओके बचाना मुश्किल हो रहा है। पीओके की जनता भारत के साथ जुड़ना चाहती है। पीएम मोदी की तीसरी बार सरकार बनने के 6 माह में पाक अधिकृत कश्मीर भारत में आ जायेगा। हमारे लिये देश सर्वोपरि है। सीएम योगी ने कहा कि इंडी गठबंधन के पास देश के विकास को लेकर न तो कोई विजन है और न ही मिशन। ये लोग केवल किसी भी तरह सत्ता हासिल करना चाहते हैं।




# मेगा रोड शो में कल्पना को मिला जीत का आशीर्वाद

## उमड़ा जनसैलाब

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** गांडेय विधानसभा उपचुनाव की झामुमो प्रत्याशी और पार्टी की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन ने चुनाव प्रचार के अंतिम दिन शनिवार को गिरिडीह में मेगा रोड किया। रोड शो में लोगों का भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा। बेंगाबाद के विभिन्न इलाकों में कल्पना का काफिला जिस जिस रास्ते से गुजरा ग्रामीण उनकी तस्वीर लेने को आतुर दिखे। कल्पना ने भी सभी का हाथ जोड़कर अभिवादन किया। सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये थे। उन्होंने रोड शो में लगभग विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखंडों और पंचायतों को टच किया। सड़क के दोनों और भारी संख्या में लोगों ने खड़े होकर कल्पना सोरेन का अभिवादन किया।

**रोड शो में कई नेता शामिल :** रोड शो में कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, राज्यसभा सदस्य डॉ सरफराज अहमद, विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, राजद नेता व मंत्री सत्यानंद भोक्ता, डॉ इरफान अंसारी समेत गठबंधन के कई नेताओं-कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। कल्पना सोरेन ने फुलजोरी, प्रतापपुर, धोबियाडीह, मेदनी सारे, लच्छूडीह, हरीला, फूल झरिया, अहलियापुर, महेश मुंडा, बाघरा आदि क्षेत्रों में रोड शो किया। इससे पहले जब कल्पना सोरेन गिरिडीह पहुंची तो झामुमो कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। मुखिया चमेली देवी के नेतृत्व में कई महिलाएं उनसे मिली और अपनी समस्याएं साझा की। सभी ने उन्हें जीत का आशीर्वाद दिया। कल्पना सोरेन को ग्रामीणों का अपार जनसमर्थन मिला। रोड शो में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के नाम के जयकारे लगते रहे।

## हजारीबाग, कोडरमा चतरा में थमा प्रचार

**रांची।** लोकसभा चुनाव के पांचवें और झारखंड में दूसरे चरण के मतदान के लिए चुनाव प्रचार शनिवार की शाम थम गया। 20 मई को झारखंड की तीन लोकसभा सीटों हजारीबाग, कोडरमा और चतरा में सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक वोटिंग होगी। इन तीनों सीट पर कांग्रेस ने दो और माले ने एक सीट पर प्रत्याशी दिया है। चतरा में केएन त्रिपाठी, हजारीबाग में जेपी पटेल और मनीष जायसवाल की प्रतिष्ठा दावं पर है। **गांडेय विधानसभा** उपचुनाव के लिए भी 20 को ही मतदान है। अब प्रत्याशी रविवार को केवल डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान कर सकेंगे।

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में आठ राज्यों की 49 सीटों पर 20 मई को मतदान होगा। इनमें बिहार की पांच सीटें सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, सारण और हाजीपुर शामिल हैं। यहां राजीव प्रताप रूडी, रोहिणी आचार्य, चिराग पासवान की साख दांव पर है। झारखंड की तीन सीटों पर 20 मई को 54 उम्मीदवारों की किस्मत इवीएम में कैद हो जायेगी।

## बस में लगी आग, 9 लोग जिंदा जल मरे

**चंडीगढ़।** हरियाणा के नूंह में शुक्रवार की देर रात एक तीर्थयात्री बस में आग लग जाने नौ लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गयी। बस में करीब 60 लोग सवार थे। ये सभी पंजाब के होशियारपुर और लुधियाना के रहने वाले थे। ये लोग मथुरा-वृंदावन से लौट रहे थे। सभी लोग आपस में सगे-संबंधी हैं। मृतकों में छह महिलाएं और तीन पुरुष शामिल हैं। अनेक तीर्थयात्री घायल हैं।

## केजरीवाल का पीए गिरफ्तार, जमानत अर्जी रद्द

**नयी दिल्ली।** पुलिस ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के निजी सचवि बिभव कुमार को शनिवार शाम सीएम आवास से गिरफ्तार कर लिया। आप की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के मामले में उन पर कई धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। बिभव कुमार ने पहले ही दिल्ली की एक कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी, जिसे गिरफ्तारी के बाद कोर्ट ने रद्द कर दिया।

## चाल धंसने से दो महिलाओं की मौत

**गिरिडीह।** गावां थाना के परसौनी में अवैध माइका खनन के दौरान चाल धंसने से दो महिलाओं की मौत हो गयी। मृतकों की पहचान बिहार के गोविंदपुर थाना क्षेत्र निवासी फुलवा देवी और गावां थाना क्षेत्र के बिरने निवासी टुनी देवी के रूप में हुई है। माइका तस्करों ने मामले को दबाने का भरपूर प्रयास किया लेकिन पुलिस के संदेह के कारण मामला सामने आ गया। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

## संजीव लाल, जहांगीर फिर इडी रिमांड पर

**रांची।** आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल और उसके नौकर जहांगीर आलम की रिमांड अवधि समाप्त होने पर शनिवार को रांची स्थित ईडी कोर्ट में पेश किया गया। इडी ने पूछताछ की आवश्यकता बताते हुए फिर से तीन दिनों की रिमांड मांगी। इस पर ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने तीन दिनों की रिमांड की मंजूरी दे दी। संजीव और जहांगीर को छह मई को गिरफ्तार किया था। इडी की छापेमारी में संजीव लाल और जहांगीर सहित अन्य के घरों से 35.23 करोड़ रुपये बरामद हुए थे।



# जेएमएम और कांग्रेस के भ्रष्टाचार ने हमारे झारखंड की छवि बिगाड़ दी : सुदेश महतो

## राज्य की गरिमा और भविष्य संवारना हमारी प्राथमिकता, जीत के अंतर को बड़ा करने की दिशा में कार्य करें कार्यकर्ता

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद/रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि सत्तारूढ़ जेएमएम और कांग्रेस के भ्रष्टाचार ने राज्य की छवि बिगाड़ कर रख दी है। लोकसभा चुनावों में जनता इसका बदला लेगी।

साढ़े चार साल में राज्य ने बहुत कुछ खोया है। राज्य की गरिमा और भविष्य संवारना हमारी प्राथमिकता है। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष ने बाघमारा में आयोजित एनडीए की चुनावी बैठक में कही। इस दौरान गिरिडीह संसदीय क्षेत्र से बड़ी जीत दर्ज करने की रणनीति और चुनावी अभियान की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि चुनावों की तारीख नजदीक है।

बीजेपी और आजसू के कार्यकर्ता कंधे से कंधे मिलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्पों और मिशन को कामयाब बनाने में काम करें। राज्य की सभी 14 सीटों पर एनडीए की जीत सुनिश्चित करना ही हमारा लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि विकास आधारित राजनीति एनडीए का मजबूत स्तंभ है। दूसरी तरफ लूट- खसोट करने वालों का मौकापरस्त गठबंधन खड़ा है। मुख्यमंत्री, मंत्री जब करप्शन में जेल जाने लगे, तो वोट का भी अनादर होता है। इसके लिए ही उन्हें जनादेश नहीं दिया गया था। इसलिए लोकसभा चुनाव में ही उनकी विदाई की तहरीर लिखी जानी चाहिए।

बैठक में शामिल गिरिडीह लोकसभा से एनडीए उम्मीदवार सह आजसू पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि एनडीए के सभी साथी आपसी समन्वय के साथ चुनावी मैदान में हैं और इस बार यह गठबंधन झारखंड की सभी 14 की 14 सीटों पर जीत दर्ज करने के साथ ही नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने में अपना योगदान देगा। बाघमारा समेत पूरे गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र की जनता का आशीर्वाद हमें मिलेगा और हम विकसित गिरिडीह के लक्ष्य के साथ विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करेंगे। मौके पर उपस्थित बाघमारा विधायक सह धनबाद लोकसभा उम्मीदवार ढुल्लू महतो ने कहा कि बाघमारा विधानसभा क्षेत्र की जनता गिरिडीह लोकसभा से एनडीए की जीत तय करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और 25 मई को अपना मत चंद्र प्रकाश चौधरी को देकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों को मजबूत करने का काम करेगी।

# राजनीति का मौजूदा ट्रेंड बदलने के लिए आगे आएं युवा : सुदेश महतो

## पूर्व विधायक के पुत्र झारखंड आंदोलनकारी कार्तिक महतो ने थामा आजसू का दामन

### नावाडीह में युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजनीति का मौजूदा ट्रेंड बदलने के लिए युवाओं को आगे आना होगा। युवा शब्द का दायरा बड़ा है।

राजनीति में अगर युवा थोड़ी दखल बढ़ा दें तो बहुत सी चीजें बदल सकती हैं। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने नावाडीह स्थित देवी महतो इंटर कॉलेज के सामने आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में कही।

इस दौरान डुमरी के पूर्व विधायक स्व. शिवा महतो के सुपुत्र झारखंड आंदोलनकारी कार्तिक महतो, वकील महतो, विशाल अग्रवाल, रंजीत अग्रवाल, राजेन्द्र राम समेत कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के कुछ महीनों बाद राज्य में विधानसभा के चुनाव होने हैं। नए जनादेश की जिम्मेदारी आप सभी युवाओं पर है। राज्य के नवनिर्माण के लिए नवीन सोच और ऊर्जा की आवश्यकता। राज्य जिस अराजकता के माहौल से गुजर रहा है, उसमें लोगों की चेतना को जगाने और हक अधिकार के लिए मुखर बनाने की जरूरत है। युवाओं में राज्य की तकदीर बदलने और इसे संवारने की क्षमता है। उनकी दक्षता को तराशने का सशक्त मंच और राज्य के हर युवा की बुलंद आवाज बनेगा युवा आजसू।

### आजसू छात्र संघ ने डीएसपीएमयू के वीसी को सौंपा ज्ञापन

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में टीम आजसू ने विश्वविद्यालय के कुलपति का घेराव किया। मौके पर उन्हें ज्ञापन सौंपकर छात्रों की मांगों पर विचार करने की मांग की। उन्हें बताया गया कि विवि प्रशासन ने 14 मई के एक प्रतिलिपि निकाल तीन बच्चों को विश्वविद्यालय से निलंबित कर दिया था। छात्रों ने वीसी मांग की है कि राजनीति शास्त्र विभाग के दोनों पक्षों को सामान्य रूप से माफी नामा लिखवा कर लिया जाये।

### पत्थर कारोबारी कृष्णा साहा की व्यक्तिगत पेशी से छूट संबंधी याचिका खारिज

**रांची।** साहिबगंज के पत्थर कारोबारी कृष्णा कुमार साहा की ओर से निचली अदालत में सशरीर उपस्थिति से छूट संबंधी याचिका पर पीएमएलए कोर्ट ने फैसला सुनाया है। ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने कृष्णा साहा की व्यक्तिगत पेशी से छूट संबंधित याचिका को खारिज कर दिया। बताते चलें कि मामले में कृष्णा साहा को हाईकोर्ट से 7 दिसंबर 2023 को जमानत मिल चुकी है। उनके खिलाफ अब ईडी कोर्ट में आरोप गठन हो चुका है। मालूम हो कि 5 जुलाई 2023 को 10 घंटे की पूछताछ के बाद ईडी ने उसे देर रात गिरफ्तार कर लिया था। 1250 करोड़ के अवैध पत्थर खनन मामले में मनी लांड्रिंग के तहत जांच कर रही ईडी कृष्णा कुमार के ठीकने पर जुलाई 2022 में छापेमारी की थी। ईडी की कार्रवाई के बावजूद कृष्णा साहा के खान में अवैध खनन जारी था। इसकी जानकारी ईडी को मिली है। इसके बाद ही ईडी ने उसे गिरफ्तार किया था।

## सीसीएल के सीएमडी से मिले आरकेएमयू के पदधारी, रखी मांग



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन (आरकेएमयू) के महामंत्री सह जेबीसीसीआई सदस्य राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में सीसीएल के सभी क्षेत्रों के अध्यक्ष व सचिव सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह से मिले। सीसीएल परिवार के रूप पर जुड़ने पर उनका अभिनंदन किया एवं शुभकामनाएं दी। श्री सिंह ने यूनियन की ओर से उद्योग एंव श्रमिक हित में आवश्यक सहयोग करने का भरोसा दिया। डालटेनगंज में एक अस्पताल को इंपैनल लिस्ट में रखने की मांग की। कहा कि इससे रजहरा कोलियरी के श्रमिकों को इलाज की समुचित सुविधा मिल सकेगी। मुलकात में एनके से सुनील कुमार सिंह, राघव चौबे, तिला महतो, महेन्द्र यादव, देवपाल मुणडा, मुबारक खां, हलिम खां, रजहरा से कामख्या पांडे, बीएंडके से गजेंद्र सिंह, सुशील कुमार सिंह, चरही से बिनोद सिंह, अमरजीत सिंह, अरगड्डा से जन्मजय सिंह, नयासराय से अजय कुमार, बरका सयाल से देवेंद्र सिंह, रजरप्पा से प्रदीप कुमार, बालेश्वर शर्मा, चंदन बघेल, कथारा से गणेश राम सहित विभिन्न क्षेत्रों से श्रमिक उपस्थित रहें।

### डीजीएम सहित तीन की अग्रिम जमानत पर सुनवाई 14 जून को, ईडी ने मांगा समय

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी इंडो डेनिश टूल रूम जमशेदपुर के पूर्व डीजीएम आशुतोष कुमार, उनकी पत्नी चयनिका एवं रिश्तेदार केशव वत्स की ओर से दायर अग्रिम जमानत याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए अगली सुनवाई की तिथि 14 जून निर्धारित की है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने इनपर अवैध तरीके से की गई कमाई को मनी लाउंड्रिंग करने के आरोप में केस दर्ज किया है। ईडी ने पीएमएल एक्ट के सुसंगत धाराओं के तहत आशुतोष कुमार, उनकी पत्नी चयनिका कुमारी एवं रिश्तेदार केशव वत्स को मामले में आरोपी बनाया है। ईडी ने सीबीआई के दर्ज केस के अनुसंधान में आशुतोष कुमार एवं अन्य पर मनी लाउंड्रिंग करने का आरोप पाया है, इसके बाद पीएमएलए एक्ट में इनपर ईसीआईआर 2/ 2024 केस दर्ज किया गया।

## शिक्षकों की प्रोन्नति में बाधक रेगुलेशन को हाई कोर्ट ने किया खारिज

### परिनियम के तहत मिलेगा वित्तीय लाभ



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजकीय विश्वविद्यालय के शिक्षकों की प्रोन्नति मामले में झारखंड हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। शिक्षकों की प्रोन्नति से संबंधित यूजीसी के वर्ष 2010 के रेगुलेशन के तहत झारखंड सरकार द्वारा बनाए गए परिनियम के क्लाउज 3 के शर्त को झारखंड हाई कोर्ट ने कानून सम्मत नहीं बताते हुए उसे खारिज कर दिया। साथ ही कोर्ट ने आदेश दिया कि सभी विश्वविद्यालयो के शिक्षकों को उक्त परिनियम के तहत देय वित्तीय लाभ नियत तिथि से देय होगा, जिस तिथि को वह उस लाभ के हकदार होते हैं। बता दें की वर्ष 2010 के यूजीसी रेगुलेशन के तहत राज्य सरकार ने 15 दिसंबर 2022 में परिनियम बनाया था। जिसके तहत राज्य के विश्वविद्यालयो के शिक्षकों को 1 दिसंबर 2009 से अगस्त 2021 के बीच देय प्रोन्नति अथवा अन्य वित्तीय लाभ से संबंधित क्लाउज 3 में एक शर्त रखी थी।

## खबर एक नजर में

### खाटू धाम के लिए पदयात्रा पर निकले राहुल शर्मा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** टाटानगर से खाटू धाम के लिए पदयात्रा पर निकले राहुल शर्मा शनिवार को राँची पहुचें। रांची पहुचनें पर नारायणी माता,मारवाड़ी सेन सभा द्वारा उनका स्वागत एवं निशान पूजन किया गया।

इस अवसर पर उन्हें सुशील तमोली द्वारा माला एवं डॉ महेंद्र राज द्वारा दुपप्ता पहनाया गया। नंदकिशोर चांगल, विष्णु प्रसाद,जयदीप राज, पवन अजारीवाल, राजेश चांगल, संजय दिनोदिया, राजेंद्र वर्मा,महेश सेन, मुकेश जाजोदिया, आनन्द अग्रवाल, सुदामा कुमार, केशव कुमार, शंकर कुमार द्वारा निशान पूजन किया गया।

उसके बाद हरमू रोड स्थित श्याम मंदिर में बाबा श्याम के दर्शन कर निशान यात्रा अगले पढ़ाव के लिए प्रस्थान किया।

### श्री श्याम मंदिर का स्थापना दिवस आज



**खबर मन्त्र संवाददात**

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर का अष्टम स्थापना दिवस समारोह आज होगा। श्री श्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि मुख्य समारोह रात्रि 9:30 बजे से शुरू होगा। पूजन के उपरांत मंडल के अध्यक्ष श्री सुरेश सरावगी अपनी धर्मपत्नी के साथ खाटूनरेश की अखंड ज्योति प्रज्वलित करके स्थापना समारोह की शुरूआत करेंगे। प्रातः 5:00 बजे मंदिर के पट खोल दिए जाएंगे। प्रातः 5:30 बजे मंगल आरती प्रातः 8:30 बजे श्रृंगार आरती दोपहर 12:15 बजे शंख आरती रात्रि 7:00 बजे ग्वाल आरती रात्रि 8:30 बजे पंचदीप की आरती की जाएगी। देर रात समापन महाआरती की जाएगी। मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू सभी तैयारियां को अंतिम रूप दे रहे हैं।

## थर्ड फ्रंट करेगा इंडी महागठबंधन की प्रत्याशी यशस्विनी सहाय का समर्थन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची/सिल्ली।** राजनीतिक संगठन 'तीसरा मोर्चा (स्वतंत्र)' इस बार लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को समर्थन देगा। इस संबंध में थर्ड फ्रंट के अध्यक्ष डॉ.अमित कुमार के नेतृत्व में सिल्ली विधानसभा क्षेत्र में हुई बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। डॉ.कुमार ने कहा कि इंडिया गठबंधन में शामिल दलों (कांग्रेस, राजद, झामुमो व अन्य) की नीतियां जनहित में है।

वहीं,भाजपा सांप्रदायिक ताकतों को बढ़ावा देने वाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के शासनकाल में जनता महंगाई और बेरोजगारी की मार से कराह रही है। महंगाई, बेरोजगारी दूर करने, नये रोजगार सृजन सहित युवाओं, महिलाओं व किसानों के हित में कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने में इंडिया गठबंधन में शामिल दलों का सामूहिक प्रयास सराहनीय है। डॉ.कुमार ने कहा कि रांची संसदीय क्षेत्र से इंडिया गठबंधन (कांग्रेस) की प्रत्याशी यशस्विनी सहाय को थर्ड फ्रंट अपना भरपूर समर्थन देगा। खासकर सिल्ली विधानसभा क्षेत्र की जनता से सुश्री सहाय को समर्थन देकर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की गई है। बैठक में तीसरा मोर्चा (स्वतंत्र) के केंद्रीय महासचिव जगबंधु महतो, कोषाध्यक्ष हबलू मुंडा, केंद्रीय उपाध्यक्ष अजीत पुराण, संवत सिंह मुंडा, अर्जुन महतो, कार्यकर्ता मृत्युंजय प्रसाद, नकुल सेठ, दुर्गा साव, जगतपाल महतो, पूर्ण चंद्र महतो, अमूल्य हजाम, रूपेश मांझी, कार्तिक मुंडा, मेघनाथ सिंह मुंडा सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। उक्त जानकारी कांग्रेस नेता राजेश सिन्हा ने दी।

## मनुष्य वही है जो दूसरों के लिए प्राण तक अर्पित कर दे : डॉ. सिद्धेश्वर



### संत जेवियर कॉलेज में संगोष्ठी का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** संत जेवियर कॉलेज के हिन्दी विभाग एवं हिन्दी साहित्य परिषद् ने शनिवार को एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया। आधुनिक हिन्दी काव्य में राष्ट्रीय चेतना विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीएन मण्डल विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह कश्यप ने राष्ट्रीयता के वृहद् अर्थ को व्याख्यायित किया तथा देश की एकता और अखंडता को रेखांकित करते हुए कहा कि मनुष्य वही है जो अन्य मनुष्य के लिए प्राण तक अर्पित कर दे। स्वागत भाषण संत जेवियर महाविद्यालय के हिन्दी विभाग के अध्यक्ष डॉ. जय प्रकाश पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राँची विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. जंग बहादुर पाण्डेय ने किया। संगोष्ठी के आयोजन में डॉ. चंद्रिका ठाकुर देशदीप, डॉ. वासुदेव प्रसाद,डॉ ओमप्रकाश एवं डॉ. संजय कुमार की सक्रिय भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापिका कोमल खलखो एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सुनील कुमार भाटिया ने किया।

### पारस हॉस्पिटल में पहली बार ईपीएस और आरएफए तकनीक से मरीज की बची जान

**रांची।** एचइसी स्थित पारस हॉस्पिटल में पहली बार इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी स्टडी और रेडियो फ्रीक्वेंसी एब्लेशन कर मरीज की जान बचाई गयी है। 60 वर्षीय मरीज को लगातार एक माह से हर दिन पीएसवीटी के एपिसोड हो रहे थे। उन्हें रोज चक्कर और आंखों के सामने अंधेरा छा जाता था। धड़कन बहुत तेजी से चलने लगता था। इस अटैक के कारण दो बार गिर भी चुके थे। ऐसे यह बीमारी उनको पांच वर्षो से था। इसके लिए वे दवाई भी ले रहे थे। लेकिन एक माह से दवाई लेने के बाद उनकी बीमारी बढ़ गयी थी। इस बीमारी को लेकर मरीज पारस हॉस्पिटल के कॉडियोलॉजिस्ट डॉ कुंवर अभिषेक आर्य से मुलाकात की और अपनी तकलीफ बताई। डॉक्टर को मरीज का ईसीजी रिपोर्ट भी दिखाया। रिपोर्ट देखने के बाद डॉ अभिषेक आर्य ने उन्हें परॉक्सिस्मल सुप्रावेंट्रिकुलर टैकीकार्डिया (पीएसवीटी) है।

### रांची-मुरी रेल सेक्शन में किया जा रहा विकास कार्य, कई ट्रेनें रहेंगी प्रभावित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची मुरी रेल सेक्शन में विकास कार्य के कारण ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। रांची रेल मंडल की ओर से इस संबध में जानकारी दी गयी है।

जिसमें बताया गया है कि रांची मुरी रेल सेक्शन के अंतर्गत किता गौतमधारा और मुरी रामगढ़ केंट सेक्शन माइल रामगढ़ केंट में विकास कार्य किया जा रहा है। इसके लिए पावर ब्लॉक लिया जा रहा है। जिसके कारण कुछ ट्रेनों का परिचालन प्रभावित किया गया है।

इसमें ट्रेन संख्या 13503 और 13504 वर्द्धमान हटिया वर्द्धमान मेमू एक्सप्रेस की यात्रा 18 मई और 20 मई को बोकारो स्टील सिटी स्टेशन पर आंशिक समापन तथा आंशिक प्रारम्भ होगा।

### विभागों में मिलेगा सेमेस्टर चार का एडमिट कार्ड

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय पीजी सत्र 2022-24 के सेमेस्टर चार की परीक्षायें 28 मई से निर्धारित हैं। रेगुलर पीजी विभागों के छात्र के प्रवेश पत्र( एडमिट कार्ड) ऑनलाइन डाउनलोड न हो कर उनके संबंधित विभागों में ही मिलेगा। 18 मई को विश्वविद्यालय के सभी 30 पीजी विभागों के विभागाध्यक्षों ने कुलपति प्रो. डॉ. अजीत कुमार सिन्हा से आग्रह किया है कि छात्रों को ऑनलाइन एडमिट कार्ड उपलब्ध कराने की बजाये उन्हें विभाग में बुला कर प्रवेश पत्र उपलब्ध कराया जाये, क्योंकि तय परीक्षा तिथियों के अनुसार छात्रों के शोध प्रबंध और प्रोजेक्ट विमर्श के लिये कम समय उपलब्ध है। ऐसे में विभाग में प्रवेश पत्र के लिये आने पर छात्रों को शोध प्रबंध तथा प्रोजेक्ट जैसे कार्यों पर उन्हें उचित मार्गदर्शन दिया जा सकेगा।

## संविधान बदलने की साजिश के खिलाफ एकजुट होने की जरूरत : बंधु तिर्की

### बनहोरा में रांची लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के समर्थन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पूर्व मंत्री एवं झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि सत्ता के मद में चूर होकर भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी न केवल संविधान बदलने की साजिश रच रहे हैं बल्कि यदि मोदी सरकार सत्ता में लौटी तो वह यूनिफॉर्म सिविल कोड को लागू करेगी जिससे आदिवासियों की परंपरागत संस्कृति, धर्म, जीवन पद्धति गहराई तक प्रभावित होगी। बंधु तिर्की शनिवार को बनहोरा मैदान में कांग्रेस के सक्रिय कार्यकताओं की एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। श्री तिर्की ने कहा कि इस बात को स्वयं राहुल गांधी ने स्वीकार किया है कि इंडिया गठबंधन की सरकार के सत्ता में आते ही न केवल सरना धर्म कोड को लागू किया जायेगा



बल्कि पांचवी अनुसूची, वन अधिकार कानून, पेसा कानून आदि मुद्दों पर निर्णायक कदम उठाये जायेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और उसके प्रमुख नेता एक तरफ लैंड जिहाद और लव जिहाद जैसी बातें करते हैं लेकिन झारखण्ड के ग्रामीण क्षेत्रों के साथ ही विशेष रूप से शहरी क्षेत्र में तेजी से बदलती हुई डेमोग्राफी की ओर किसी का भी ध्यान नहीं है। उन्होंने कहा कि यह एक खतरनाक स्थिति है। उन्होंने कहा कि यदि भाजपा और उसके नेता हिन्दू-मुस्लिम, पाकिस्तान और कब्रिस्तान की बात करने लगे तो यह इस बात का स्पष्ट संकेत है कि भाजपा की चुनाव पर कमजोर पकड़ हो रही है और कांग्रेस एवं इंडिया गठबंधन की स्थिति बहुत मजबूत है। इस स्थिति में हमलोगों का दायित्व बनता है कि झारखण्ड की सर्वाधिक महत्वपूर्ण सीट रांची से कांग्रेस की यशस्विनी सहाय को भारी मतों से विजयी बनाया जाये।

इस अवसर पर बैठक को संबोधित करते हुए हटिया विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रभारी अजय नाथ शाहदेव ने कहा कि राहुल गांधी जी ने पूरे देश की यात्रा कर लाखों लोगों से प्राप्त निष्कर्ष और उनकी आवश्यकता इच्छा आदि के अनुरूप कांग्रेस के घोषणा पत्र न्याय पत्र को तैयार किया है। उन्होंने कहा कि जिसकी जितनी हिस्सेदारी उसकी उतनी भागीदारी की मूलभूत भावना के तहत कांग्रेस काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आनेवाला लोकसभा चुनाव सभी के लिये परीक्षा की घड़ी है और यदि इस महत्वपूर्ण अवसर पर कोई चूक हुई तो इसका खामियाजा लंबे समय तक भुगतना पड़ेगा। बैठक का संचालन प्रकाश तिर्की ने किया।

बैठक में शिवा कच्छप, राजेश लिंडा, एल्विन लकड़ा, महरु, संजय तिर्की, सुनील गाड़ी, रवि प्रभाकर तिर्की, प्रवीण, राजेश तिर्की, मंटू तिर्की, प्रकाश तिर्की, वीरेंद्र बांडों, बंटी बांडों, अरविंद लकड़ा, मुंतज़िर खान, कंचन बांडों, मकु कच्छप, प्रकाश कुजूर, तुरिया तुर्की, सोनू लकड़ा, संजय लकड़ा आदि के साथ ही दहीसोत, बनहोरा, फुटकल टोली, सिमलिया, तिलता, कमडे, झिरी, सुंडील, टेंडर, चटकपुर, नीचे पंडरा, ऊपर पंडरा, मधुकम, हेसल, पंडरा मुस्लिम बस्ती, हेहल पहान टोली, बजारा, कुम्बा टोली, कठर टोली, सिमलिया नया टोली, पिपरटोली, मेट्रो गली, कठहर गोंदा आदि के सक्रिय कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने भाग लिया।

### मेफेयर अपार्टमेंट में भाजपा का जनसंपर्क सह मतदाता जागरूकता अभियान चला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश महिला मोर्चा की नेत्री सह सांसद प्रतिनिधि कुमुद झा के नेतृत्व में पूरे रांची लोकसभा में जनसम्पर्क किया जा रहा है। सांसद प्रत्याशी संजय सेठ की पत्नी नीता सेठ एवं बहु गार्गी सेठ के साथ साथ रवि मेहता, अंजू झा, नमिता झा, रीता राय, वीना, अनिता, विजया , शीतल गुप्ता सहित कई कार्यकर्ता भाग ले रहे हैं। इसी क्रम में मेफेयर अपार्टमेंट, हरि कृपा, दीनबंधु, कृष्णा अपार्टमेंट , हरमू में मैथिली मंच (मिथिला दलान) एवं विभिन्न जगहों पर इत्यादि क्षेत्रों में जनसम्पर्क करते हुए लोगों को 25 मई को भाजपा के पक्ष में वोट देने की अपील की गई। इस दौरान कहा गया कि अभियान में महिलाओं का अपार समर्थन मिल रहा है। सैकड़ों की संख्या में सुनने के लिए उपस्थित हो रहे हैं। महिलाएं रसोई तक जाती हैं और पहुंच कर भाजपा की विचारधारा से लोगों को अवगत करती हैं। मोदी जी ने जो महिलाओ के सशक्तिकरण के लिए कार्य किया है। उससे महिलाओं में उत्साह है।

### डोडा की तस्करी करने जा रहे पांच तस्करों को कोतवाली डीएसपी ने किया गिरफ्तार

रांची। डोडा तस्करी करने जा रहे पांच तस्करों को रांची पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने शनिवार को यह कार्रवाई की है। डीएसपी को सूचना मिली थी कि खूंटी से भारी मात्रा में डोडा तस्करी करने पांच तस्कर जा रहे हैं। जिसके बाद कोतवाली डीएसपी सुखदेवनगर थाना की पुलिस के साथ मिलकर कार्रवाई करते हुए दो तस्करों को पहले सुखदेवनगर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार हुए तस्करों ने पुलिस को बताया कि उसके अन्य साथी खूंटी से डोडा लेकर जा रहे हैं।

# स्टेशन से चोरी हुए बच्चे का ₹58 हजार में हुआ था सौदा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** रांची रेलवे स्टेशन से चोरी हुआ बच्चा ओड़िशा के कटक से बरामद हुआ है। 12 मई की सुबह रांची रेलवे स्टेशन से बच्चा चोरों ने नौ महीने के शुभम कुमार को ले भागा था। इस मामले में रांची पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए राधा साहू, अमित पाल, टिक्की, नुदरत जहां और सुहाना बेगम को गिरफ्तार किया है। ये लोग सभी कटक और पूरी के रहने वाले हैं। गिरफ्तार आरोपियों ने स्वीकार किया है कि नुदरत जहां के कहने पर महिला राधा साहू, अमित सनातन पाल और टिक्की ने मिलकर बच्चे की चोरी पैसे के लालच में की थी और बच्चे को 58 हजार रुपये में बेच दिया था। फिर नुदरत जहां ने उक्त बच्चे को सुहाना बेगम को बेच दी थी। चूंकि सुहाना बेगम और उसकी भाभी को कोई औलाद नहीं थी, जिस कारण उनके द्वारा बच्चे को 13 मई को खरीदा गया। यह जानकारी शनिवार को रांची एसएसपी चंदन सिन्हा ने पत्रकारों को दी है।

## बड़कागांव पुलिस पर यथाशीघ्र कार्रवाई की मांग

# बड़कागांव में भाजपा कार्यकर्ता पर हमला कांग्रेस-जेएमएम जिम्मेवार : आदित्य साहू

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ने बड़कागांव में भाजपा कार्यकर्ता पर हुए हमले के लिए कांग्रेस और जेएमएम को ज़िम्मेवार बताया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जेएमएम की तुष्टिकरण की राजनीति के कारण एक खास तबके का मन बढ़ गया है। प्रदेश में बहुसंख्यक समाज पर हमला करने से एक खास तबका जरा भी कतराता नहीं है। इसका मुख्य कारण है एक तरफा कार्रवाई। उन्होंने कहा कि बड़कागाँव मामले में भी भाजपा कार्यकर्ता पर हमला मनबढ़ू होने का ही प्रमाण है। उन्होंने कहा कि बड़कागाँव में भाजपा की मोटरसाइकिल रैली शांतिपूर्वक हो रही थी इस क्रम में रैली के सबसे अंतिम पंक्ति में शामिल भाजपा के कार्यकर्ता को जिस प्रकार से रोककर पीटा गया है वह तुष्टिकरण की राजनीति का हमला है। उन्होंने कहा कि तुष्टिकरण की राजनीति के कारण मन बढ़ा हुआ है यही कारण है कि भारत में पाकिस्तान ज़िंदाबाद का नारा लगता रहा है। वोट बैंक की राजनीति से कांग्रेस जेएमएम ने कानून की धज्जियाँ उड़ा रखा है।

श्री साहू ने बड़कागाँव पुलिस पर भी जमकर हमला बोला और कहा कि ऐसे घटना में पुलिस को अतिशीघ्र कार्रवाई करनी चाहिए किंतु पुलिस ने आरोपियों की गिरफ़्तारी के बजाए भाजपा के ही एक अन्य कार्यकर्ता को गिरफ़्तार कर लिया। इससे स्पष्ट है कि पुलिस सत्ता के इसारे पर नांच रही है। उन्होंने कहा कि मामले में उचित कार्रवाई नहीं हुई तो भाजपा मामले में चुनाव आयोग को भी शिकायत करेगी। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी बड़कागांव में ऐसे कई मामले सामने आते रहे हैं जिनमें एकतरफा कार्रवाई हुई है।

## खबर एक नजर में

### भाजपा नेता गौरव भाटिया आज आयेंगे रांची

**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया आज रांची आएंगे। श्री भाटिया रांची के सहजानंद चौक स्थित स्वागतम मैरिज हॉल में शाम 5 :00 से आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन में शामिल होंगे।

### डाक विभाग ने कर्मियों से वोट की अपील की

**रांची।** निदेशक डाक सेवा, पंकज कुमार मिश्रा ने डाक विभाग के सभी कर्मियों और लोगों से 25 मई को रांची में मतदान करने की अपील की है। वयस्क नागरिक होने के नाते जिम्मेदारी है कि इस मतदान में हम भाग लें और वोट दें। निदेशक ने कहा कि संविधान के तहत अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें।

### नगर निगम में 179 लोगों ने किया रक्तदान

**रांची।** रांची नगर निगम में लगे दो दिनी शिविर में निगम प्रशासक समेत कुल 179 लोगों ने रक्तदान किया। पहले दिन 52 व शनिवार को 127 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। इसमें सदर अस्पताल के ब्लड बैंक की अहम भागीदारी रही। एकत्र रक्त को सदर अस्पताल ब्लड बैंक को सौंप दिया गया। प्रशासक अमित कुमार ने सभी को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। आयोजन निगम के सहायक लोक स्वास्थ्य पदाधिकारी डॉ आनंद शेखर झा की अध्यक्षता में हुआ।

### झारखंड हाई कोर्ट में कल से सात जून तक छुट्टी, 12 दिन वेकेशन कोर्ट में होगी सुनवाई

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में 20 मई से 7 जून तक यानी कुल 20 दिनों का समर वेकेशन है। हालांकि इस दौरान करीब 12 दिन सिर्फ महत्वपूर्ण मामलों की सुनवाई की जायेगी। समर वेकेशन के दौरान तीन फेज में हाईकोर्ट में सुनवाई होगी। वेकेशन कोर्ट में पहले सप्ताह 21 मई से 24 मई तक सिंगल बेंच और डबल बेंच बेहद जरूरी सिविल और क्रिमिनल मामलों की सुनवाई करेगी। इसके बाद दूसरे सप्ताह में यानी 28 मई से 31 मई तक सिंगल बेंच और डबल बेंच में बेहद जरूरी सिविल और क्रिमिनल मामलों की सुनवाई होगी। वहीं अंतिम सप्ताह यानी 4 जून से 7 जून तक मुकदमों की सुनवाई की जायेगी।

### कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने कैंब्रिज स्कूल का किया भ्रमण, मांगा समर्थन



**रांची।** कैंब्रिज स्कूल, टाटीसिलवे में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय और कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने जनसंपर्क अभियान के दौरान समर्थन मांगा। इस मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री सहाय ने कहा कि भाजपा की जनविरोधी नीतियों के कारण जनता परेशान है। इस बार भाजपा को हटाना है व देश और राज्य को बचाना है। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दीपक लाल, कैंब्रिज स्कूल की अध्यक्ष जानकी देवी, डायरेक्टर नवनीत सिंह, जय सिंह, अशोक सिंह, रीता सिंह, बेबी सिंह, रणधीर सिंह, अंकित सिंह मौजूद थे।

### धर्म और जात के नाम पर वोट करना और करना लोकतंत्र के लिए खतरा : अब्दुल्लाह अजहर

**रांची।** देश में धर्म और जात के बुनियाद पर वोट करना और करना लोकतंत्र के लिए खतरा है। ऐसे में मुसलमान जाएं तो कहां जाएं। इलेक्शन कमीशन को इस पर गौर करना चाहिए और राजनीतिक दलों को सख्त वार्निंग देना चाहिए। लोकतंत्र की खूबसूरती के लिए अल्पसंख्यकों का राजनीतिक प्रतिनिधित्व जरूरी है। ये बातें मुस्लिम मजलिस उलेमा झारखंड के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुफ्ती अब्दुल्ला अजहर कासमी ने कही। शनिवार को एक प्रेस बयान जारी कर कहा कि 2006 की सच्चर कमेटी रिपोर्ट ने बताया कि भारत में मुसलमान शैक्षणिक, आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक एतबार से दलित समाज से भी पीछे हैं। राजनीतिक दलों ने मुसलमान को वोट बैंक के तौर पर इस्तेमाल किया और उनके समस्याओं से कोई दिलचस्पी नहीं रखा।

# झारखंड से इंडी गठबंधन की सरकार को उखाड़ फेंकने का समय नजदीक : संजय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** स्थानीय सांसद संजय सेठ ने शनिवार को गोंदा मंडल, कांटा टोली, के विभिन्न क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया। वहीं, दादुर बगान चौक में महिला सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल हुए और कहा कि आज भारत विकसित भारत के श्रेणी में खड़ा है। आज का भारत आत्मनिर्भर है। आज का भारत हाथ फैलाने वाला नहीं बल्कि दूसरों को देने वाला भारत है। आज भारत सैन्य शक्ति में दूसरे देशों के मुकाबले में हम उनसे पीछे नहीं हैं। आज का भारत आंख में आंख डालकर बात करने वाला है। आज भारत खुद हथियार का निर्माण कर रहा है। यही नहीं अब दूसरे देश भी हमसे हथियार खरीद रहे हैं। लड़ाकू विमान तेजस हम खुद अपने देश में बना रहे हैं और दूसरे देश आज हमारे बने हुए फाइटर प्लेन ले रहे हैं। यह है विकसित भारत की ताकत। आज भारत में सबसे ज्यादा मोबाइल मैन्युफैक्चर हो रहा है।

सेठ ने कहा कि आज झारखंड सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। मुख्यमंत्री से लेकर अधिकारी भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में बंद हैं। इस भ्रष्टाचारी सरकार को उखाड़ फेंकने का समय आ गया है। मौके पर विकास कुमार रवि, रामेंद्र कुमार, विश्वास कुमार, जगलाल पाहन, माया सिंह सिसोदिया, नकुल तिर्की, राम लगन राम कुंदन सिंह, जितेंद्र सिंह, नीरज नायक, राजू रजक ,विनोद सिंह, गीता देवी, राजेंद्र नायक, प्रदीप लकड़ा, प्रदीप रवि, गौतम घोष, प्रदीप दत्त, संदीप घोष आदि थे।

# कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में राजद कांग्रेस और जेएमएम ने की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची**। महागठबंधन की प्रत्याशी सुश्री यशवसनी सहाय के समर्थन में शनिवार को चुटिया स्थित राजद के प्रदेश महासचिव मनोज कुमार पांडेय के आवासीय कार्यालय में राजद, कांग्रेस एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के स्थानीय प्रमुख साथियों की बैठक हुई। बैठक में कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के समर्थन में जनसंपर्क अभियान एवं जगह जगह पर नुक्कड़ सभा का आयोजन रविवार से करने का निर्णय लिया गया।

वक्ताओं ने कहा कि देश के संविधान को बचाना है, तो कांग्रेस प्रत्याशी को जीताना होगा। भाजपा के पास हिंदू, मुसलमान, मंदिर, मस्जिद के सिवाय कोई मुद्दा नहीं है। नेताओं ने महागठबंधन को उम्मीदवार के पक्ष में मत देने की अपील लोगों से किया।

# भाजपा ने इरफान अंसारी को गिरफ्तार करने की मांग की

**रांची।** भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल विधि प्रकोष्ठ के संयोजक सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में चुनाव आयोग पहुंच कर जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। सुधीर श्रीवास्तव ने कहा कि इरफान अंसारी ने एक्स अकाउंट पर पोस्ट किया है कि नकली राम भक्तों ने मेरे असली राम को जेल में बंद कर दिया। ऐसा बयान पोस्ट करना आचार संहिता का उल्लंघन है। इससे सनातन धर्म मानने वालों को आघात पहुंचा है। चुनाव आयोग इरफान को गिरफ्तार करने का आदेश दे।

# जादूगर जे कुमार संग सेल्फी लेने की होड़

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** राजधानी के कचहरी रोड स्थित अटल स्मृति वेंडर मार्केट के रॉयल हाइट बैंक्वेट हॉल में भीड़ के साथ अपना हैरतअंगेज जादू शो का प्रदर्शन कर रहे तिलिस्मी दुनिया के बेताज बादशाह सुपर स्टार जादूगर जे कुमार इन दिनों सोशल मीडिया में भी छाए हुए हैं। दो घंटे के रहस्य रोमांच कॉमेडी भरे शो में सुंदर लड़कियों के नयनाभिराम डांस का तड़का भी खूब तालियां बटोर रहा है। जादूगर जे कुमार का जादुई हेलिकॉप्टर से मंच पर आना और एक से बढ़ कर एक हैरतअंगेज विश्व स्तरीय जादू दिखाना रांची में खूब पसंद किया जा रहा है। जापान सहित विश्व रंगमंच पर 12 हजार से ज्यादा शो प्रस्तुत कर चुके जादूगर जे कुमार संग सेल्फी लेने की होड़ लग जाती है। जादूगर जे कुमार भी अपने फैन्स की चाहत का पूरा सम्मान करते हुए मंच पर बारी बारी से दर्शकों से मिलते हैं और फोटो खिंचवाने के साथ साथ सबसे बाते भी करते हैं। शो के पीआरओ मदन भारती ने बताया कि यहां रोजाना दो शो शाम 4 बजे और संध्या 7 बजे से शुरू होता है। शनिवार और रविवार को तीन शो 1 बजे 4 बजे और 7 बजे से होते हैं और शो का टिकट हॉल पर बने टिकट काउन्टर पर उपलब्ध है और ऑनलाइन टिकट भी लिया जा सकता है।

# गीला कचरा व उपयोगकर्ता शुल्क देने वाले 16 प्रतिष्ठानों को मिली फाइव स्टार रेटिंग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची**। सूखा-गीला कचरा अलग-अलग देने व उपयोगकर्ता शुल्क देने वाले 16 प्रतिष्ठानों को शनिवार को सम्मानित किया गया। अपर प्रशासक सौरभ प्रसाद ने इन्हें फाइव स्टार रेटिंग दी। मौके पर अपर प्रशासक ने कहा कि झिरी बायो गैस संयंत्र के लिए हर दिन अपशिष्ट पदार्थ जुटाने के लिए 410 प्रतिष्ठानों का चयन किया गया था। यहां से सूखा-गीला कचरा अलग से लेने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में सहायक प्रशासक निहारिका तिर्की, नगर प्रबंधक थे।

**इन्हें मिली फाइव स्टार रेटिंग :** बीएन आर होटल, एवीएन प्लाजा, ग्रीन होराइजन होटल, मॉल ऑफ रांची, होटल जेड स्कवायर, गणपति गर्ल्स हॉस्टल, केसी राय मेमोरियल हॉस्पिटल, ओएक रेस्तरां, गिन्नी प्लाजा एन्कलेव, माउंटेन ड्यू होटल, एस्ट्रो ग्रीन अपार्टमेंट, गोविंद टावर, हिलव्यू अस्पताल, सूर्य दुर्गा अपार्टमेंट को 5 स्टार रेटिंग मिली।






# महंगाई पर रोना आपकी मूर्खता है

**समय संवाद**

अब इस देश में स्टैण्डप कॉमेडियन क्यों अप्रासंगिक हो रहे हैं, इस बात का जवाब भी मिल गया है। उनके इस बयान के बाद हास्य कलाकार ने अपना बोरिया-बिस्तर यह कहते हुए समेट लिया कि अब भला मेरा यहां काम ही क्या रह गया है? लोगों को हंसाने का सारा दारोमदार राजनीति ने अपने ऊपर ले लिया है। नतीजतन कॉमेडियन को स्टार्टअप की तलाश में भटकना पड़ रहा है। अब तो बच्चे भी टीवी पर नेताओं को देख हसने लगे हैं। शायद उन्हें उनमें टॉम एंड जैरी, मोटू-पतलू या डोरेमॉन का कोई किरदार नजर आ जाता हो।

**सौरभ जैन**

मैं पहली पंक्ति में बता दूं कि दस साल के रिकार्ड महंगाई से प्रभावित होकर मैं यह लेख नहीं लिख रहा हूं।

आज जब मैंने उन्हें सुना तो स्वयं की बुद्धि और शिक्षा पर बड़ा गुस्सा आया, यूं तो हर दिन ही नेता बिरादरी के लोग कुछ न कुछ बोलते ही रहते हैं, लेकिन इनका बोलना बाकियों के बोलने से भिन्न था। इनकी माने तो हमें आजादी 99 बरस की लीज पर मिली है। यह कितनी नई बात बताई गई, जिससे इतिहासकार भी अनजान थे। हमने कभी ऐसा नहीं सुना, पढ़ने का तो सवाल ही नहीं उठता। हम यहां आजादी का अमृत महोत्सव मनाने में लगे हुए हैं और अब जाकर पता चल रहा है कि 25 बरस बाद आजादी की वैलिडिटी उनके कहें अनुसार खत्म होने वाली है! उन्हें सुन यह सिद्ध हो गया कि इतिहास से जुड़े झूठ को इतने आत्मविश्वास के साथ बोला जाए तो वह सच लगने लगता है।



अब इस देश में स्टैण्डप कॉमेडियन क्यों अप्रासंगिक हो रहे हैं, इस बात का जवाब भी मिल गया है। उनके इस बयान के बाद हास्य कलाकार ने अपना बोरिया-बिस्तर यह कहते हुए समेट लिया कि अब भला मेरा यहां काम ही क्या रह गया है? लोगों को हंसाने का सारा दारोमदार राजनीति ने अपने ऊपर ले लिया है। नतीजतन कॉमेडियन को स्टार्टअप की तलाश में भटकना पड़ रहा है। अब तो बच्चे भी टीवी पर नेताओं को देख हसने लगे हैं। शायद उन्हें उनमें टॉम एंड जैरी, मोटू-पतलू या डोरेमॉन का कोई किरदार नजर आ जाता हो।

पिछले छह-सात बरस में पार्टी प्रवक्ताओं ने जो मुकाम हासिल किया है वह अतुलनीय है। उन्हें सुनने पर उनके तर्क और तथ्य के आगे वाह किए बिना नहीं रहा जा सकता, यह बात अलग है कि आह निकल रही होती है। क्या सच, क्या झूठ, इसका अंतर ही समाप्त करके रख दिया है। बेचारी अभागी जनता एक दफे तो न्यूज एंकर और पार्टी प्रवक्ता में कन्फ्यूज हो रही होती है कि दोनों में असली प्रवक्ता कौन है। इस दौर में जब इतिहास के किसी ऐसे सच से पर्दा उठता है तो महंगाई के उत्सव में हंसी के फव्वारे छूट पड़ते हैं। महंगाई का तनाव कम करने के लिए ऐसे बयान बहुत जरूरी हैं।

वैसे उन्होंने यह तो बताया कि आजादी 99 साल की लीज पर मिली है, लेकिन यह बताना तो भूल ही गई कि इसे आगे बढ़वाने के लिए हमें क्या करना होगा? इधर पेट्रोल पम्प पर पेट्रोल भरवाते समय हर दिन मशीन में जीरो के बजाय मूल्य को पहले देखने वाला आम आदमी इस दुविधा में है कि महंगाई से लड़ने में ही उसके प्राण निकले जा रहे हैं, ऐसे में 25 बरस बाद आजादी की लड़ाई के लिए भी तैयार होना होगा, यह उसे अभी से चिंता में डाले देता है। अब तक तो सिर्फ यही कहा जाता था कि गलत इतिहास पढ़ाया गया है, किसे पढ़ाया गया है, अब यह भी समझ आ रहा है। यदि एनसीबी वाकई अपना काम ठीक से करती तो कम से कम इस तरह के बयान तो नहीं आते।

महंगाई को आप वैसे क्रांति से जोड़ सकते हैं जिसमें शासकों ने कहा था देश तुम्हें देता है सबकुछ तुम भी तो कुछ देना सीखों। हम ठहरे गुलाम ले-ले कर इतना आदी हो गये कि हम समझ ही नहीं पाते कि देना हमारे स्वभाव में है नहीं। कई दर्जन लोग कहते हैं यह महंगाई विकास के लिये है अगर आप इसके शिकंजे से जिंदा बच गये तो आपके लिये एक शानदार भारत होगा, सभी सुविधा से युक्त धनपतियों से भरा खुश होने के लिये। महंगाई का मतलब देश की तेज तरक्की भी है भाई इसे धीरे से बोलियेगा।

# संसार में किसी के पास अनंत समय नहीं

**-स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



**समय** से हटकर कोई निर्णय नहीं हो सकता है। सब कुछ समयबद्ध होता है। संसार में किसी के पास अनंत समय नहीं है। भक्ति के लिए भी समय निकालना होता है। भक्ति सदैव सुख प्रदान करती है और हर व्यक्ति की चाह सुख पाने की होती है। सवाल निष्ठा का है। आपकी निष्ठा जितनी मन,तन कर्म, वचन से मजबूत होगी आपको उतना ही आनंद प्राप्त होगा। अहिरावण ने जब राम लक्ष्मण का अपहरण कर लिया तो हनुमान को छोड़ सभी निराश थे। लेकिन हनुमान की निष्ठा थी उन्होंने अहिरावण से राम-लक्ष्मण को मुक्त कराया। जिसकी चाह होती है जो चाह होती है वही उसे प्राप्त होता है। भक्तों में हनुमान श्रेष्ठ हुये। प्रेम में राधा की तुलना किसी से हो ही नहीं सकती है।

राधा ने पत्नी बनने की चाह नहीं की, रानी बनने की चाह नहीं कि कृष्ण के लिए सब कुछ छोड़ा, यहां तक की कृष्ण को भी छोड़ दिया उन्हें द्वारिका जाने दिया। राधा संग गोपियां वृदांवन में ही रह गयी। दुनिया में आगे और पीछे का आदमी हर क्षेत्र में है। आगे वाले से श्रद्धा और पीछे वाले से प्रेम करना सीखो। नीति कहती है जो चाह रहा है उसे ही दें। भक्ति में धर्य की आवश्यकता है।

***जाउं कहां तजि शरण तुम्हारे। जैसे कर्त्ता धर बसै, वैसे बसे विदेश।***

जिसे करना है उसके लिए घर और बाहर कुछ नहीं होता। कोई समस्या समस्या नहीं रह जाती है। भक्ति के लिए कई जन्मों तक प्रयास किये जाते हैं तब मिलती है। भक्त धर्य नहीं खोता है। मृत्यु अगर भयकारी है तो उसके पहले और बाद जीव बैचेन रहता है। लेकिन भक्ति पाने की चाह में मृत्यु के भय से भी उबर जाता है। संसार में किसी चीज की कमी नहीं है आवश्कयता है कि हमें क्या चाहिए यह तय करें। राधा ने परिवार और भक्ति का अनूठा कृत्य प्रस्तुत किया। धर्य क्यों आवश्यक है इस पर उन्होंने कहा कि एक बार दो भक्तों ने समाधि लगाने की सोची। एक इमली के पेड़ के नीचे तो दूसरा पीपल के पेड़ के नीचे बैठा। इसी बीच नारद मुनि उस ओर से गुजरे। भक्तों ने जानना चाहा कि उनकी समाधि कितने में लग जाएगी। नारद ने कहा पीपल के नीच वाले भक्त से कहा कि जितना इस पीपल में पत्ता है उतने दिन लगेंगे। वह डर गया और उठकर घर भागा। दूसरे को नारद ने यही जबाव दिया उसने कहा चलो यह तो तय है कि मिलेगा चाहे समय कितना भी लगे। समय बीतने पर उसे सफलता हासिल हो गयी।

वर्तमान समय में धर्य की कमी पर स्वामी जी ने कहा कि लेन में चलें। लेकिन कुछ लोग अकबकाये से चलते हैं और सड़क के बजाये खेत में पहुंच जाते हैं। जो नियम है वह जीवन में व्यवहार जगत और भक्ति जगत दोनों पर लागू होता है। जैसे छपरा से चलकर स्वामी परमहंस दयाल ने जो टेरी में भक्ति फैलाया वह आज फिर से छपरा में स्थापित हुआ। इसमें समय लगा। अध्यात्म और भक्ति में निरंतरता बनाये रखना होता है। भक्ति अपनी होती है अपना भाव बनायें। भक्ति को समझने और उसे जानने के लिये गुरु की नितांत आवश्यकता होती है। श्री राम हो या श्री कृष्ण सभी ने गुरु की आज्ञा को सब कुछ मानकर कार्य किया जिसके कारण उनका धर्म एक निष्ठ रहा कर्म सर्वोत्तम रहा।

जीवन में जो कुछ घट रहा है वह आपके प्रारब्ध में ही है। वह होनी है जो प्रबल है। प्रकृतिबद्ध है और इसे बदलने का कोई नियम नहीं है। प्रकृति के नियम को बदला नहीं जाना चाहिए।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम छोटका राजपुर बक्सर )

# वैश्विक संस्कृति से कुछ अनुकरणीय तथ्य

**डॉ के संजय**

माइकल गोव का कहना है - किसी विदेशी भाषा को सीखना या विदेशी संस्कृति को समझना हमारे दृष्टिकोण को व्यापक करता है और हमें बेहतर इंसान बनाता है.

हर देश की संस्कृति में अच्छी और खास बातें होती हैं। आज हम पांच देशों की संस्कृति से जुड़ी कुछ खास बातों का जिक्र करने जा रहे हैं। ये आदतें अनुकरणीय हैं और हम भारतीयों के लिए जरूरी भी।

* जापानी सफाई प्रिय होते हैं। खासकर वॉशरूम को साफ रखना उनकी टॉप प्रायरिटी होती है। बच्चों को बचपन से ही घर, स्कूल, अड़ोस-पड़ोस को साफ रखना सिखाया जाता है। बच्चे ही स्कूल का पूरा कैंपस साफ करते हैं, साथ ही वॉशरूम भी। जापानियों का मानना है कि वॉशरूम साफ करने से खुशहाली और सुख-समृद्धि आती है। वहां हर नागरिक सफाई के प्रति कटिबद्ध है। हमारे देश में लोग अपने ड्राइंग रूम को तो साफ रखते हैं, लेकिन अपने वॉशरूम पर उतना ध्यान नहीं देते। बहुत जरूरी है हम अपने वॉशरूम को चमका कर रखें और अपने आस-पड़ोस को भी साफ सुथरा रखने के लिए प्रयत्नशील रहें।

* रूस में लोग किसी के यहां भी जाते हैं, तो बिना गिफ्ट के नहीं जाते। खाली हाथ जाना अशिष्टता मानी जाती है। हमारे देश में पहले लोग फल-मिठाई वगैरह लेकर ही कहीं जाते थे। अब यह प्रथा काफी कम हो गई है, लेकिन हमें इसे कंटीन्यू रखना चाहिए। फल-फूल, उपहार रिश्तों को बेहतर बनाते हैं और यह अच्छा शिष्टाचार है। हमें इसे मेंटेन करना चाहिए।

* फ्रांस में ओपन डिस्कशन का रिवाज है। लोग किसी भी विषय पर खुलकर बात करते हैं , अपना विचार रखते हैं। असहमत होने पर भी, वे अपनी आवाज ऊंची नहीं करते और न अपने विचारों को थोपते हैं। वह इसे अपना ज्ञान बढ़ाने का माध्यम मानते हैं। वे हर विचार का स्वागत करते हैं , भले ही वह उनकी सोच के विपरीत हो। हमारे यहां खुली बहस और बात करने का रिवाज नहीं है। लोग बात काटने पर नाराज हो जाते हैं, कई बार तो संबंध तोड़ लेते हैं। हमारे यहां भी हेल्दी डिस्कशन की परंपरा आनी चाहिए

* इंग्लैंड में लोग बात-बात पर माफी मांगते हैं, सॉरी बोलते हैं। दरवाजा खोलने में 1 मिनट देर हो जाए तो सॉरी बोलेंगे। कुर्सी-टेबल से आवाज आ जाए, कोई किसी को टच कर दे, किसी का कुछ गिर जाए, अपनी गलती न भी हो, तब भी सॉरी बोलते हैं। वहां शिष्टाचार पर बहुत बल दिया जाता है। बच्चों को शुरू से ही सारे शिष्टाचार सिखाये जाते हैं।



* चीन के लोग अपने काम को सबसे ज्यादा महत्व देते हैं। उनकी व्यक्तिगत जिंदगी में चाहे कितने भी प्रॉब्लम्स हों, उसका प्रभाव अपने काम पर नहीं पड़ने देते। उनको इस बात से बहुत संतोष मिलता है कि उन्होंने अपना काम पूरे परफेक्शन के साथ किया है। बच्चों को शुरू से ही इस बात की ट्रेनिंग दी जाती है कि उन्हें अपनी पढ़ाई में या हर काम में हंड्रेड परसेंट देना है। किसी बच्चे का 10 में 8 या 9 मार्क्स आ जाए, तो उसके लिए यह गर्व की बात नहीं होती। वह 10 में 10 की उम्मीद रखता है। उनकी यही आदत जिंदगी भर कायम रह जाती है। काम में लापरवाही को लेकर अगर बॉस किसी कर्मचारी को अपने ऑफिस में बुला ले, तो यह उसके लिए बहुत अपमानजनक जनक बात होती है।

मूल मंत्र : जापान से सफाई खासकर वॉशरूम की सफाई, रूस से मेहमाननवाजी, फ्रांस से ओपन डिस्कशन, इंग्लैंड से शिष्टाचार और चीन से हार्डवर्क और डेडीकेशन - यह सभी हमें सीखने की जरूरत है। सही आदमी वही है जो नया सीखने के लिए हमेशा तैयार रहता है, अपने में सकारात्मक बदलाव लाता है।

(लेखक निदेशक स्पेनिन और उसुर्लाइन स्टडी सेंटर हैं।)

# वैश्विक संकट, मानवता की रक्षा और भारत की भूमिका



**सुनीता सिंह**

**पूरी** दुनिया में मानव अधिकार पर भाषण देनेवाला अमेरिका जो शांति और मानवता के नाम पर युद्ध में हथियारों की सप्लाई करता है ,जैसा अभी यूक्रेन में कर रहा है और इससे पहले हर जगह करता रहा है। उसकी नीति है कि वह पहले अशांति पैदा करता है और फिर शांति स्थापित करने के लिए हथियार बेचता है ।ताकि उसका हथियार का कारोबार चलता रहे,फलता-फूलता रहे।

वहीं अगर हम चीन की बात करें तो वह दूसरे देशों को

कर्ज के जाल में फंसा कर उन्हें फांसने व निगलने की कोशिश करता है ,जैसाकि श्रीलंका ,नेपाल और पाकिस्तान में कर रहा है।

संकट के इस कठिन दौर में भारत दुनिया में मानवीय चेहरा लेकर सामने आया और इस मुश्किल समय में दुनिया के साथ खड़ा है, बिना किसी स्वार्थ के।

और पिछले कुछ वर्षों में भारत ने पूरी दुनिया में यह करके दिखाया भी है और ऐसा करनेवाला भारत अकेला देश है ।

**ऐसे कठिन समय में**

बड़े-बड़े देश अपनी जिम्मेदारी से भाग गए और इन देशों ने वैक्सीन की जमाखोरी करना शुरू कर दिया था।

कनाडा ने अपने हर एक नागरिक के लिए वैक्सीन की 9 डोज खरीद कर अपने यहाँ रख ली ।

इसी तरह ब्रिटेन ने भी वैक्सिन की जमाखोरी की कि वह अपने हर नागरिक को पांच डोज दे सकें। यूरोपीय यूनियन में शामिल कुल देशों की कुल आबादी 37 करोड़ है ,उसने भी 37 करोड़ लोगों के लिए वैक्सीन की एक सौ साठ करोड़ डोज खरीद कर जमाखोरी कर ली ।

जबकि समानता और मानवता की बात करने वाली अमेरिका ने भी 18 साल के ऊपर की आबादी के लिए 3 गुना ज्यादा वैक्सिन को अपने यहां स्टोर करके रख लिया था।

इनमें से किसी भी देश ने मानवीयता के नाते पूरी दुनिया के गरीब देशों ,विकाशील देशों के बारे में एक बार भी नहीं सोचा ।जबकि सैकड़ों लाखो लोग कोविड जैसे महामारी के शिकार हो रहे थे। और ये वैसे देश है जो मानवता पर सबसे ज्यादा लेक्चर देते हैं और जो बार-बार मानवाधिकारों की बात करते थकते नहीं हैं। जो अपने आप को लोकतंत्र का चैंपियन बताते हैं ।और इस भयानक दौर में सब के सब मतलबी और स्वार्थी बन गए थे।लेकिन भारत ने ऐसे मतलबी देशों को सिखाया कि मानवीयता क्या होती है?



भारत ने वैक्सिन मैत्री के तहत दुनिया के 98 देशों को वैक्सिन की 17.50 करोड़ डोज भेजी। इन देशों में कमजोर व गरीब देश जैसे मोरक्को,बारबाडोस,डोमिनिका, कांगों, नाइजीरिया और भूटान जैसे छोटे बड़े देशों की मदद की,जो शायद खुद वैक्सिन खरीद भी नहीं सकते थे ।यहाँ तक कि चीन को भी भारत ने मदद की ।

चीन ने भी कुछ देशों को वैक्सिन भेजी थी ।मध्य अमेरिका का एक देश जिसे वैक्सीन देने के लिए यह शर्त रखी कि वे वियतनाम से अपना संबंध तोड़ ले ।ऐसे आपदा की घड़ी में मौके का फायदा उठाने में अमेरिका और चीन ने खूब कोशिश की।

इस समय भारत किसी भी देश के मुकाबले पूरी दुनिया का सबसे ज्यादा मदद कर रहा है और भारत पूरी दुनिया को अनाज और दवाइयां दे रहा है। कोरोना

की वैक्सीन दे रहा है और भारत इन देशो में तथा पूरी दुनिया में चमक रहा है।

कोरोना काल हो या उसके बाद का समय ,अब जबकि पूरी दुनिया अनाज संकट का सामना कर रही है तो ऐसी स्थिति में दूसरा कोई भी देश मदद को सामने नहीं आ रहा है।

दुनिया में गेहूं का निर्यात करने वाला सबसे बड़ा देश रसिया है । लेकिन संकट के समय दुनिया के देशों को मदद करने के लिए न तो रसिया और न ही अन्य कोई देश सामने आया ।बल्कि भारत सामने आया ,जो अब तक अपने पैदावार का 1% से भी कम गेहूं दूसरे देशों को निर्यात करता है ।इससे पता चलता है कि संकट काल में भारत कैसे मानवता की रक्षा के लिए सामने आया और वह भी बिना किसी स्वार्थ के।

भारत हर साल 10 करोड़ 70 लाख मैट्रिक टन गेहूं का पैदावार करता है और 70 लाख मेट्रिक टन गेहूं दुनिया को देने के लिए तैयार हैं ।इथोपिया, इजिप्ट वियतनाम ,टर्की ,नाइजीरिया, यमन ,सीरिया ,अफगानिस्तान जैसे देश भारत से अनाज आयात करने पर विचार कर रहा है। गेहूं पैदावार में भारत चीन के बाद दूसरा सबसे बड़ा देश है आज जब पूरी दुनिया अनाज संकट से जूझ रही है तो ऐसी स्थिति में रसिया जैसा देश सामने नहीं आ कर भारत जैसा देश सामने आया है जो अब तक अपने उपज का मात्र 1% ही निर्यात करता था। जबकि रसिया गेहूं का निर्यात करने वाला सबसे बड़ा देश है। लेकिन मदद का काम भारत रहा है । इससे पता चलता है कि संकटकाल में भारत कैसे एक विश्व गुरु बन कर उभरा है।

# योग से निरोगी काया, सबल मन

**स्वामी मुक्तरथ**

योग एक कला है जो हमारे शरीर, मन और आत्मा को एक साथ जोड़ता है और हमें मजबूत और शांतिपूर्ण बनाता है। योग आवश्यक है क्योंकि यह हमें फिट रखता है, 22 जून आज से ठीक एक माह बाद वैश्विक योग दिवस है जिसे पूरा विश्व मनायेगा।

आंतरिक शांति - योग आंतरिक शांति प्राप्त करने और तनाव तथा अन्य समस्याओं के खिलाफ लड़ाई में मदद करता है। योग एक व्यक्ति में शांति के स्तर को बढ़ाता है और उसके आत्मविश्वास को और अधिक बढ़ाने तथा उसे खुश रहने में मदद करता है।

स्वास्थ्य - एक स्वस्थ व्यक्ति एक अस्वस्थ व्यक्ति की तुलना में अधिक काम कर सकता है। आजकल जीवन बहुत तनावपूर्ण है और हमारे आसपास बहुत प्रदूषण है। यह कई स्वास्थ्य समस्याओं का कारण है। सिर्फ 10-20 मिनट का योग हर दिन आपके स्वास्थ्य को अच्छा रहने में मदद कर सकता है। बेहतर स्वास्थ्य का मतलब बेहतर जीवन है।

सक्रियता - आजकल लोग आलसी, थके हुए या नींद की कमी महसूस करते हैं जिसके कारण वे अपने जीवन में अधिकतर मौज-मस्ती से चूक जाते हैं और अपने काम को सही ढंग से पूरा करने में सक्षम नहीं हैं। सक्रियता होने के नाते आप अपने आसपास होने वाली चीजों के बारे में अधिक जागरूक रहते हैं और अपने काम को अधिक कुशलतापूर्वक और जल्दी से पूरा कर पाते हैं यह सब करने का एक तरीका नियमित रूप से योग का अभ्यास करना है।

लचीलापन - लोग आजकल कई प्रकार के दर्द से ग्रस्त हैं। वे पैर की उंगलियों को छूने या नीचे की ओर झुकने के दौरान कठिनाइयों का सामना करते हैं। योग का नियमित अभ्यास इन सभी प्रकार के दर्द से राहत में मदद करता है। योग करने से इन सभी चीजों का प्रभाव कुछ दिनों में कम होता देखा जा सकता है।

रक्त प्रवाह बढ़ाएं - योग आपके दिल को स्वस्थ बनाने में मदद करता है और यह आपके शरीर और नसों में रक्त के प्रवाह को बढ़ाकर अधिक कुशलता से काम करता है। यह आपके शरीर को ऑक्सीजन युक्त रखने में मदद करता है।

लेखक योग प्रशिक्षक हैं।

# रेडियोलॉजी टैक्नीशियन के क्षेत्र में करियर



**बृजमोहन ओझा**

**मेडिकल** का दायरा सिर्फ आजकल हर छोटी बड़ी बीमारी का आकलन करने के लिए एक्स रे किया जाता है। यह कार्य रेडियोलॉजिस्ट करते हैं। वर्तमान समय में यह क्षेत्र काफी तेजी से उभर रहा है। करिअर बनाने के लिए इस क्षेत्र में बेहतरीन संभावनाएं हैं। रेडियोलॉजिस्ट शरीर के विभिन्न अंगों का एक्स रे करते हैं। एक्स रे करते वक्त मरीज तथा आस पास के लोगों पर रेडियोएक्टिव किरणों का साइड इफेक्ट न हो, इस बात की निगरानी भी रखते हैं। इसके अलावा वे रेडियोग्राफिक उपकरणों की देखभाल तथा रोगियों के रिकॉड्र्स भी मेंटेन करते हैं। एक सफल और कुशल रेडियोलॉजिस्ट के लिए चिकित्सा और साथ ही तकनीकी क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त होना चाहिए। कुशल कंप्यूटर कौशल, सकारात्मक दृष्टिकोण, सर्मपण के साथ सेवाभाव, बेहतरीन और धाराप्रवाह संचार कौशल का ज्ञान होना जरूरी है।

**कोर्स, योग्यता एवं अवसर**

रेडियोलॉजी टेक्नीशियन बनने के लिए कई तरह के कोर्स उपलब्धय हैं इसमें सर्टिफिकेट कोर्स से लेकर डिप्लोकमा, डिग्री और मास्टर्स तक के कोर्स उपलब्ध हैं। जैसे बैचलर ऑफ रेडियो इमेजिंग टेक्नोलॉजी (3 वर्ष), बीएससी इन मेडिकल रेडियोलॉजी (3 वर्ष) डिप्लोमा इन मेडिकल रेडियोलॉजी (1 वर्ष), डिप्लोमा इन रेडियो इमेजिंग टेक्नोलॉजी (2 वर्ष) पीजी डिप्लोमा इन रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक (1 वर्ष) आदि। कोर्स करने के लिए

**करियर**

फिजिक्स, केमेस्ट्री व बॉयोलॉजी में 50 प्रतिशत अंकों के साथ बारहवीं पास होना जरूरी है। यदि आप साइंस विषयों में स्नातक हैं तो पीजी डिप्लोमा कोर्स कर सकते हैं। गौरतलब है कि इसमें प्रवेश मुख्यत: बारहवीं पास अंकों के आधार पर ही होता है, लेकिन कुछ संस्थान एंट्रेंस टेस्ट व इंटरव्यू के आधार पर भी चयन करते हैं। इस क्षेत्र में एक स्नातक ऐसे रेडियोग्राफर, रेडियोलाजिक प्रौद्योगिकीविदों, वैज्ञानिक प्रयोगशाला सहायक, क्लीनिक सहायक, एक्स-रे तकनीशियन, अल्ट्रासाउंड विशेषज्ञों के रूप में काम कर सकते हैं। रेडियो इमेजिंग प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में पेशेवरों की भारी कमी है। डॉक्टर



पूरी तरह से इमेजिंग विशेषज्ञों पर निर्भर रहते हैं। यह करिअर लड़कों और लड़कियों दोनों के लिए उपयुक्त है। कोर्स के दौरान छात्रों को शरीर रचना विज्ञान, शरीर विज्ञान, विकिरण भौतिकी, इमेजिंग भौतिकी और रेडियोग्राफिक स्थिति के बारे में जानकारी दी जाती है। सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में काफी संभावना है। रेडियोलॉजिस्ट बनने के बाद आप किसी भी नर्सिंग होम्स, अस्पताल, डाइग्नॉस्टिक सेंटर, अत्याधुनिक अस्पताल या फिर खुद का काम शुरू कर सकते हैं। भारत में रेडियोलॉजी टेक्नीशियन की शुरूआती सैलरी 15 से 20 हजार रुपये प्रतिमाह होती है। वहीं एक अनुभवी व प्रशिक्षित रेडियोलॉजिस्ट 15 से 20 हजार रुपये प्रतिमाह प्राप्त कर सकता है। विदेशों में रेडियोलॉजी टेक्नीशियन की अधिक मांग है। अमेरिकन सोसाइटी ऑफ रेडियोलॉजी के अनुसार रेडियोलॉजिस्ट टेक्नीशियन की जितनी मांग है उतनी पूर्ति नहीं है।

(लेखक करियर सह एडमिशन काउंसलर हैं।)

**बिगड़ता पर्यावरण**



## स्पीड न्यूज

### एनडीए और यूपीए ने झोंकी ताकत



फोटो 02 एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में बाइक रैली निकालते

**रामगढ़।** हजारीबाग लोकसभा का चुनाव को लेकर शनिवार को एनडीए और यूपीए ने झोंकी ताकत। एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल के पक्ष में भाजपा, आजसू, जदयू कार्यकर्ताओं ने निकाली बाइक रैली। इंडिया गठबंधन प्रत्याशी जेपी पटेल के समर्थन में कांग्रेस, झामुमो, आरजेडी कार्यकर्ताओं ने भी बाइक रैली निकाली। प्रचार के अंतिम दिन एनडीए प्रत्याशी और इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में जोरदार अभियान चलाया गया।

### जायसवाल के लिए जदयू ने मांगा वोट



**कुजू।** जदयू प्रदेश महासचिव जगदीश महतो के नेतृत्व में शनिवार को एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल के पक्ष में जन संपर्क अभियान चलाया गया। क्षेत्र के कुंदरिया मल्हार टोला, आरा उत्तरी, आरा दक्षिणी, सारुबेड़ा कॉलोनी, पिपराटाड, जमुनियाटांड़, आरा बगलता आदि स्थानों में जाकर ग्रामीणों से मिलकर 20 मई को क्रम संख्या 2 में कमल फूल छाप पर बटन दबाकर जायसवाल को भारी मतों से विजयी बनाने का आग्रह किया। जगदीश महतो ने कहा कि इस बार हजारीबाग से जायसवाल की जीत सुनिश्चित है। विरोधी दल के नेता सिर्फ जनता को छलने का काम कर रहे है। मौके पर रामाकांत पटेल, रोशन लाल महतो, रंजीत श्रीवास्तव, दिनेश कुमार, शंकर महतो, खुशी महतो, अनिल महतो, देव कुमार महतो, अरविंद महतो आदि मौजूद थे।

### झामुमो ने जवाहर नगर में किया जनसंपर्क



भुरकुंडा । कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल की लोकसभा चुनाव में जीत को लेकर शुक्रवारशाम झामुमो नेता मुकेश राउत के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जवाहर नगर पंचायत में जनसंपर्क अभियान चलाया। दर्जनों समर्थकों के साथ राउत ने जवाहर नगर के शिव मंदिर कॉलोनी, दुर्गा मंडप, विकास कल्ब, हनुमान गढ़ी सहित आसपास के टोलों-मुहल्लों में डोर-टू-डोर जनसंपर्क कर पटेल को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। मौके पर झामुमो के प्रखंड सचिव उदय अग्रवाल, कैलाश राउत, गुड़िया देवी, श्रीनिवास अग्रवाल, विजय गोस्वामी, उपेंद्र शर्मा, कोदन राम, पीयूष राउत, मुकेश कुमार, सुबोध मंडल, करन गौड़, विकाश पासवान सबीना खातून सहित भारी संख्या में महिला-पुरूष शामिल थे।

### सीसीएल के सीएमडी से मिले देवेंद्र सिंह




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन के क्षेत्रीय सचिव देवेन्द्र सिंह ने शनिवार को सीसीएल के नये सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह से रांची में शिष्टाचार मुलाकात की। देवेन्द्र सिंह ने सीएमडी को बुके देकर स्वागत करते हुए शुभकामनाएं दी। देवेंद्र सिंह ने सीएमडी को क्षेत्र व मजदूरों की समस्याओं से भी अवगत कराया। श्री सिंह ने कहा कि नये सीएमडी के नेतृत्व में सीसीएल उत्पादन में नया कीर्तिमान स्थापित करेगा। वहीं सीएमडी ने कहा कि सबों का सहयोग मिला तो निश्चित रूप से कोयला उत्पादन में नया कीर्तिमान रचा जायेगा। क्षेत्र व मजदूरों की समस्याओं का हर हाल में समाधान किया जायेगा।

### पीवीयूएनएल ने किया पौधरोपण



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पीवीयूएनएल पतरातु में 16 मई से 31 मई तक चलने वाले स्वच्छता पखवाड़ा के तीसरे दिन शनिवार को पौधारोपण हुआ। जीएम प्रोजेक्ट अनुपम मुखर्जी गांधी स्मारक स्थल में पौधारोपण किया। मुखर्जी ने कहा कि पौधे का संरक्षण बेहद जरूरी है। उन्होंने स्वच्छता पर बल देते हुए कहा कि इस अभियान का उद्देश्य सार्वजनिक स्थलों में साफ-सफाई और स्वच्छता को बढ़ावा देना, स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के प्रति जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देना एवं अपशिष्ट निपटारा हेतु सामुदायिक जागरूकता बढ़ाना है। । एचआर टीम से डीजीएम एचआर पुरुषोत्तम लाल, सीएसआर एक्जीक्यूटिव निशांत सैनी, मीडिया एक्जीक्यूटिव लाची गोला आदि ने भी फलदार एवं छायादार पौधे लगाकर इसके संरक्षण का संकल्प लिया।

### सरैया टोला में छह राउंड फायरिंग



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के सौन्दा बस्ती सरैया टोला में शुक्रवार रात अपराधियों ने छह राउड गोली चला कर पूरा क्षेत्र में दहशत फैला दिया। जानकारी के अनुसार सरैया टोला निवासी सह लोकल सेल संचालन समिति के अध्यक्ष नितेश कुमार के आवास में अज्ञात अपराधियों ने धावा बोल बाहर से छह राउंड गोली चलाकर भाग निकले। नितेश कुमार ने कहा कि शुक्रवार को अपने निजी काम से रांची गए हुए थे। रात में रांची से लौटकर खाना खाने के बाद सो रहा था। तभी अचानक ताबड़तोड़ फायरिंग से पूरा घर दहशत में आ गया। उन्होंने बताया कि कुछ गोली दरवाजा को चिरते हुये हमारे घर के अंदर आ गिरा। सूचना के तत्काल बाद भुरकुंडा पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। जहां से चार खोखा बरामद किया गया। पुलिस ने घर में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की। जिसमें दो अपराधियों को गोली चलाने के बाद भागते हुए देखा जा रहा है।

### रामगढ़ जिले में शराब पर 20 तक बैन

रामगढ़। लोकसभा चुनाव का लेकर डीसी चंदन कुमार ने रामगढ़ जिला में मतदान के 48 घंटे पूर्व से लेकर मतदान की समाप्ति तक, मतगणना के दिन, यदि आवश्यक हुआ तो पुर्नमतदान के दिन को शराब की बिक्री पर रोक लगाने का निर्देश दिया। 20 मई को होने वाले मतदान को लेकर रामगढ़ जिले में 18 को शाम 5:00 बजे से 20 मई के शाम 5:00 बजे तक एवं छठे चरण के तहत 25 मई को होने वाले मतदान के लिए जिला में 23 मई को शाम 5:00 बजे से 25 मई 2024 को शाम 6:00 बजे तक ड्राई डे रहेगा।

# सांसद की रेस में कौन किस पर भारी, किसकी है बेहतर तैयारी

## कहीं भितरघात तो कहीं पीठ पीछे खंजर घोपने का चल रहा खेल

अभय कुमार सिंह

**दोनों प्रत्याशी राजनीतिक तौर पर परिपक्व हैं, जीत के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे : शंकर सिन्हा**

**हजारीबाग।** देश भर में लोकसभा चुनाव की सरगर्मी बनी हुई है। हजारीबाग लोकसभा की सीट पर पाचवे चरण में 20 मई को मतदान होना है। यहां मनीष जायसवाल (बीजेपी ) बनाम जय प्रकाश भाई पटेल (कांग्रेस) के बीच सीधा मुकाबला है। बाकी जो उम्मीदवार खड़े है उन्हें वोटकटवा के श्रेणी में रखा जा सकता है। ये वोटकटवा किस पार्टी को कितना नुक्सान करेंगे ये चार जून को पता चल जायेगा। एक तरफ बीजेपी उम्मीदवार मनीष जायसवाल को पार्टी की मजबूती, सदर विधायक के रूप में जनहित में किये गए उनके कार्य और प्रधानमंत्री मोदी के नाम पर वोट मिलने की उम्मीद है तो दूसरी तरफ कांग्रेस उम्मीदवार जय प्रकाश भाई पटेल को जाति की वोट, उनके पिता टेकलाल महतो का नाम और यशवंत सिन्हा के साथ पर लाभ मिलने की उम्मीद है। साथ ही हजारीबाग लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसी विधायको से भी मदद मिलने की उम्मीद है। कांग्रेस यहां और अन्य क्षेत्र में मतदाताओं को साथ जोड़ने के प्रयास में हैं, जबकि भाजपा अपने 10 साल के कार्यों व उपलब्धियां के आधार पर मोदी की गारंटी के साथ मतदाताओं का समर्थन मांग रही है।

हजारीबाग के राजनीतिक मामलों के विशेषज्ञ एवं वरिष्ठ समाजसेवी शंकर सिन्हा ने बताया कि दोनों उम्मीदवार राजनीतिक तौर पर परिपक्व हैं। दोनों ही जीत के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। जहां कांग्रेस महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार का मुद्दा उठा रही है, वहीं भाजपा मोदी की गारंटियों पर जोर दे रही है। लेकिन देखना होगा कि लोग मोदी की गारंटी पर भरोसा करते हैं या फिर कांग्रेस महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर विजय पताका फहरा पाती है। जहां तक बात है की कौन किसपर भारी है तो ये दिख रहा है की शहर की गली गली में भाजपा के कार्यकर्ता पहुंच रहे है। जबकि कांग्रेस अभी तक बहुत जगह पहुंची भी नहीं है। मात्र दो दिन शेष हैं। कमोबेश यही हाल गावो में भी देखा जा रहा है। इस मामले में भाजपा ने जरूर कांग्रेस के मुकाबले खुद को स्थापित कर लिया है। चुनाव कार्यकर्ता जीताते है। देखिये शायद कांग्रेस की कोई और रणनीति हो ।

### क्या है मनीष जायसवाल की चुनौतियां



मनीष जायसवाल जायसवाल की सबसे बड़ी चुनौती भाजपा सरकार में पूर्व वित्त मंत्री व विदेश मंत्री रहे यशवंत सिन्हा हैं। मोदी जब प्रधानमंत्री बने थे उस वक़्त उन्होंने भाजपा से किनारा कर लिया था। हालांकि इस दौरान उनके पुत्र जयंत सिन्हा हजारीबाग से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़े और वित्त राज्य मंत्री का पदभार भी संभाला। यशवंत इस दौरान भी मोदी पर हमलावर रहे। 2024 के चुनाव में जयंत सिन्हा का टिकट भाजपा ने जैसे ही काटा उनका सब्र का बांध टूट पड़ा और वे खुल कर मैदान में आ गए। कहने वाले तो ये भी कहते हैं कि जयप्रकाश तो मुखौटा है चुनाव तो यशवंत ही लड़ रहे हैं। सिन्हा के जितने भी समर्थक थे उनलोगों ने भाजपा के प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दिया है जो मनीष के लिए चिंता का विषय है। इस दौरान अगड़े -पिछड़े की राजनीति की कोशिश की गयी वो फुस्स हो गयी। भीतरघात की संभावना कम है क्योंकि जो ऐसा कर सकते थे वो खुद ही बाहर निकल गए हैं। चुनौती मनीष के लिए ये है कि जितने भी विरोधी इनके खिलाफ लामबंद हुए हैं क्या उनका कोई जनाधार है या सिर्फ हवा हवाई नेता हैं। मनीष हारे तो इन नेताओं की पोर्टफोलियो में वृद्धि होगी और ये मानना होगा कि विरोधियों की एकजुटता में दम था। जीते तो इन विरोधियों की जमीन हमेशा के लिए बंजर हो जाएगी, जिसमें फसल उगाना मुश्किल होगा।

### पटेल की रातो रात बदल जाती हैं सिद्धांत



चुनावी पड़ताल के दौरान ये बात निकल के सामने आ रही है की भाजपा और मोदी के नाम पर विधायक के रूप में मांडू विधानसभा चुनाव जीतने के बाद जय प्रकाश भाई पटेल अपने क्षेत्र के मतदाताओं से मुंह मोड़ लिए। लोगों ने कहा कि जय प्रकाश भाई पटेल पहले झामुमो में थे, फिर भाजपा में गए, फिर कांग्रेस ज्वाइन कर लिए, रातो रात इनकी नीतियां और सिद्धांत बदल जाती है। क्या गारंटी है कि इनका मन फिर ना बदल जाय। इस बात को लेकर ना सिर्फ ग्रामीणों में बल्कि कार्यकर्ताओं में भी रोष है। कई सभाओं में रोष व्यक्त की गयी है। अब बड़ी खबर पर आते है। सूत्र बताते हैं की इनके साथ घूमने वाले कई नेता ऐसे भी है जो नहीं चाहते है की जय प्रकाश भाई जीते। उनकी अपनी राजनीतिक महत्वकांछाएं हैं। वे चाहते हैं कि मनीष जायसवाल लोकसभा चुनाव जीते ताकि सदर विधानसभा की सीट खाली हो और वे इस सीट पर ताल ठोक सके। सदर विधानसभा सीट खाली होने पर कई लोग इसपर ताल ठोकने को खड़े हो जायेंगे, पर उसके लिए जायसवाल को जीताकर हटाने की प्लानिंग चल रही है और भीतरघात की पूरी तैयारी है।

## कुजू में एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने किया रोड शो, कहा

# क्षेत्र में विकास की गंगा बहेगी

खबर मन्त्र संवाददाता



**कुजू।** केंद्र सरकार ने जिस तरह से पूरे देश मे विकास की गंगा बहा रही है, उसी प्रकार 4 जून के बाद से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में भी विकास की गंगा बहेगी। उक्त बातें हजारीबाग के एनडीए सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने कही। श्री जायसवाल क्षेत्र में जन संपर्क अभियान व रोड शो के दौरान कुजू में लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 2019 के लोकसभा चुनाव में आपके एक-एक वोट से पीएम नरेंद्र मोदी के हाथों कई विकास के कार्य हुए। ठीक उसी प्रकार 2024 में विकास के कार्य को आगे बढ़ाने के लिए एक बार फिर से आपलोगों के सहयोग की जरूरत है। आप सभी लोगों को आगामी 4 जून के बाद से ही क्षेत्र में विकास दिखने लगेगा। वहीं उन्होंने कुजू क्षेत्र में बढ़ते प्रदूषण के रोकथाम को लेकर भी लोगों को इससे निजात दिलाने का भरोसा दिलाया। साथ ही पेयजल की समस्या को भी दूर करने की बात कही। इससे पूर्व उन्होंने क्षेत्र के कुजू चौक, केबीगेट, श्री राम चौक, कुजू कोलियरी, कठरा टोला, मुरपा, चटनिया बस्ती, डटमा मोड़ पहुंचे. यहां से सैंकड़ों की संख्या में शामिल भाजपा, आजसू व जदयू महिला-पुरूष कार्यकर्ताओं के साथ पैदल यात्रा करते हुए कुजू चौक पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों व कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। मौके पर छत्तीसगढ़ के विधायक युगेश्वर राजू सिन्हा, जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, आजसू मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो, अमरेंद्र गुप्ता, रंजीत सिन्हा, नरेश महतो, दिनेश्वर साहू, तेजनाथ महतो, मुकेश साहू, अरविंद कुमार, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष तोकेश सिंह, उपाध्यक्ष रतन प्रसाद साहू, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष रवि साहू, अशोक कुमार, राजेश प्रसाद साहू, सोनू साव, दुष्यन्त पटेल, संजय सिंह, उमेश चंद्र पटेल, जयकिशोर महतो, डिंपल प्रजापति, संदीप साहू, ललिता देवी, नितेश गुप्ता, विजय साहू, चितु महतो, निर्मल करमाली, मनीष प्रसाद, राकेश कुमार रॉक, सुधान सिंह, राकेश सिंह, श्रवण साह, आशीष प्रसाद, अशोक सिन्हा, मनोहर गुप्ता, गणेश सोनी, दशरथ केशरी, मन्नु महतो, जनक प्रसाद, सुखदेव सोनी, रामदेव प्रसाद, भरत प्रसाद, श्रवण सिंह, सुरेश ठाकुर, कुलेश्वर महतो, जगदीश आडवाणी, पंचित महतो, जयराम प्रजापति, महेंद्र साव, कुमारी नीलम, रेखा देवी, सरिता सिंह समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

### भाजपा किसान मोर्चा व आजसू ने चिकोर में किया जनसंपर्क



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष सन्नी कुशवाहा और आजसू जिला सह सचिव अभिजीत ठाकुर के नेतृत्व एनडीए प्रत्याशी मनीष जयसवाल के लिए ग्राम चिकोर में डोर टू डोर जनसंपर्क किया गया। मौके पर सन्नी प्रसाद कुशवाहा ने भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल को भारी मतों से जिताने की अपील की। उन्होंने भाजपा के कमल फूल छाप क्रम संख्या 2 पर वोट देकर एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल को भारी मतों से विजयी बनाकर फिर से मोदी सरकार बनाने की बात कही। श्री कुशवाहा ने अबकी बार 400 पार का नारा बुलंद करते हुए मनीष जायसवाल को जीत दिलाकर देश को मजबुत बनाने का आहवान किया। अभियान में विकास कुशवाहा, भूलेंद्र महतो, धनुप कुमार, प्रदीप कुशवाहा, पप्पू लाल, अमित कुमार, बबलू कुशवाहा, पंकज कुशवाहा, फूलवंती देवी, सरिता देवी, बबीता देवी, रीना देवी, सीमा देवी सहित दर्जनों महिला-पुरुष शामिल थे।

## राजेंद्र बेदिया ने जेपी पटेल को जिताने का किया आह्वान



भुरकुंडा (रामगढ़)। सांकी पंचायत के अरमादाग में शनिवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता सहजनाथ बेदिया व संचालन विष्णु बेदिया ने किया। बैठक में झामुमो के पतरातू प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र बेदिया उपस्थित थे। बैठक में कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल को जिताने लेकर रणनीति बनी। राजेंद्र बेदिया ने कहा कि जेपी पटेल को जिताएं रोजगार के पलायन नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने मोदी सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा मुद्दों से भटकर हिन्दू-मुस्लिम व मंदिर-मस्जिद के नाम पर लोगों को लड़ाने का काम करती है। मोदी सरकार सिर्फ पूंजीपतियों की सरकार है, इसमें गरीब-मजदूर-किसानों का कोई भला नहीं हो सकता। श्री बेदिया ने कहा कि यहां के आदिवासी, मूलवासी और सभी समुदाय के लोगों का विकास के लिए भाजपा को हजारीबाग ही नहीं पूरे देश से उखाड़ फेंकना होगा। बैठक में झामुमो के पतरातू प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र बेदिया, जिला उपाध्यक्ष रोहन राम बेदिया, माले के प्रखंड सचिव नरेश बड़ाइक, झामुमो के वरिष्ठ नेता टिंकू बेदिया, कृष्ण बेदिया, राजू बेदिया, सुनील बेदिया, संतोष, प्रेम बेदिया, बैजू बेदिया, सोहन बेदिया सहित दर्जनो महिला-पुरूष शामिल थे।

### जनता ने एनडीए को पूरी तरह से नकार दियाः शहजादा अनवर

**रजरप्पा।** कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर ने शनिवार को कहा कि हजारीबाग सहित झारखंड की सभी 14 सीटों पर इंडिया गठबंधन की जीत का दावा किया है। उन्होंने कहा कि झारखंड में हुए पहले चरण के चुनाव में जनता ने एनडीए गठबंधन को पूरी तरह से नकार दिया है। चारों सीट खूंटी, लोहरदगा, पश्चिमी सिंहभूम व पलामू में इंडिया गठबंधन की जीत सुनिश्चित है। बाकी बचे तीन चरणों के चुनाव में इंडिया गठबंधन बेहतर प्रदर्शन करते हुए सभी सीटों पर जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि झूठे केस में फंसाकर राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल भेजा गया है। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष एहसान उल्लाह, जिला उपाध्यक्ष जकाउल्लाह सहित हाजी अख्तर आजाद, लक्ष्मण महतो, आदित्य सिंह, मो. नईम, प्रदीप महतो, मो. साजिद, सतीश महतो, पवन केंवट, संतोष कुशवाहा, संजय प्रसाद, सुरेश करमाली, शंकर करमाली सहित कई मौजूद थे।

## झारखंड की सभी सीटों पर जीतेगी एनडीए : राकेश प्रसाद

- भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष ने मनीष जायसवाल को जिताने का किया आह्वान

खबर मन्त्र संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भारतीय जनता पार्टी ने शास्त्री चौक भुरकुंडा स्थित भाजपा नेता अशोक सोनी के आवास पर प्रेस कांफ्रेंस किया। प्रेस कांफ्रेस में मुख्य रूप से भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि देश में एनडीए गठबंधन नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे भारी बहुमत के साथ केंद्र में सरकार बनायेगी। इंडिया गठबंधन लाख कोशिश कर ले भाजपा को नहीं हरा सकती। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन पूरे देश में कांच की तरह बिखर जायेगी। लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण के चुनाव में एनडीए गठबंधन मजबूत स्थिति में है। एनडीए झारखंड की सभी 14 लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि हजारीबाग लोकसभा में भाजपा लगातार जीतते आ रहा है। इस बार भी भारी मतों से भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल की जीत होगी। उन्होने कहा कि यहां के मतदाता राष्ट्रवादी हैं। कांग्रेस जातिवाद का खेल रहा है। कांग्रेस समाज को बांटने का काम कर रही है और भाजपा जोड़ने का। हम जातपात को तोड़ेगें और संस्कृति से जोड़ेंगें। पूरा देश नरेंद्र मोदी के साथ है। महागठबंधन के प्रत्याशी जेपी पटेल कांग्रेस के डुबते जहाज में सवार उनकी हार तय है। श्री प्रसाद ने झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार घोटाला और भ्रष्टाचार में डूबी है। राज्य के पूर्व सीएम और एक मंत्री भ्रष्टाचार के आरोप में जेल मे बंद है। उन्होंने राज्य सरकार से पिछले साढ़े चार साल का हिसाब मांगते हुए कहा कि राज्य में उनकी सरकार नही होने के बाबजूद केंद्र की सरकार ने दर्जनों कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उताकर इसका सीधा लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही है। भाजपा 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने के लिए कृत संकल्पित है। प्रेस वार्ता में सतीश मोहन मिश्रा, दशरथ कुर्मी, जुगल नायक, संजीव बावला, राजेन्द्र मुंडा, महेंद्र सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

### भाजपा ने निकाला मोटरसाइकिल जुलूस

भुरकुंडा । भुरकुंडा में एनडीए गठबंधन के हजारीबाग लोकसभा भाजपा प्रत्याशी मनीष जयसवाल के पक्ष में भाजपा भुरकुंडा मंडल के नेतृत्व में शनिवार को मोटरसाइकिल जुलूस निकाला गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने एनडीए प्रत्याशी मनीष जयसवाल के पक्ष में जनसमर्थन मांगते हुए अधिक से अधिक मतदान कर कमल खिालने की अपील की। इस दौरान कार्यकर्ता ने अबकी बार 400 पार का भी नारा बुलंद किया। जुलूस मतकमा चौक से निकलकर हुरूमगढा, जवाहरनगर, थाना चौक, भुरकुंडा बाजार, बिरसा चौक, पटेलनगर, रीवर साइड, सयाल, सौंदा, सयाल मोड़, चोरधरा, कुरसे, बलकुदरा, गेगदा, आराशाह, सहित अन्य क्षेत्रों में भ्रमण किया।

## एक नजर में

### एनटीपीसी केरेडारी के अधिकारियों ने बसरिया मध्य विद्यालय में किया श्रमदान

केरेडारी। एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन परियोजना के अधिकारियों ने आज बसरिया मध्य विद्यालय में श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। यह कार्यक्रम एनटीपीसी केरेडारी परियोजना द्वारा आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा 2024 के अंतर्गत आयोजित किया गया। स्वच्छता पखवाड़ा 16 मई 2024 से 31 मई 2024 तक मनाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य स्वच्छता और स्वच्छ वातावरण को प्रोत्साहित करना है। आज का कार्यक्रम परियोजना प्रमुख श्री शिव प्रसाद के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। उन्होंने विद्यालय परिसर में सफाई कार्य में हिस्सा लिया और छात्रों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने बच्चों को स्टेशनरी किट भी वितरित की, जिससे बच्चों में खुशी का माहौल बन गया। शिव प्रसाद ने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन की गतिविधि नहीं है, बल्कि यह एक दैनिक आदत होनी चाहिए। हमें अपने आसपास के वातावरण को साफ और स्वच्छ रखना चाहिए, जिससे हम सभी स्वस्थ और सुरक्षित रह सकें।₹ उन्होंने बच्चों को स्वच्छता का पालन करने और अपने घर, विद्यालय और समाज को स्वच्छ बनाए रखने का संकल्प दिलाया।

प्रधानाध्यापक ने एनटीपीसी के इस पहल की सराहना की और कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी के अधिकारियों द्वारा किया गया श्रमदान और बच्चों को स्टेशनरी किट का वितरण हमारे विद्यालय के लिए बहुत ही प्रेरणादायक है। इससे बच्चों में स्वच्छता के प्रति रुचि और प्रेरणा बढ़ेगी। कार्यक्रम में अपर-महाप्रबंधक सुभाष प्रसाद,असीम मिश्रा, रोहित पाल एवं वरिष्ठ प्रबंधक मुकेश साहु एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### शांतिपूर्वक मतदान करें : थाना प्रभारी

टाटीझरिया । लोकसभा चुनाव को लेकर शनिवार को टाटीझरिया थाना प्रभारी सुजीत कुमार ने कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के झरपो भराजो खैरा पंचायत के विभिन्न गांवों और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के डहरभंगा बेडम टाटीझरिया डूमर धर्मपुर पंचायत के कई गांवों का किया भ्रमण। थाना प्रभारी ने क्षेत्र वासियों से आग्रह किया कि शांतिपूर्वक मतदान करें। राजनीतिक दल के कार्यकर्ता आचार संहिता का पालन करें। मनचले एवं हुड़दंग मचाने वाले लोगों पर प्रशासन का पैनी नजर है।

### भाजपा को समर्थन करेगा ब्रह्मर्षि समाज

**कटकमदाग।** शनिवार को हजारीबाग में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के ब्रह्मर्षि समाज की बैठक कर सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि राष्ट्र हित को ध्यान में रखते हुए भारत देश हीं नहीं पूरे विश्व के सर्वमान्य नेता भारत के प्रधान मंत्री परम आदरणीय नरेंद्र मोदी जी के जैसा पूरे देश में कोई नेता नहीं हैं और भारत इनके नेतृत्व में विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। भारत हर क्षेत्र में मजबूत हुआ है। इस कारण हमलोग राष्ट्र हित में 2014 से हीं मोदी जी के साथ हैं.. पुनः एक बार फिर लोकसभा चुनाव में सर्वसम्मति से मोदी जी के हाथ को मजबूत करने के लिए उनके द्वारा दिया गया। लोकप्रिय उम्मीदवार जो दो बार के विधान सभा के विजय विधायक रहे मनीष जयसवाल का समर्थन करेंगे । अपना समर्थन देते हुए उनको अपना एक एक वोट देकर विजय बनाएंगे। साथ हीं साथ मोदी जी के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हैं कि चतरा लोकसभा सीट से माननीय काली चरण जी को लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाए हैं।यह बैठक ब्रह्मर्षि समाज के संस्थापक अध्यक्ष मुकेश कुमार की अध्यक्षत। में कि गई । इस बैठक में मुख्य रूप से सचिव कन्हैया शर्मा, कोषाध्यक्ष कौशल किशोर सिंह, हिटलर शाही, अशोक कुमार, कन्हैया कुमार, शशि किशोर शर्मा, मदन कुमार, अनीश कुमार, प्रकाश शर्मा, अजय शर्मा, बलराम शर्मा, अशोक शर्मा, संत कुमार दिक्छित, दिनेश्वर सिंह, फलहारी बाबा, मनोज सिंह, पंकज कुमार, विवेक कुमार, अभिमन्यु, राजेश कुमार, नागेंद्र शर्मा, अनिल बाबू, अशोक शर्मा, प्रभात कुमार,सहित सैकड़ों की संख्या में ब्रह्मर्षि समाज उपस्थित हुए और एक स्वर में सभी ने प्रस्ताव का समर्थन कर मनीष जयसवाल को वोट देने की बात की।

### जायसवाल ने डेढ़ दर्जन गांवों में मांगा वोट



**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने हजारीबाग लोकसभा चुनाव प्रचार के अंतिम दिन हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग प्रखंड क्षेत्र के डेढ़ दर्जन गांवों का सैकड़ों बाइक जत्थे के साथ तूफानी दौरा किया। इस दौरान भाजपा खुली जीप पर सवार दिखे। मनीष जायसवाल ने कूद रेलवे ओवर ब्रिज से इसकी शुरूआत की जिसके बाद सिरसी, डामोडीह, खपरियावां, बनहा, नवादा, कुंडीलबागी, ढेंगुरा,कूद, महूडर, मसरातु, पसई, बानादाग,कटकमदाग, मेयातू,पकरार, सलगावां,कदमा क्षेत्र का दौरा कर समर्थन मांगा और आगामी लोकसभा चुनाव में कमल फूल छाप पर बटन दबाकर तीसरी बार देश में मोदी सरकार बनाने का रास्ता प्रशस्त करने का अपील किया। इस क्षेत्र के लोगों में अपने चहेते विधायक को सांसद बनाने के लिए आतुरता देखी गई । मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने कटकमदाग वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि सेवा और विकास में तत्पर रहा हूं, आप आशीर्वाद दें इसे बरकरार रखूंगा ।

# आरसीबी ने किया प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई

एजेंसी

**बेंगलुरु।** आइपीएल 2024 के शुरूआती 8 मैचों में सिर्फ एक जीत हासिल करने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु प्लेऑफ में पहुंच गई है। चेन्नई सुपर किंग्स को आरसीबी ने 27 रनों से हराकर प्लेऑफ में जगह पक्की की। यह फाफ डु प्लेसिस की टीम की लगातार छठी जीत है। पहले खेलते हुए आरसीबी ने 5 विकेट पर 218 रन बनाए। प्लेऑफ में पहुंचने के लिए उसे चेन्नई को 200 या उससे अंदर रोकना था। पूरी कोशिश के बाद भी चेन्नई की टीम 7 विकेट पर 191 रन ही बना सकी। इस हार से चेन्नई सुपर किंग्स टेबल में 5वें स्थान पर रही। केकेआर, राजस्थान और हैदराबाद पहले ही प्लेऑफ में अपनी जगह बना चुके हैं। कप्तान फाफ डुप्लेसिस की अगुआई में शीर्ष क्रम के शानदार प्रदर्शन से आरसीबी मजबूत स्कोर तक पहुंचने में सफल रही। डुप्लेसिस ने अपनी 54 रनों की पारी में 39 गेंदों का सामना किया और तीन चौके के साथ तीन छक्के भी मारे। उनके अलावा विराट कोहली ने 29 गेंदों पर 47 जबकि रजत पाटीदार ने 23 गेंद 41 रनों की पारी खेली। कैमरून ग्रीन, दिनेश कार्तिक और ग्लेन मैक्सवेल ने भी 200 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट से रन बनाए।सलामी बल्लेबाज कोहली और डुप्लेसी ने अच्छी शुरूआत कर बिना किसी नुकसान के 31 रन बना लिये थे, तभी बारिश की वजह से 40 मिनट खेल रोकना पड़ा। बारिश के ब्रेक के बाद सीएसके ने स्पिनरों को लगा दिया और गेंद टर्न लेने लगी जिससे बल्लेबाजों को तेजी से रन जुटाने में परेशानी हुई। महीश तीक्ष्णा ने चार ओवर में 25 जबकि सैंटनर ने 4 ओवर में सिर्फ 23 रन दिए। इसके बाद भी आरसीबी 218 रनों तक पहुंच गई।

### आखिरी ओवर में धोनी रहे फेल

चेन्नई की शुरूआत बेहद खराब रही और कप्तान रुतुराज गायकवाड़ पारी की पहली गेंद पर ही ग्लेन मैक्सवेल का शिकार हो गए। डेरिल मिचेल भी सिर्फ 4 रन बना सके। 19 रन पर दो विकेट गिरने के बाद रचिन रविंद्र और अजिंक्य रहाणे ने पारी को संभाला। दोनों ने खुलकर शॉट खेले औ? तीसरे विकेट के लिए 66 रनों की साझेदारी बनाई। रहाणे 22 गेंद पर 33 रन बनाकर फर्ग्युसन का शिकार बने। इसके बाद उतरे शिवम दुबे क्रीज पर जूझ रहे थे। इस बीच रचिन रविंद्र ने फिफ्टी पूरी की। वह खुलकर शॉट खेल रहे थे लेकिन दुबे के साथ तालमेल बिगड़ने की वजह से रन आउट होना पड़ा। अगले ओवर में दुबे खुद भी आउट हो गए। ग्रीन के शिकार बनने वाले शिवम दुबे ने 15 गेंदों पर 7 रन बनाए। फाफ ने कमाल का कैच लेकर सैंटनर का वापस भेज दिया। जब वह आउट हुए तो चेन्नई का स्कोर 15 ओवर में 6 विकेट पर 129 रन था। यहां से रविंद्र जडेजा और महेंद्र सिंह धोनी ने पारी को आगे बढ़ाया। आखिरी ओवर में चेन्नई को 17 रन चाहिए थे। धोनी ने यश दयाल की पहली गेंद पर छक्का मारा। लेकिन दूसरी गेंद पर वह आउट हो गए। अगली चार गेंद पर दयाल ने सिर्फ एक रन दिए और अपनी टीम को प्लेऑफ में पहुंचा दिया।



### सनराइजर्स की नजरें अंक तालिका में दूसरे पायदान पर

**हैदराबाद।** पिछले तीन साल में पहली बार प्लेऑफ में जगह बनाने के बाद आत्मविश्वास से लबरेज सनराइजर्स हैदराबाद की टीम रविवार को यहां जब लीग चरण के अपने अंतिम मुकाबले में पंजाब किंग्स के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसकी कोशिश अंक तालिका में शीर्ष दो में जगह बनाने पर होगी। टीम ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ पिछला मैच बारिश से धुल जाने के बाद अंतिम चार में अपनी जगह पक्की की।

### कोलकाता को हराकर दूसरा स्थान पक्का करना चाहेंगे रॉयल्स

**गुवाहाटी।** राजस्थान रॉयल्स चार मैचों के हार के सिलसिले को तोड़कर रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग के अहम मैच में चोटी की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स को हराकर शीर्ष दो में जगह पक्की करने उतरेगी। सोलह अंक लेकर प्लेऑफ में जगह बना चुके रॉयल्स लगातार चार मैच हार चुके हैं। पिछले दो मैचों में टीम 150 के पार भी नहीं पहुंच सकी और अब इंग्लैंड के स्टार सलामी बल्लेबाज के स्वदेश लौटने के बाद उसकी राह और कठिन हो गई है।

### बेंगलुरु 218/5 (20 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| कोहली के मिचेल बो. सैंटनर | 47 | 29 | 03 | 04 |
| डु प्लेसिस रन आउट | 54 | 39 | 03 | 03 |
| पाटीदार कै. मिचेल बो. ठाकुर | 41 | 23 | 02 | 04 |
| कैमरन ग्रीन नाबाद | 38 | 17 | 03 | 03 |
| कार्तिक कै. धोनी बो. देशपांडे | 14 | 06 | 01 | 01 |
| मैक्सवेल कै. धोनी बो. ठाकुर | 16 | 05 | 02 | 01 |
| महिपाल लोमरोर नाबाद | 00 | 01 | 00 | 00 |

अतिरिक्त : 08

विकेट पतन : 78-1, 113-2, 184-3, 201-4, 218-5.

गेंदबाज : तुषार देशपांडे : 4-0-49-1, शार्दूल ठाकुर : 4-0-61-2, महीश थीक्षाना : 4-0-25-0, मिचेल सैंटनर : 4-0-23-1, रवींद्र जडेजा : 3-0-40-0, सिमरजीत सिंह : 1-0-19-0.

### चेन्नई 191/7 (20 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| गायकवाड कै. यश बो. मैक्सवेल | 00 | 01 | 00 | 00 |
| रचीन रवींद्र रन आउट | 61 | 37 | 05 | 03 |
| मिचेल कै. कोहली बो. यश | 04 | 06 | 00 | 00 |
| रहाणे कै. फाफ बो. फर्ग्यूसन | 33 | 22 | 03 | 01 |
| दुबे कै. फर्ग्यूसन बो. ग्रीन | 07 | 15 | 00 | 00 |
| रवींद्र जडेजा नाबाद | 42 | 22 | 03 | 03 |
| सैंटनर कै. फाफ बो. सिराज | 03 | 04 | 00 | 00 |
| धोनी कै. स्वप्निल बो. यश | 25 | 13 | 03 | 01 |
| शार्दूल ठाकुर नाबाद | 01 | 02 | 00 | 00 |

अतिरिक्त : 15

विकेट पतन : 0-1 , 19-2, 85-3, 115-4, 119-5, 129-6, 190-7 .

गेंदबाज : ग्लेन मैक्सवेल : 4-0-25-1, मोहम्मद सिराज : 4-0-35-1, यश दयाल : 4-0-42-2, स्वप्निल सिंह : 2-0-13-0, कर्ण शर्मा : 1-0-14-0, फर्ग्यूसन : 3-0-39-1, ग्रीन : 2-0-18-1.

### आइपीएल 2024 पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीत | हार | रद्द | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 13 | 09 | 03 | 01 | 19 | +1.428 |
| राजस्थान | 13 | 08 | 05 | 00 | 16 | +0.273 |
| हैदराबाद | 13 | 07 | 05 | 01 | 14 | +0.406 |
| बेंगलुरु | 14 | 07 | 07 | 00 | 14 | +0.459 |
| चेन्नई | 14 | 07 | 07 | 00 | 14 | +0.392 |
| दिल्ली | 14 | 07 | 07 | 00 | 14 | -0.377 |
| लखनऊ | 14 | 07 | 07 | 00 | 14 | -0.667 |
| गुजरात | 14 | 05 | 07 | 02 | 11 | -1.063 |
| पंजाब | 13 | 05 | 08 | 00 | 10 | -0.347 |
| मुंबई | 14 | 04 | 10 | 00 | 08 | -0.318 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | टीम | रन |
|---|---|---|
| कोहली | बेंगलुरु | 700 |
| गायकबाड | चेन्नई | 583 |
| हेड | हैदराबाद | 533 |
| पराग | राजस्थान | 531 |
| साई | गुजरात | 527 |

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | टीम | विकेट |
|---|---|---|
| हर्षल | पंजाब | 22 |
| बुमराह | मुंबई | 20 |
| वरूण | कोलकाता | 18 |
| देशपांडे | चेन्नई | 17 |
| चहल | राजस्थान | 17 |

## तनीषा-पोनप्पा की जोड़ी को मिली हार

**नयी दिल्ली।** थाईलैंड ओपन 2024 के महिला डबल्स सेमीफाइनल मैच में शानिवार को भारतीय जोड़ी तनीषा कार्स्टो और अश्विनी पोनप्पा को हार का सामना करना पड़ा और इसके साथ ही उनके फाइनल में जाने का सपना भी टूट गया है। भारत की इस जोड़ी का मुकाबला सेमीफाइनल में थाईलैंड की शीर्ष वरीय जोड़ी जोंगकोलफान कितिथाराकुल और राविंडा प्राजोंगजई से हुआ। इस मैच में थाईलैंड की शटलर्स ने सीधें सेटों में भारत को हरा दिया। तनीषा कार्स्टो और अश्विनी पोनप्पा इस मैच को 21–12 और 22–20 से हार गईं।

## निकहत-मीनाक्षी ने जीता गोल्ड, कुल 12 पदकों के साथ भारत ने किया टूनार्मेंट का समापन



**अस्ताना (कजाकिस्तान)।** भारतीय मुक्केबाजों ने एलोर्डा कप 2024 में धमाकेदार प्रदर्शन किया है। इंडिया की महिला और पुरुष बॉक्सर्स ने एलोर्डा कप का समापन 12 मेडल्स के साथ किया है। ये भारतीय खिलाड़ियों का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भारत के लिए मौजूदा विश्व चैंपियन निकहत जरीन और मिनाक्षी ने 2 गोल्ड मेडल जीते। इन दोनों मुक्केबाजों ने शनिवार को बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने मैचों में जीत हासिल की और गोल्ड पर निशाना साधा। इस टूनार्मेंट में भारत को कुल 12 पदक मिले हैं। इसमें से 2 गोल्ड मेडल हैं, जो निकहत और मीनाक्षी ने हासिल किए हैं। इसके आलवा भारत की झोली में 2 सिल्वर मेडल भी आए हैं। देश के लिए 8 खिलाड़ियों ने ब्रॉन्ज मेडल भी जीते हैं। इस मेडल्स के साथ इस टूनार्मेंट का समापन भारत के लिए काफी बेहतरीन रहा है। इस टूनार्मेंट के पिछले सीजन में भारतीय खिलाड़ी कुल 5 मेडल ही जीत पाए थे। अब उन्होंने अपने पिछले रिकॉर्ड को सुधारते हुए कुल 12 पदक अपने नाम कर ली है।

## भारतीय महिला मुक्केबाज परवीन के सस्पेंशन के बाद जैस्मीन ओलंपिक क्वालीफायर में लेंगी हिस्सा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** जैस्मीन लेम्बोरिया 24 मई से थाईलैंड में दूसरे ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर में प्रतिस्पर्धा करेंगी। क्योंकि 12 महीनों में तीन स्थान विफलताओं के लिए परवीन हुडा के अंतरराष्ट्रीय निलंबन के कारण भारत को पेरिस खेलों के लिए महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग का कोटा छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा था। बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया ने शनिवार को कहा, व्हेयरअबाउट्स फेल्योर के लिए अंतरराष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा कोटा विजेता परवीन को निलंबित किए जाने के बाद 24 मई से शुरू होने वाले ओलंपिक क्वालीफायर में जैस्मिन 57 किग्रा वर्ग में थाईलैंड में दूसरे ओलंपिक क्वालीफायर में प्रतिस्पर्धा करेंगी। जैस्मीन ने पहले क्वालीफायर और पिछले साल हांग्जो एशियाई खेलों में 60 किग्रा में प्रतिस्पर्धा की थी।

## हार्दिक पंड्या की हूटिंग का असर मुबंई के प्रदर्शन पर पड़ा: बाउचर

**मुबंई।** मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच मार्क बाउचर ने स्वीकार किया है कि इंडियन प्रीमियर लीग में हार्दिक पंड्या के खिलाफ मैदान पर लगातार हूटिंग का असर टीम पर पड़ा है। लखनऊ के खिलाफ शुक्रवार रात 18 रनों की हार के साथ मुबंई का आईपीएल के मौजूदा सत्र में निराशाजनक सफर खत्म हुआ। इस हार से टीम सबसे निचली पायदान पर आ गयी।

## सात्विक-चिराग की जोड़ी थाईलैंड ओपन के फाइनल में

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय जोड़ी ने शनिवार को चीनी ताइपे के लू मिंग-चे और तांग काई-वेई की जोड़ी पर सीधे गेम में आसान जीत के साथ थाईलैंड ओपन बैडमिंटन टूनार्मेंट के फाइनल में जगह बनाई। एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सात्विक और चिराग को सुपर 500 स्तर के इस टूनार्मेंट के सेमीफाइनल को जीतने में महज 35 मिनट का समय लगा। उन्होंने सीधे सेटों में 21-11, 21-12 से आसानी से जीत दर्ज की। दुनिया की तीसरे नंबर की जोड़ी और टूनार्मेंट में शीर्ष वरीय प्राप्त इस भारतीय जोड़ी के सामने अब रविवार को खेले जाने वाले खिताबी मुकाबले में चेन बो यांग और लियू यी की जोड़ी की चुनौती होगी।






## स्पीड न्यूज

### निर्दलीय प्रत्याशी के पक्ष में किया गया जनसंपर्क

**सोनाहातू।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति समर्थित रांची लोकसभा क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी देवेंद्र नाथ महतो पिछले 10 दिनों से न्यायिक हिरासत बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार में है। प्रत्याशी के गैर उपस्थिति में चुनावी प्रचार प्रसार किया जा रहा है। शनिवार को प्रत्याशी के गैर उपस्थिति में भी केंद्रीय महिला अध्यक्ष दमयंती मुंडा ने सोनाहातू प्रखंड के कई पंचायतों में जनसंपर्क कर देवेंद्र के पक्ष में मतदान करने की अपील किया गया।

### अवैध विदेशी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**ठाकुरगांव।** ठाकुरगांव पुलिस ने लोकसभा चुनाव के तहत वाहन चेकिंग के क्रम में एक युवक को अवैध विदेशी शराब के गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी विनीत कुमार के नेतृत्व में पुलिस बैंक मोड़ के समीप शुक्रवार की देर शाम वाहन चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी बीच एक बाइक सवार को पुलिस ने रोका। पुलिस द्वारा तलासी लेने पर बाइक में बोरा में 40 बोतल अवैध शराब के साथ चान्हो थाना क्षेत्र के रोल गांव निवासी विक्की कुमार सिंह को गिरफ्तार किया। शनिवार को पुलिस ने आरोपी युवक को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### हेसलपिरी गांव में मंडा पूजा का आयोजन

**ठाकुरगांव।** बुढ़मू प्रखंड के हेसलपिरी गांव में मंडा पूजा का आयोजन रविवार तथा सोमवार को किया गया है। रविवार की रात्रि फुलखुन्दी अनुष्ठान किया जायेगा वहीं सोमवार को झूलन सह मेला का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की सफलता को लेकर एक कमेटी का भी गठन किया गया है। जिसमें अध्यक्ष प्रकाश कुमार महतो,सचिव अशोक महतो व कोषाध्यक्ष राजू महतो चुने गए हैं। वही कमेटी में संरक्षक ललित महतो, मुखिया कुशेन्द्र पाहन, हीरालाल मुंडा, सोनालाल महतो बनाये गए हैं।

### भाजपा का हर घर संपर्क अभियान

**सिकिदिरी।** हर घर संपर्क अभियान के तहत भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार के नेतृत्व में सिकिदिरी के खभावन,कुच्चू, पाहन टोली,सिंदरी टोपा,महली टोली,मुस्लिम टोली आदि गांवों का दौरा कर भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ के पक्ष में वोट करने का आह्वान किया। मौके पर भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रो सत्यदेव मुंडा,भाजपा एसटी मोर्चा के जिला महामंत्री बुधराम बेदिया,मंडल महामंत्री सोहराय बेदिया,कुच्चू मुखिया सहदेव बेदिया, गिलु बेदिया आदि शामिल थे ।

### मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी प्रखंड के कुदलोग स्थित आदित्य प्रकाश जालान सरस्वती विद्या मंदिर में शनिवार को सम्मान समारोह सह पाठयक्रम गतिविधियों में क्ले मॉडलिंग चित्रकला, शरबत तथा सलाद बनाओ प्रतियोगिता के साथ साथ कक्षा 10वीं के टॉप 10 विद्यार्थियों को सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

# धनबाद रेल डिवीजन के डीआरएम केके सिन्हा ने केडीएच साइडिंग का किया निरीक्षण

## दो दिनों से केडीएच साइडिंग में कोयला लोड मालगाड़ी डी-रेल, सीसीएल व रेलवे का बड़ा नुकसान का आकलन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**खलारी।** धनबाद रेल डिवीजन के डीआरएम के.के सिन्हा ने शनिवार को खलारी रेलवे स्टेशन पहुँचे। डीआरएम के पहुँचने पर खलारी रेलवे स्टेशन अधीक्षक जॉन सोरेंग ने स्वागत किया। जिसके बाद डीआरएम के.के सिन्हा खलारी स्टेशन से सीसीएल के एनके एरिया स्थित केडीएच रेलवे साइडिंग का निरीक्षण के लिए पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा मानको को लेकर मेन लाइन से साइडिंग पहुंचने वाली रेल ट्रैक, साइडिंग प्लेटफार्म और साइडिंग में 16 मई को हुई डी-रेल मालगाड़ी का निरीक्षण किया। जिसके बाद डीआरएम ने सीसीएल के अधिकारियों से रेल ट्रैक मेंटेनेंस की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि रेल ट्रैक मेंटेनेंस का हाल काफी बुरा है। जिसके कारण लगातार मालगाड़ी डी-रेल होने की घटनाएं हो रही है। सीसीएल के संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द रेल ट्रैक को पूरी तरह से दुरुस्त करने का निर्देश दिया। जिससे कि साइडिंग में डी-रेल की घटना को रोका जा सके,और साइडिंग से लोड मालगाड़ी समय से निकल पाये। निरीक्षण के मौके पर ए डीआरएम अमित कुमार, डीओएम अंजय तिवारी, डीटीएम बरकाखाना कुमार अंकित, संजय कुमार, टीआई बीके सहाय, सीसीएल मुख्यालय सेल्स डिपार्टमेंट के हिमांशु कुमार, बी लाल, एनके जीएम सुजीत कुमार, परियोजना पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह, एरिया सेल्स मैनेजर राजीव रंजन, सिविल अधिकारी सुजीत रंजन के अलावा मोनेट कोल वाशरी के जीएम, राइटस और मधुकॉन के अधिकारी मौजूद थे।



साइडिंग का निरीक्षण करते डीआरएम

# पिस्कानगड़ी में महिला से एक लाख की छिनतई

## 18 दिन के अंदर दूसरी बार इस तरह घटना

### महिला ग्राहकों को ही अपराधी अपना शिकार बना रहे हैं

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी थाना क्षेत्र मे बाइक सवार दो अज्ञात अपराधियों ने गुरुवार को 16 मई नगड़ी में भारतीय स्टेट बैंक से पैसे निकाल घर जा रही एक महिला से 1 लाख रुपया की छिनतई की घटना से पीड़ित महिला बंन्धनी तिर्की ने नगड़ी थाना पहुंचकर में अज्ञात अपराधिक विरूद्ध में प्राथमिक की दर्ज कराई है । दर्ज प्राथमिक के अनुसार कोंलाबी गांव निवासी सामू तिर्की की पत्नी बंन्धनी तिर्की अपने गांव कोंलाबी से निजी कार्य के लिए नगड़ी स्थित भारतीय स्टेट बैक से पैसे निकालने आयीं थी और बैंक से एक लाख रुपए निकाल कर वह घर जा रही थी की जैसे ही वह रिलायंस ट्रेंड्स मॉल के पास पहुंची थी कि अचानक एक बाइक से दो अज्ञात अपराधियों ने उसके हाथ में पैसा रखा हुआ थैला को छीन कर पिस्का ओवरब्रिज की ओर भाग गये। थैला में एक लाख रुपए, आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक का पासबुक सहित कई जरूरी कागजात भी थे। पीड़िता महिला ने इसकी जानकारी अपने परिवार के सदस्यों को दी और नगड़ी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई । पीड़िता ने कहा कि पति सामू हा तिर्की काफी मेहनत कर पैसा जुगाड़ किए थे और इन पैसा का बच्चों के पढ़ाई में खर्च करने के लिए ही निकालना गए थे पैसा लूटने के बाद पूरा परिवार गमगीन में और चिंता में हैं ।नगड़ी थाना प्रभारी से इस संबंध में जल्द कार्रवाई करने का आग्रह किया। ज्ञात हो कि 30 अप्रैल को नगड़ी थाना क्षेत्र के बांध टोली निवासी गीता देवी से अज्ञात अपराधियों ने 40000 हजार रुपया छिनतई कर भाग गए । इन दोनों घटनाओं के विषय में नगड़ी थाना प्रभारी अभिषेक कुमार राय ने कहा कि मामला का संघनता पूर्वक जांच कर रही है आस पास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है।



गमगीन बंधनी तिर्की।

# कांची नदी पुल के डायवर्सन में ट्रेलर और ट्रक में टक्कर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**तमाड़।** थाना क्षेत्र के कांची नदी सेतु के पोड़ाडीह डायवर्सन के समीप जमशेदपुर की ओर से आ रही एनएल 01 एई 3721 रजिस्ट्रेशन नंबर की ट्रेलर और रांची की ओर से आ रही जेएच01 ओएक्स 5013 रजिस्ट्रेशन नंबर की 407 ट्रक के बीच भिडंत हो गई। जिससे दोनों ही वाहनों के चालक घायल हो गये और वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। घायलों को एंबुलेंस की सहायता से अस्पताल पहुंचाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों चालक खतरे से बाहर हैं। इधर दुर्घटना की सूचना प्राप्त होते ही तमाड़ पुलिस घटनास्थल पर दलबल के साथ पहुंची और क्षतिग्रस्त वाहनों से अवरूद्ध हुए सड़क के आवागमन को बहाल किया और किरान की सहायता से क्षतिग्रस्त वाहनों को मार्ग से हटाया गया।

बताते चलें की कांची नदी सेतु की परिस्थिति खराब होने और कार्य संपूर्ण नहीं होने की वजह से एक तरफ टू लेन को एनएचएआई ने अवरूद्ध कर दिया है और पोड़ाडीह के समीप डायवर्सन बनाकर जमशेदपुर एवं रांची के दोनों तरफ वाहन टू लेन में चलती है। जिससे लागातार दुर्घटनाएं हो रही है। अब तक दर्जनों लोगों की जानें जा चुकी हैं जो काफी चिंतनीय विषय है ।

## एक नजर में

### सिकिदिरी में कुंए में डूबने से किशोरी की मौत

सिकिदिरी। सिकिदिरी थाना क्षेत्र के ओबर गांव में कुंए में डूबने से एक किशोरी बसंती कुमारी (15 वर्ष ) पिता शंकर बेदिया की मौत हो गई। घटना शुक्रवार की है। मिली जानकारी के अनुसार बसंती शुक्रवार को दिन के करीब एक बजे अपने घर से खेत की तरफ जाने की बात कह कर निकली थी। शाम तक वापस नहीं लौटने के बाद परिजन उसे खोजने निकले। शक के आधार पर कुंए में जाकर देखा तो बसंती का चप्पल पानी में तैरता नजर आया। इसके बाद झगड़ डालकर देखने से बसंती का शव उसमें फंसकर बाहर आया। मृतका के पिता ने बताया कि बसंती को मिर्गी कि बीमारी थी। घटना कि सूचना मिलने पर शनिवार की सुबह सिकिदिरी थाना की पुलिस घटनास्थल पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है।

### सिकिदिरी में घर के बाहर खड़े ट्रैक्टर की चोरी

सिकिदिरी। सिकिदिरी थाना क्षेत्र के कुटे गांव निवासी खालिक खान के घर के बाहर खड़े ट्रैक्टर की शुक्रवार की देर रात चोरी हो गई ।खालिक खान ने बताया कि रोज की तरह ट्रैक्टर संख्या ( जेएच-02 एके 6096)को अपने घर के बाहर खड़ा किया था ।शनिवार की सुबह देखा कि ट्रैक्टर वहां से गायब है ।आसपास के लोगों से पूछताछ की,लेकिन ट्रैक्टर का कहीं पता नहीं चला ।इस संबंध में ट्रैक्टर मालिक खालिक खान ने सिकिदिरी थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने घटना स्थल का जायजा लिया और मामले की जांच में जुट गई है ।पुलिस ने कई जगहों पर सीसीटीवी फुटेज भी खंगाला,लेकिन पुलिस को कोई सफलता नहीं मिली ।बताया जाता है कि रात के करीब बारह बजे तीन अज्ञात लोगों को देखा गया था।

### तीसरा मोर्चा करेगा यशस्विनी सहाय का समर्थन

**राहे।** तीसरा मोर्चा (स्वतंत्र)इस बार लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को समर्थन देगा। इस संबंध में तीसरा मोर्चा के अध्यक्ष डॉ.अमित कुमार के नेतृत्व में पोगड़ा स्थित आवासीय कार्यालय में हुई बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। डॉ अमित कुमार ने कहा कि इंडिया गठबंधन में शामिल दलों की नीतियां जनहित में है। वहीं,भाजपा सांप्रदायिक ताकतों को बढ़ावा देने वाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के शासनकाल में जनता महंगाई और बेरोजगारी की मार से कराह रही है। महंगाई, बेरोजगारी दूर करने, नये रोजगार सृजन सहित युवाओं, महिलाओं व किसानों के हित में कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने में इंडिया गठबंधन में शामिल दलों का सामूहिक प्रयास सराहनीय है। रांची संसदीय क्षेत्र से इंडिया गठबंधन (कांग्रेस) की प्रत्याशी यशस्विनी सहाय को तीसरा अपना भरपूर समर्थन देगा। बैठक में तीसरा मोर्चा (स्वतंत्र) के केंद्रीय महासचिव जगबंधु महतो, कोषाध्यक्ष हबलू मुंडा, केंद्रीय उपाध्यक्ष अजीत पुराण, संवत सिंह मुंडा, मेघनाथ सिंह मुंडा सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने चुरी दक्षिणी व लपरा में जनसंपर्क अभियान चलाया

**खलारी।** भारतीय जनता पार्टी खलारी मंडल के कार्यकताओं ने प्रखंड क्षेत्र के चूरी दक्षिणी पंचायत के चूरी बस्ती, हॉयर बस्ती, अम्बा टोंगरी,सांबू टोंगरी, करंजतोड़ा,राय पंचायत के चुना भट्ठा, एवम पुरनी राय तथा चूरी पूर्वी के भेलवटांड क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। वही प्रखंड क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान को गति देते हुए अनिल गंझू,शशि साहू, अनिल तुरी, आदि कार्यकताओं ने लपरा पंचायत के बुध बाजार, टोंगरी टोला आदि क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया। कार्यकताओं ने घर घर जाकर मतदाताओं से आगामी 25 तारीख को क्रम संख्या 3 पर बटन दबाकर मोदी के नेतृत्व में प्रचंड बहुमत की सरकार बनाने का आग्रह किया।

### कालेज छात्रों ने निकाली मतदातान जगरूकता रैली

**ओरमांझी।** राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वाधान में शनिवार के उदय मेमोरियल बीएड कालेज केदल रांची के छात्र-छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली कालेज परिसर उदयनगर मेसरा से एनएच-20 होते हुए, गली-मोहल्ले में जाकर लोगों को मतदान करने के प्रति जागरूक किया गया। हांथों में स्लोग लिए छात्र-छात्राएं ह्यह्यछोड़ो सारे काम पहले करें मतदान, जन-जन का यह नारा है, मतदान अधिकार हमारा है, समझदार की पहचान वोट का निषानह्यह्य आदि का नारा लगा ग्रामीण मतदाताओं को जागरूक कर रहे थें।

### सीसीएल सीएमडी से मिले आरकेएमयू के पदाधिकारी,रखीं मांग

**खलारी।** राष्ट्रीय कोयला मजदूर युनीयन के महामंत्री सह जेबीसीसी आई सदस्य राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में सीसीएल के सभी क्षेत्रों के अध्यक्ष व सचिव के साथ शिष्टाचार मुलाकात निलेंदु कुमार सिंह से मिले। इस दौरान उन्होंने सीसीएल से मुलाकात कर सीसीएल परिवार में जुड़ने पर हार्दिक अभिनंदन एवं शुभकामनाएं दिया गया। श्री सिंह ने यूनियन की उद्योग व श्रमिक हित में आवश्यक सहयोग करने का भरोसा दिया है। वही श्रमिको के लिए डालटेनगंज में एक हॉस्पिटल को इंपैनल लिस्ट में रखने की मांग किया। ताकि रजहरा कोलियरी के श्रमिकों को इलाज की समुचित सुविधा मिल सके।

### भाजपा के चार कार्यालय का उद्घाटन

**ओरमांझी।** लोकसभा चुना को लेकर शनिवार को भारतीय जनता पार्टी का ओरमांझी में चार चुनावी कार्यालय खोला गया। सदमा, पांचा, पिस्का व ओरमांझी प्रखंड के चारों जोन का चुनावी कार्यालय का उद्घाटन राज्यसभा सदस्य सह भाजपा के प्रदेष महामंत्री आदित्य साहू ने किया, और कार्यकताओं को चुनाव में बेहतर परिणाम लाने के लिए दिषा निर्देष दिया। साथ ही उन्होने क्षेत्र से ज्यादा मदतान कराने को कहा। प्रमुख अनुपमा देवी, जिप सदस्य सरिता देवी, मुखिया दीपक बड़ाईक, दिलीप मेहता, वरिष्ट कार्यकर्ता षिनारायण साहू, मानकी राजेंद्र शाही, शत्रुधन साहू, राजधाम साहू, शषि मेहता, अमित साहू, चतुर साहू, विजय पांडेय, सत्यनारायण तिवारी, रोहित साहू, लक्ष्मण उरांव सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थें।

# तमाड़ वासियों के मांगों के समर्थन में हमेशा रहूंगा साथ, मांग होगी पूरी : राजा पीटर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**तमाड़।** लोकसभा चुनाव के पूर्व से तमाड़ वासी एक प्रयास तमाड़ का विकास के बैनर तले पांच सूत्री मांगो को लेकर आंदोलनरत है। इस मुद्दे को लेकर तमाड़ वासी एकजुट हुये है। सोशल मीडिया के माध्यम से जब यह जानकारी पूर्व मंत्री बिरसा विकास समिति के महासचिव राजा पीटर को मिली। तब उन्होने अपने कार्यक्रताओं के साथ तमाड़ बाजार के नजदीक कृषि विभाग की जमीन का मुआयना करने पहुंचे। तमाड़ मे जिस जमीन पर तमाड़ वासी कॉलेज खुलने की मांग कर रहे थे। वहा एनजीओ द्वारा एग्रीकल्चर संस्थान का निर्माण किया जा रहा है। जिसके निरीक्षण पर पूर्व मंत्री गोपाल कृष्ण पातर ऊर्फ राजा पीटर ने पदाधिकारी चन्द्रदेव सिंह नाडु से जानकारी ली और उन्हें कहा की कृषि, मतस्य पालन, बकरी पालन, के साथ यहां पर शिक्षण संस्थान का भी निर्माण हो जैसे मेडिकल कॉलेज बीएड कालेज आदी अन्य संस्थान तब यहां के बच्चो का आने वाला कल सुरक्षित व सुनहरा होगा। उन्होंने इस मामले को लेकर उच्चस्तरीय पदाधिकारियों से भी मिलकर मामले को रखने की बात कही। पीटर ने आगे कहा की तमाड़ वासियों द्वारा पांच सूत्री मांगो को लेकर जो आंदोलन चल रहा हैं। उनलोगों से यही कहना है कि उनकी मांगों को लेकर मुझसे जो भी अपेक्षा रखते हैं वो हर संभव मदद को तैयार हैं।



# रांची में लियो अंतर्राष्ट्रीय जिला सम्मेलन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची ।** यहां आयोजित लियो अंतरराष्ट्रीय जिला (322ए) सम्मेलन सम्मेलन के मुख्य अतिथि एलएन थे कमल जैन। सम्मेलन की शुरुआत अर्घो डीप द्वारा पढ़े मंगलाचरण से हुई। श्वेता पाठक द्वारा ध्वज वंदन किया गया। लियो जिला अध्यक्ष लियो ट्रिशा तानिया ने सभी का स्वागत किया और जिले के लियो क्लबों की गतिविधियों का सारांश दिया। एलवाई 23-24 के लिए 322 ए। उन्होंने 1 और 2 जून को पुरी में होने वाले लियो मल्टीपल कन्वेंशन के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने पूरे वर्ष उनके सक्षम मार्गदर्शन और समर्थन के लिए मानस अग्रवाल, तेजस्व अग्रवाल, अनुप ठाकुर, अर्घो दीप को विशेष धन्यवाद दिया। लियो डिस्ट्रिक्ट के चेयरपर्सन एलएन रवि प्रकाश ने भी जिले के लियोवासियों को शुभकामनाएं दीं. उन्होंने लेओस को अपना झंडा बुलंद रखने के लिए प्रेरित किया और उन्हें पूर्ण सहायता का आश्वासन दिया। मुख्य अतिथि एलएन कमल जैन ने जिला अध्यक्ष को बैनर, पिन और मेडल देकर सम्मानित किया। उन्होंने आईपीडीपी आयुष अग्रवाल को भी उनके काम के लिए घंटे दिए। आयुष अग्रवाल, अर्घो दीप और श्रेया ने भी लियो गतिविधियों के बारे में अपने विचार साझा किए। धन्यवाद ज्ञापन कुमारी दीपमाला ने किया। संपूर्ण सम्मेलन का संचालन एवं प्रबंधन एलएन अमित सेन द्वारा किया गया।




संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

**Declaration about Criminal Cases)**

(As per the Judgement dated 25th the September, 2015 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No 536 of 2011 (Public Interest Foundation and Others. Vs. Union of India and Another.

| | |
|---|---|
| Name and Address of Candidate:- | Devendra Nath Mahto, Resident of Kapidih, Rahe, Ranchi Pin-835204, Jharkhand |
| Name of Political Party:- | Independent |
| Name of Election- | General Election-2024 |
| Name of Constituency:- | 08-Ranchi |

I DEVENDRA NATH MAHTO, a candidate for the above mentioned election, declare, for Public Information the following details about my Criminal antecedents:-

**(A) Pending Criminal Cases.**

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of Case (s) | Section (s) of Acts Concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Sri Mayank Miliaz J.M.F.C.-IV Ranchi | Namkum P.S 46/2024 | Charge sheet Not filed | Section (3) 147, 148, 149, 353, 307 186, 188, 323, 332, 514, 506, 427 of IPC, under section(s) of concerned and description of offence 3 of PP Act. |
| 2 | Sri. Rakesh Ranjan, J.M.F.C-XXVII | Lalpur P.S. 251/ 2021 | Charge Sheet Not filed | Section (s) 147, 149, 341, 323, 332, 353, 188, 269, 270 of IPC, under section(51) Disaster Management Act. |
| 3 | Smt.Kanchan Kumari J.M.F.C. Ranchi | Bundu P.S. 60/2023 | Charge Sheet Not filed | U/s 341, 342, 143, 332, 353, 134 of IPC |
| 4 | Sri Shambhu Mahto J.M.F.C. Ranchi | Chutiya P.S. 31/ 2024 | Charge Sheet Not filed | U/s 147, 148, 149, 353 of IPC |
| 5 | Mr. Mayank Miliaz J.M.F.C. Ranchi | Jagarnathpur P.S. 131/ 2023 | Charge Sheet not submitted | 147,148, 140, 353, 186, 188, 323, 332, 504, 506 of IPC |
| 6 | Sri. Manoj Kumar Indwar J.M.F.C. Ranchi | Silli P.S. 45/ 2023 | Charge Sheet not submitted | U/s 148, 147, 149, 341, 353, 186, 504 of IPC |
| 7 | Mr.. Prashant Kumar J.M.F.C. Ranchi | Gonda P.S. 41/2023 | Charge Sheet not submitted | U/s 147, 188, 353 of IPC |
| 8 | Sri. Abhishek Srivastava J.M.F.C. Ranchi | Sadar P.S. 71/2022 | Charge Sheet not submitted | U/s 143, 144, 188, 269, 270, 290, 34 of IPC U/s 51 D.M. Act U/s 03 |
| 9 | Chief Magistrate Chatra | Chatra Sadar P.S. 273/2023 | Charge Sheet not submitted | U/s 143, 149, 341, 342, 447, 188, 290 of IPC |
| 10 | Smt. Shruti Soren J.M.F.C. Ranchi | Nagri PS. 48/2022 | Charge Sheet not submitted | U/s 147, 149, 186, 189, 188, 282, 427, 431, 459, of IPC |
| 11 | Chief Judicial Magistrate Bokaro | Bokaro Steel City P.S. 88/2024 | Charge Sheet not submitted | U/s 147, 149, 114, 224, 225, 353, 332, 188 of IPC |

**(B) Details about cases of Conviction of Criminal offences**

| Sl. No. | Name of Court and date (s) of order(s) | Description of offence(s) and punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| NA | NA | NA | NA |

S/d Devendra Nath Mahto

## स्पीड न्यूज



### पद्मश्री छूटनी महतो सोशियो फेयर अवार्ड से हुईं सम्मानित

**गम्हरिया।** प्रखंड के बीरबांस की पद्मश्री छुटनी महतो को सोशियो फेयर अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया है। कोलाकाता स्थित ज्ञान मंच सभागार में सबरी हेल्पएज की संस्थापक आरती बीआर सिंह की ओर से आयोजित सोशियो फेयर अवार्ड 2024 में उन्हें उक्त अवार्ड से सम्मानित किया गया। समारोह का उद्देश्य उन व्यक्तियों और संगठनों को सम्मानित करना और पहचानना था, जिनके प्रयासों ने समाज की बेहतरी में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसमें पूरे झारखंड से पद्मश्री छुटनी महतो का नाम शामिल था। इसके अलावा तिलजला शेड, प्रोजेक्सेल फाउंडेशन, क्रिएशन वेलफेयर सोसाइटी, इक्विडायवर्सिटी फाउंडेशन, कोलकाता एनिमल इंडियन वेलफेयर और एआइएम फाउंडेशन जैसे संगठनों के साथ-साथ राजकुमारी बसु और ऋतुपर्णा विश्वास जैसे लोगों को भी इस वर्ष समाज में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

### भाजपा चुनाव कार्यालय में नेताओं में हाथापाई

**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी एक ओर जहां रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनावी सभा की मेजबानी करने जा रही है, वहीं सभा स्थल पर वीआइपी पास को लेकर वर्तमान महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा के समर्थक हरिकिशोर तिवारी और पूर्व अध्यक्ष राजकुमार श्रीवास्तव के बीच हाथापायी हो गई। स्थिति बेकाबू तब हो गई जब दोनों नेताओं के समर्थक बाहर से चुनाव कार्यालय आ धमके और उसके बाद टकराव का दौर चला। कुछ देर के लिए भाजपा के बुर्जुग नेता भी यह सीन देख कर दंग रह गए कि भाजपा किस दिशा में जा रही है। फिलहाल बड़ी मुश्किल से दोनों गुटों को वरिष्ठ नेता अलग- थलग करने में कामयाब हुए।

### मानगो पुल के किनारे इंटरनेट तार में आग

**जमशेदपुर।** मानगो पूल के गोल चक्कर के ठीक बगल में अचानक आग लगने से अफरा तफरी का माहौल बन गया। सड़क पर गाड़ियां आ जा रही थी, गाड़ियां एक जगह थम सी गई।वहां मौजूद ट्रैफिक सिपाहियों के सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। वहा लगे इंटरनेट के तारों में और साथ ही दो बिजली के तारों में शॉर्ट सर्किट की वजह से अचानक आग लग गई। आग का रूप धीरे-धीरे भयावह होता जा रहा था। तभी वहां मौजूद ट्रैफिक पुलिस के दो जवानों ने अपनी सूझबूझ से धूल ,मिट्टी, बालू और पानी की सहायता से पूरी तरह से आग पर काबू पा लिया। इस बीच उन्होंने (112)दमकल को कॉल भी किया। पर जब तक दमकल की गाड़ी आती तब तक सिपाहियो की सूझबूझ के द्वारा हादसा टाला जा चुका था। सुशांत गोराई और सुरेश चंद्र पटिया जैसे जाबांज सिपाहियों के कारण एक बड़ा हादसा टल गया। अगर यह आग बड़ जाती तो एक बड़ा हादसा हो जाता ,जिसमें कई लोग हताहत हो सकते थे।

### बर्मामाइंस लड़की गोदाम में लगी आग

**जमशेदपुर।** बर्मामाइंस मिल एंड गोडाउन एरिया लक्ष्मी टिंबर में सुबह-सुबह भीषण आग लग गयी। सुबह 10 बजे आग पर काबू पा लिया गया। विदित हो की बमार्माइंस स्थित लकड़ी गोदाम लक्ष्मी टिंबर में शनिवार तड़के सुबह भीषण आग लग गई थी। आगजनी की घटना की सूचना लोकसभा चुनाव के प्रत्याशी बिद्युतबरण महतो और झामुमो प्रत्याशी समीर महंती भी पहुंचे और दुकानदार को हुए नुकसान का जायजा लिया। आग लगने की पाकर भारतीय जनतंत्र मोर्चा बमार्माइंस मंडल अध्यक्ष दुर्गा राव सहित अन्य कार्यकर्ता घटनास्थल पर पहुंचे।

# समीर महंती जमशेदपुर में टेंडर गिरोह के सरगना, मैनेज करवाते हैं टेंडर : अमर बाउरी

- भाजपा का झामुमो प्रत्याशी पर अब तक का सबसे तीखा हमला
- कहा- आलमगीर आलम से है झामुमो विधायकों का सीधा संबंध

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर लोकसभा सीट पर 25 मई को वोट डाले जायेंगे। यहां इस बार भाजपा के प्रत्याशी और मौजूदा सांसद बिद्युतबरण महतो का सीधा मुकाबला इंडिया गठबंधन समर्थित झामुमो प्रत्याशी समीर महंती से है। इस बीच, भाजपा अब झामुमो प्रत्याशी समीर महंती पर हमला तेज कर दिया है। भाजपा के नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मंत्री अमर बाउरी ने अब तक का सबसे तीखा हमला करते हुए समीर महंती पर आरोप लगाया है कि वे टेंडर मैनेज करने वाले गिरोह के सरगना हैं। पूर्वी सिंहभूम में तमाम सरकारी टेंडर वे ही मैनेज करते हैं, और झामुमो के अन्य विधायक उनके सहयोगी हैं। टेंडर मैनेज करने के लिए वो कुख्यात हैं। समीर महंती को रांची में हमेशा आलगीर आलम के विभागीय सचिव के आस-पास देखा जाता रहा है। ऐसे व्यक्ति को वोट देने का सीधा मतलब है लूट तंत्र को समर्थन देना। जमशेदपुर सीट पर भाजपा प्रत्याशी एवं तीसरी बार सांसद बनने जा रहे बिद्युतबरण महतो एक कर्मठ एवं स्वच्छ छवि वाले नेता एवं सांसद रहे हैं। जब मतदाताओं के पास स्वच्छ छवि वाला प्रत्याशी, पहले से अजमाया हुआ कर्मठ उम्मीदवार उनके पास है तो निश्चित रुप से जमशेदपुर सीट पर लगातार तीसरी बार भाजपा जीत हासिल करेगी। इस बार जीत का आंकड़ा ऐतिहासिक रहेगा।

बाउरी ने कहा कि रविवार को प्रधानमंत्री की चुनावी सभा के पश्चात जमशेदपुर सीट पर भाजपा की जीत का अंतर ऐतिहासिक रुप से बढ़ जायेगा। गांव से शहर तक के लोग मोदी जी को सुनने घाटशिला पहुंच रहे हैं। यह सभा ऐतिहासिक सभा होगी।

अमर बाउरी आज शाम भाजपा के साकची स्थित चुनाव प्रबंधन कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में उक्त बात कही। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन और झामुमो ने जिस व्यक्ति को अपना प्रत्याशी बनाया है, वह व्यक्ति कही से सांसद बनने योग्य नहीं है। बाउरी ने आरोप लगाया कि झारखंड में जबस झामुमो एवं इंडिया गठबंधन वाली सरकार बनी है तब से यहां विकास योजनाओं के नाम पर भ्रष्टाचार व लूट चरम पर है। झारखंड में अब तक पीएम की जितनी भी चुनावी सभाएं हुई हैं वहां बड़ी संख्या में आम जनों ने शिरकत की है। पीएम का जादू इस बार भी झारखंड में सर चढ़ कर बोल रहा है,कोई दो राय नहीं कि भाजपा इस बार झारखंड की सभी 14 सीटों पर जीत हासिल करेगी। एक सवाल पर नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि भाजपा केंद्र में 10 सालों से सत्ता में है। इन दस सालों में संविधान पर कोई खतरा नहीं हुआ है किन्तु विपक्ष अब नया नैरेटिव गढ रहा कि भाजपा तीसरी बार सत्ता में आयी तो संविधान बदल दिया जायेगा। यह कुप्रचार है। भाजपा ने जम्मू-कश्मीर की धारा 370 और 315 में संशोधन किया है जिससे कश्मीर अब भारत का अटूट हिस्सा बन चुका है। लेकिन जब से झामुमो व कांग्रेस झारखंड में सत्ता में आये हैं, दलितों और आदिवासियों पर अत्याचार बढ़ा है। यहां सरकारी संरक्षण में लव जेहाद, भूमि जेहाद के बाद अब वोट जेहाद चल रहा है जिससे आम जनता परेशान है। इंडिया गठबंधन आदिवासियों और दलितों का आरक्षण काट कर धर्म के आधार पर उसे एक समुदाय विशेष को देना चाहता है जिसे कतई स्वीकार नहीं किया जायेगा। यह पूछने पर कि पीएम की चुनावी सभा घाटशिला में करने के पीछे कोई रणनीति है? क्या ग्रामीण क्षेत्र में भाजपा पीछे चल रही है? बाउरी ने कहा कि भाजपा हर प्रखंड में मजबूत है। घाटशिला में सभा कर हमलोग ग्रामीण क्षेत्रों के मतदाताओं को पीएम को नजदीक से सुनने का अवसर देना चाहते हैं। यह पूछने पर कि एक ओर आप झामुमो प्रत्याशी पर टेंडर मैनेज करने का आरोप लगाते हैं तो दूसरी ओर धनबाद में भाजपा ने एक दागी ढुल्लू महतो को उम्मीदवार बनाया है, उसके बारे में क्या कहेंगे? बाउरी ने थोड़ा नाराज होते हुए कहा कि चुनाव में जीत और हार तय करेगा कि ढुल्लू कैसे व्यक्ति हैं। नेताओं पर तो झूठे मुकदमे तो होते ही रहते हैं। इंडिया गठबंधन के नेता राहुल गांधी पर भी पॉस्को समेत कई मुकदमे हैं? संवाददाता सम्मेलन में चुनाव प्रभारी नंदजी प्रसाद, महानगर महामंत्री अनिल मोदी, संजीव सिंह और प्रेस प्रवक्ता प्रेम झा भी मौजूद थे।



संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी। साथ में नंदजी प्रसाद और संजीव सिंह।

# सात आइपीएस और 2500 जवान संभालेंगे सभा की सुरक्षा व्यवस्था

- डीआईजी, डीसी और एसएसपी ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा
- सुरक्षा व्यवस्था में 7 आइपीएस, दंडाधिकारी और 2500 जवान रहेंगे तैनात
- दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारियों की ब्रीफिंग में दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पीएम की सभा में शिरकत करने के लिए शनिवार की शाम हेलिकॉप्टर से भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी जमशेदपुर पहुंचे। एयरपोर्ट पर उनका स्वागत भाजपा नेता सुबोध कुमार झा व उनके सहयोगियों ने गर्मजोशी से किया।

पीएम की सभा में सुरक्षा व्यवस्था संभालने के लिए 7 आइपीएस और 2500 जवान तैनात रहेंगे। सभा स्थल पर एसपीजी ने आज से कमान संभाल लिया है। एसपीजी ने 10 कारों के काफिले के साथ आज मॉक ड्रिल भी किया। हेलिपैड से पीएम कार से सभा स्थल तक आयेंगे। इसके लिए रास्ते का नये सिरे से पक्कीकरण किया जा रहा है।

इधर, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के एक दिवसीय पूर्वी सिंहभूम दौरे को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था संधारण की पुख्ता तैयारी की जा रही है। घाटशिला के ताम्र प्रतिभा मंच मैदान स्थित कार्यक्रम स्थल में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिकोण से डीआईजी, कोल्हान मनोज रतन चौथे, जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल एवं वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने तैयारियों का जायजा लिया । इस दौरान उन्होने कार्यक्रम स्थल में सभी दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को ब्रिफिंग कर सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था संधारण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर कार्यक्रम स्थल के साथ-साथ हैलिपेड व आसपास के क्षेत्र में पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की गयी है।

ब्रीफिंग में सभी दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को सजग, तत्पर एवं अनुशासन के साथ दायित्व के निर्वह्न का निर्देश दिया गया। वरीय पदाधिकारियों ने कहा कि सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं पुलिस बल ससमय अपने ड्यूटी स्थल में अपने वरीय पदाधिकारी को रिपोर्ट करेंगे।



पीएम की सभा में शिरकत करने हेलिकॉप्टर से जमशेदपुर पहुंचे पूर्व सीएम एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का एयरपोर्ट पर स्वागत करते सुबोध झा व अन्य भाजपाई और मऊभंडार में पीएम की चुनावी सभा के लिए बने मंच का निरीक्षण कर निकलते कोल्हान डीआइजी मनोज रतन चौथे, सीनियर एसपी किशोर कौशल और सबसे बायें डीसी अनन्य मित्तल।

## एक नजर में

### एनटीटीएफ के 11 छात्र फेथ ऑटोमेशन में चयनित



**जमशेदपुर।** एनटीटीएफ के गोलमुरी स्थित आर डी टाटा तकनीकी संस्थान मे बीते दिनों पुणे स्थित फेथ ऑटोमेशन कंपनी द्वारा कैंपस सिलेक्शन किया गया। जिसमे सर्वप्रथान लिखित परीक्षा,छात्रों की व्यक्तिगत प्रतिभा,तकनीकी क्षमता को परखा गया एवं फाइनल सिलेक्शन इंटरव्यू राउंड के बाद किया गया। जिसमें छात्रों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देते हुए संस्थान को गौरवान्वित किया। पुणे स्थित फेथ ऑटोमेशन कंपनी द्वारा एनटीटीएफ के 11 छात्रों को 04.10 लाख के पैकेज पर लॉक किया गया। सभी छात्रों ने तीनों राउंड के सिलेक्शन प्रक्रिया में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दे अपनी जगह इस कंपनी में बनाई। सभी चयनित छात्र एनटीटीएफ के फाइनल ईयर के डिप्लोमा इन मेकेट्रोनिक्स इंजीनियरिंग के है। तीनों राउंड के सिलेक्शन प्रोसेस के बाद आयुष कुमार शर्मा, संदीप ओझा, मानस राज वर्मा, मानव कुमार चांडल, बिस्वजीत स्वाइन दिलशाद हुसैन, पीयूष खूंटिया, रोहन सिंह, साहिल राज, जोयदेब मुखर्जी, दीपसा भट्टाचार्या को चुना गया। सभी छात्रों को फेथ ऑटोमेशन कंपनी ने 04.10 लाख की पैकेज पर पुणे स्थित कंपनी के लिए लॉक किया है।छात्रों की इस उपलब्धि पर संस्थान गौर्वांगित है।

### सेंट जॉन हाई स्कूल में समर कैंप संपन्न



**जमशेदपुर।** सेंट जॉन हाई स्कूल में स्कूल के प्रधानाचार्या आशू तिवारी के देख-रेख में समर कैंप लगाया गया, जो 11-5-24 से 16.5.24 तक चला। इसमें बच्चों के लिए फूटबॉल खो-खो, क्रिकेट, शतरंज, आईटी (सूचना प्रौद्योगिकी), नृत्य, सुलेख (कैलीग्राफी) आदि का आयोजन किया गया इसमे कक्षा क्ष से क तक के 250 बच्चों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। विद्यालय के कई शिक्षकोऔर बाहर के शिक्षकों के मार्गदर्शन में बच्चों ने इसमें भाग लिया। प्राइमरी बच्चों के लिए पेंटिंग, पॉपपेट शो शिक्षकों ने किया। उल्लास के साथ सभी बच्चों ने इसमें भाग लिया। प्रधानाचार्या आशू तिवारी के देख-रेख में समर कैंप आयोजित किया गया जो 11-5-24 से 16.5.24 तक चला। इसमें बच्चों के लिए फूटबॉल खो-खो, क्रिकेट, शतरंज, आईटी (सूचना प्रौद्योगिकी), नृत्य, सुलेख (कैलीग्राफी) आदि का आयोजन किया गया इसमे कक्षा के 250 बच्चों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। विद्यालय के कई शिक्षकोऔर बाहर के शिक्षकों के मार्गदर्शन में बच्चों ने इस आयोजन में भाग लिया। प्राइमरी बच्चों के लिए पेंटिंग, पॉपपेट शो का आयोजन शिक्षकों के द्वारा किया गया। उल्लास के साथ सभी बच्चों ने इसमें भाग लिया।

### रघुनाथ मुर्मू की याद में रक्तदान शिविर 22 मई को



**जमशेदपुर।** माझी पारगाना महाल, अष्टकोशी तोरोप डुमरिया प्रखंड की ओर से संताली लिपि के जनक ओल गुरु पं० रघुनाथ मुर्मू के 119वीं जयंती पर भागाबांदी बाजार परिसर में रक्तदान शिविर लगायेगा। यह शिविर जमशेदपुर ब्लड सेंटर और नई जिंदगी परिवार जमशेदपुर के सहयोग से किया जाएगा जो सुबह 9 बजे से अपराह्न 3 बजे तक चलेगा। तोरोप पारगाना बाबा लखन मार्डी की अध्यक्षता में कल एक बैठक भागाबांदी बाजार में आयोजित की गई, जिसमें रक्तदान शिविर की व्यापक तैयारी और जोर शोर से प्रचार प्रसार पर ध्यान देने पर विचार विमर्श किया गया। जमशेदपुर के 73 बार के आदिवासी रक्तदाता राजेश मार्डी भी जमशेदपुर ब्लड सेंटर के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित थे। राजेश मार्डी ने बताया कि रक्तदान के बाद सभी रक्तदाता साथियों को प्रशस्ति प्रमाण पत्र के साथ उपहार देकर सम्मानित किया जाएगा और भविष्य में उन्हें जरूरत पड़ने पर रक्त भी उपलब्ध कराया जाएगा । इस शिविर में सभी रक्तदाता अपने अपने पारंपरिक परिधान (फुटा काचा) व महिलाएं फुटा साड़ी में उपस्थित होंगे। इस बैठक में तोरोप पारगाना बाबा लखन मार्डी के अलावा माझी बाबा भुगलू किस्कु, रामदास टुडू, ओपन सोरेन, दिलीप हांसदा, कामेश्वर मुर्मू, बाबूराम सोरेन, मातु हांसदा, लच्छु मार्डी, जासाई हांसदा, लक्ष्मण टुडू, लक्ष्मी मार्डी, माथुर मुर्मू, विजय मुर्मू, गुंजा हेम्ब्रम आदि उपस्थित थे।

### पाटलिपुत्रा के प्लांट से चोरी गया सामान बरामद




**गम्हरिया।** कांड्रा थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। बीते मंगलवार की रात कांड्रा स्थित पाटलिपुत्रा कंपनी से चोरी किए गए सामानों को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर कांड्रा-चौका मार्ग के रघुनाथपुर जंगल से बरामद किया है। पुलिस ने उंक्त जंगल से पीवीसी पाइप बनाने वाली डाई 4 पीस, सीजर 17 पीस, मेंडरल 24 पीस और एक्साइड बैटरी 08 पीस बरामद किया गया है। कांड्रा थाना प्रभारी अंजनी कुमार ने बताया कि सम्भवत: चोरों द्वारा रघुनाथपुर जंगल में चोरी की गई सभी सामानों को अन्यत्र खपाने के लिए छुपा कर रखा गया था। पुलिस को उंक्त जंगल मे सामान होने की गुप्त सूचना मिलने के बाद वहां छापेमारी कर इन सामानों को बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि चोरी किए गए अन्य सामानों की बरामदगी हेतु प्रयास जारी है। हालांकि इस मामले में शामिल अपराधियों का पता नहीं चल पाया है। छापेमारी दल में थाना प्रभारी अंजनी कुमार के अलावा आरक्षी मनोज कुमार राय, मृत्यंजय महतो समेत कई पुलिस बल शामिल थे।

## चेन्नई में इंडस्ट्री ऑल के राष्ट्रीय सेमिनार में शामिल हुए जमशेदपुर के मजदूर नेता



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** चेन्नई में इंडस्ट्री ओल आगेर्नाईजेशन का दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार हुआ। जिसमें देशभर से मजदूर नेता आने वाले समय के इंडस्ट्री और मजदूरों की विषयों पर जिसमें विशेष कर इंडस्ट्री 0.4 एवं ऑटो सेक्टर में ईवी (इलेक्ट्रिकल वेहिकल) जैसे तकनीक की आने से उद्योग एवं मजदूरों पर पड़ने वाले प्रभाव पर विचार मंथन किया। जमशेदपुर से टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष श्री गुरमीत सिंह एवं महामंत्री श्री आरके सिंह ने अपने विचारों को प्रथम दिन में प्रस्तुत किया जिसमें महामंत्री आरके सिंह ने कहा कि इंडस्ट्री विकास के चौथे चरण में अब हम लोग पूर्ण रूपेण तकनीकी के माध्यम से डाटा ट्रांसफर के साथ गुणवत्ता की परिपाटी पर बेहतर से बेहतर प्रोडक्ट बाजार में प्रस्तुत कर उद्योग की एक नई ऊंचाई को छूने वाले युग को साक्षी बना रहे हैं।

## मोदी के 10 वर्षों के कार्यकाल में एचसीएल की ताम्र खदानें बंद, एयरपोर्ट भी नहीं बना : सुप्रियो

- झामुमो के केंद्रीय महासचिव ने पीएम की चुनावी सभा के पूर्व उठाये कई सवाल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जमशेदपुर सीट के मौजूदा भाजपा सांसद बिद्युतबरण महतो पर क्षेत्र की जनता के साथ अन्याय करने का आरोप लगाया है। यहां एक संवाददाता सम्मेलन में श्री भट्टाचार्यी ने कहा कि अगामी लोकसभा चुनाव के प्रचार के क्रम में कल दिनांक 19 मई 2024 को जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार करने भाजपा के स्टार प्रचारक और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी मउभण्डार (घाटशिला) आ रहे हैं। आदरणीय प्रधानमंत्री जी आप 2014 में पहली बार इस देश में प्रधानमंत्री बने और अब 10 वर्ष बित जाने के बाद भी प्रधानमंत्री पद के अंतिम दौर में झारखण्ड आ रहे हैं।

उन्होंने पीएम को संबोधित करते हुए कहा, आपकी स्मरण के लिए यह बता दें कि आप कल जहां आ रहे हैं, वहां देश का सबसे बड़ा ताम्र सम्पदा है। वहां पर देश के प्रतिष्ठित हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड स्थित है, जो मउभण्डार में ही है। हिन्दुस्तान कॉपर का राखा तांबा खान, सुरदा तांबा खान, मुसाबनी तांबा खान से ही हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड चलता है। आपके सरकार में आने के बाद यह तीनों खान आपके नितियों के कारण बंद हो गया है।



सुप्रियो भट्टाचार्य।

## सिंहभूम चैंबर ने मतदाता जागरूकता के लिए निकाली ऐतिहासिक बाइक-कार रैली

- महिला व्यापारियों ने भी बाईक एवं कार रैली में की शिरकत
- विंटेज कार बना आकर्षण का केन्द्र, लोगों ने ली सेल्फी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैम्बर के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत चैम्बर भवन बिष्टुपुर से बाईक एवं कार रैली का आयोजन किया गया। रैली को आयकर के जमशेदपुर प्रिंसिपल कमिश्नर शिशिर धमीजा, पूर्व अध्यक्ष मुरलीधर केडिया, उमेश कांवटिया, समाजसेवी रमेश अग्रवाल, राजन कमानी, ओमप्रकाश रिंगसिया, उदित अग्रवाल, स्मिता पारीख, चैम्बर अध्यक्ष विजय आनंद मूनका, महासचिव मानव केडिया के गरिमामय उपस्थिति में रवाना किया गया। बाइक रैली चैंबर भवन से प्रारंभ होकर बिष्टुपुर गोलचक्क्र, स्टेज्ट माईल रोड, साकची गोलचक्कर, मिल्खीराम मार्केट, बाराद्वारी, भालूबासा, एग्रिको गोलचक्कर, गोलमुरी, बमार्माइंस, जुगसालाई से होते हुये चैम्बर भवन पहुंचकर समाप्त हुई।



## टाटा स्टील यूआईएसएल मानसून के लिए है तैयार

- मॉनसून से पूर्व नालों के सफाई के लिए शुरू किया अभियान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** शहर की वार्षिक प्री-मानसून तैयारियों के प्रयासों के तहत, टाटा स्टील यूआईएसएल ने नालों की व्यापक सफाई और गाद निकालने की पहल की है। आगामी बरसात के मौसम के दौरान सुचारू और कुशल जल प्रवाह सुनिश्चित करने के लिए शहर के जल निकासी नेटवर्क की सफाई प्रक्रिया चल रही है। नालों के रास्ते में या उसके बहुत करीब कुछ निर्माण हैं, जिससे पैदा हुई रुकावट के कारण वर्षा जल जमाव हो सकता है। इसलिए नालों को साफ करना महत्वपूर्ण है ताकि वर्षा जल नदी में स्वतंत्र रूप से प्रवाहित हो सके। शहर भर के विभिन्न नालों से गाद निकालने और सफाई का काम इस साल मार्च की शुरूआत में शुरू हुआ और इसमें महत्वपूर्ण प्रगति हुई है।



## पोटका क्षेत्र में ढोल और नगाड़े की धुन पर नाचते-गाते हुआ झामुमो प्रत्याशी का स्वागत

- चुनाव प्रचार के दौरान मिले समर्थन से गदगद दिखे समीर महंती
- झामुमो विधायक संजीव सरदार का क्षेत्र है पोटका

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन समर्थित झामुमो प्रत्याशी समीर महंती ने शनिवार को ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र पोटका का सघन दौरा कर जन संपर्क अभियान चलाया। इस दौरान आदिवासी समाज की महिलाओं ने उनका जगह-जगह स्वागत किया और अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया।

पोटका विधानसभा के डोमजुरी पंचायत में झामुमो प्रत्याशी समीर महंती पहुंचे तो ग्रामीण स्वयं नगाड़े लेकर उनके साथ नाचते-गाते निकले। इससे उत्साहित समीर महंती ने कहा, डोमजुरी में यह अहसास हुआ कि यह चुनाव हम लोग नहीं, बल्कि जनता स्वयं लड़ रही है। और, जब जनता स्वयं चुनाव लड़ती है तो फिर मुद्दे भी उनके होते हैं और फैसला भी उनका ही होता है। लोकतंत्र के इस महापर्व में जनता ही सर्वोपरि है और जब वह आपके साथ है, फिर आपको कौन पराजित कर सकता है? इसी जनता-जनार्दन के आशीर्वाद एवं उनके सहयोग से, हम लोग जमशेदपुर की राजनीति में परिवर्तन लायेंगे। पोटका विधानसभा अंतर्गत डोमजुरी पंचायत में जनसंपर्क के पश्चात समीर महंती ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यहां की बहनों ने हमारा स्वागत करने के बाद सीधा सवाल दागा ,गैस से लेकर तेल, नमक, अनाज तक और दवाई से लेकर पढ़ाई तक, सब कुछ महंगा हो गया है। ऐसी परिस्थिति में घर चलाना मुश्किल हो गया है। समीर महंती ने सवालिया लहजे में पूछा कि माननीय प्रधानमंत्री जी, क्या आप मेरी इन बहनों की गुहार सुन पा रहे हैं? आप की प्राथमिकता में आम जनता के मुद्दे कब आयेंगे?



डोमजुरी में नगाड़ा बजाते हुए समीर महंती को अपने क्षेत्र में जन संपर्क करवाते ग्रामीण और डोमजुरी में पारम्परिक नृत्य कर झामुमो प्रत्याशी का स्वागत करती आदिवासी महिलाएं।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव ने भाजपा के पक्ष में मांगा वोट



दौरा करते समीर उरांव

खबर मन्त्र संवाददाता

**महुआडांड़।** राज्यसभा सांसद सह जनजाति सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव ने शुक्रवार को महुआडांड प्रखंड के आधा दर्जन पंचायतों का तुफानी दौरा कर चतरा लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के पक्ष में वोट मांगा। महुआडांड़ के विभिन्न क्षेत्रों के दौरा के क्रम में समीर उरांव ने महुआडांड़ प्रखण्ड के नेतरहाट, सोहर, हामी, ओरसा, दुरूप, महुआडांड व अम्बवाटोली पंचायत के दर्जनों ग्रामों का दौरा कर ग्रामीणों संग जनसंवाद किया। समीर उरांव ने कहा कि भाजपा सरकार दस वर्षो में कई जन समस्याओं का समाधान किया है। मोदी सरकार ने सड़क, बिजली, पानी की समस्या दूर करते हुए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण, अन्न योजना, आयुष्मान कार्ड, उज्जवला योजना, किसान सम्मान योजना, अंत्योदय योजना, उजाला योजना सहित दर्जनों योजनाएं धरातल पर उतारकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का काम किये हैं।

# पांच भाईयों के घर में लगी आग, लाखों रुपये की संपत्ति जलकर राख

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** थाना क्षेत्र के सुंडीपुर गांव में अगलगी की घटना में पांच व्यक्ति का घर जल कर राख हो गया। घटना शनिवार साढ़े ग्यारह बजे दिन की है। आग कैसे लगी कारण अज्ञात है। इस अगलगी की घटना में गौतम शर्मा, प्रेमचंद शर्मा, सुभाष शर्मा, कुणाल शर्मा व संतोष शर्मा सभी पिता प्रभु दयाल ठाकुर का घर जलकर राख हो गया। इस घटना में लाखों रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने लगभग आाा दर्जन बिजली मोटर चलाकर बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया। आग बुझाने में छोटे बड़े सैकड़ों लोग लग गए। गनीमत यही थी कि उस समय बिजली थी जिससे बिजली मोटर चल सका। उस समय हवा भी बंद थी। नही तो दर्जनों घर आग के चपेट में आ सकता था। पीड़ित परिवार ने बताया कि इस घटना में घर में रखे 4 लाख का गहना, कपड़ा, अनाज, ट्रंक बक्सा, खपड़ा बांस लकड़ी सहित लगभग 10 लाख की संपत्ति जल कर राख हो गया। पीड़ित ने अंचल कार्यालय व थाना को आवेदन देकर नुकसान का जांच कर उचित मुआवजा की मांग की है। गाड़ाखुर्द पंचायत मुखिया प्रतिनिधि नीरज सिंह ने घटनास्थल पर पहुंच कर पीड़ित परिवार से मिलकर हर सम्भव मदद करने का आश्वासन दिया।

उधर जिला पार्षद प्रतिनिधि दिनेश कुमार ने भी पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग प्रशासन से किया है। घटना की सूचना पाकर सीओ मोहम्मद आफताब आलम ने राजस्व कर्मचारी गणेश चौधरी को घटना स्थल पर भेज कर नुकसान का आकलन किए। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को सरकारी प्रावधान के तहत उचित मुआवजा मिलेगा।



जले घर को दिखाता पीड़ित परिवार

## खबर एक नजर में

### ग्रीन फील्ड एकेडमी में दो दिवसीय समर कैम्प का हुआ समापन

**चंदवा।** स्थानीय ग्रीन फील्ड सीनियर व जूनियर विंग में चल रहे दो दिवसीय समर कैम्प का समापन हो गया। दो दिवसीय कैम्प के दौरान विद्यार्थियों के बीच कई प्रकार के मनोरंजक खेल प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया, जिसका बच्चों ने जमकर लुत्फ उठाया। कक्षा 2 से 4 तक के विद्यार्थियों ने फैशन शो, फायर लेस कुकिंग, डांस, स्वीमिंग पूल में तैराकी का आनंद लिया। कक्षा 5 से 7 तक के विद्यार्थियों ने इनडोर गेम व फिल्म का आनंद लिया, जबकि कक्षा 8, 9 एवं 10 के छात्राओं ने फिल्म व इनडोर गेम एवं छात्रों ने क्रिकेट, तीरंदाजी, शूटिंग व वॉलीबॉल जैसे गेम का जमकर लुत्फ उठाया। इस मौके पर प्राचार्य उदय नारायण कपूर ने कहा कि पढ़ाई के साथ बीच बीच खेल व मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित होने ने विद्यार्थियों में उमंग व नई ऊर्जा का संचार होता है। मानसिक तनाव से मुक्ति व तरोताजगी के लिए ऐसे आयोजन काफी लाभप्रद साबित होते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य उदय नारायण कपूर के अलावे निदेशक अरविंद सिंह, शिक्षिका अनुराधा कुमारी समेत अन्य ने अहम योगदान दिया।

### पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने चलाया भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में प्रचार अभियान

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के भगिया, पुरनापानी, बघोता, जाला, शेरेगड़ा समेत कई गांव में मांडर की पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने चतरा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह के पक्ष में प्रचार-प्रसार अभियान चलाया। मौके पर बोलते हुए पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने कहा भाजपा सरकार ने आदिवासियों को सम्मान देते हुए एक आदिवासी को राष्ट्रपति बनाया है। सरकार द्वारा पहली बार आदिवासी एवं पिछड़ा आयोग का गठन किया गया। झारखंड से एक आदिवासी अर्जुन मुंडा को केंद्रीय मंत्री बनाया। भोक्ता समाज को सम्मान देते हुए आदिवासी का दर्जा दिया। अर्जुन मुंडा के सरकार में कई दशक बाद पंचायत चुनाव हुआ। लेकिन कांग्रेस पार्टी एवं महागठबंधन आज झूठ बोलने पर उतरी हुई है। लोगों के बीच भ्रम फैलाया जा रहा है कि आरक्षण एवं संविधान समाप्त हो जाएगा लेकिन बाबा साहब भीमराव अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान को कोई नहीं बदल सकता है।

### राजद का महुआडांड प्रखण्ड अध्यक्ष प्रदीप बड़ाईक ने पुन: भाजपा में की घर वापसी

**महुआडांड़।** प्रखण्ड राजद अध्यक्ष सह हामी पंचायत के मुखिया प्रदीप बड़ाईक ने शुक्रवार को राज्यसभा सांसद सह जनजाति सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव के समक्ष पुनः घर वापसी किये। प्रदीप बड़ाईक के पुनः घर वापसी किये जाने पर समीर उरांव ने भाजपा का पट्टी पहनाकर स्वागत किये। वहीं उपस्थित मनिका विधान सभा के भाजपा कोर कमेटी के सदस्य भुवनेश्वर सिंह, संजय जायसवाल, महामंत्री जमुना प्रसाद आदि भाजपाईयों ने ताली बजाकर व नारे लगाकर भाजपा में स्वागत किये। भाजपा में शामिल होने के बाद प्रदीप बड़ाईक ने कहा कि मैं भारतीय जनता पार्टी में जमीनी स्तर से हूँ। थोड़े दिन के लिए बिछुड़ गया था। भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रवाद की राजनीति करती है। पार्टी राष्ट्र के निर्माण के लिए काम करती है। सबका साथ सबका विकास करना ही पार्टी की नीति है। इसी से प्रभावित होकर पुनः घर वापसी कर रहें हैं।

### तैलिक समाज की बैठक संपन्न

**लातेहार।** शहर के चटनाही चौक स्थित आरपीडी सेनेटरी की दुकान में शनिवार को तैलिक समाज की एक बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता तेलिक समाज के जिला अध्यक्ष रामप्यारे प्रसाद ने की। बैठक में सर्वसम्मति से भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को समर्थन देने की बात कही। जिला अध्यक्ष रामप्यारे प्रसाद ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री सबका साथ, सबका विकास के नारे के साथ कार्य कर रही है। इसलिए इस बार समाज का वोट बीजेपी को दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में जिस तरह देश में तेजी से विकास हो रहा है। उसे जारी रखना जरूरी है। वरीय पत्रकार सह अधिवक्ता सुनील कुमार ने कहा कि देश से सर्वपरी कुछ भी नहीं है। इसलिए बीजेपी को जिताना जरूरी है।

### दो मतदान केंद्र को सुरक्षा के दृष्टिकोण से किया गया स्थानांतरित

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र में कुल 50 मतदान केंद्र है। स्थानांतरित मतदान केंद्र संख्या 29 उत्क्रमित मध्य विद्यालय इंदुवा के सभी मतदाता उत्क्रमित मध्य विद्यालय बालूभांग में जाकर मतदान करेंगे। मतदान केंद्र संख्या 30 उत्क्रमित मध्य विद्यालय हेरनहोपा के सभी मतदाता उत्क्रमित मध्य विद्यालय लाटू जाकर मतदान करेंगे। दोनों हस्तांतरित मतदान केंद्र में मतदाताओं के लिए विभाग द्वारा वाहन का भी व्यवस्था की गई है। ताकि लोगों को मतदान केंद्र लाया जा सके। 50 मतदान केन्द्रो में से पांच ऐसे मतदान केंद्र है जहाँ मतदान कर्मी 19 मई को ही मतदान केंद्र में निवासन करेंगे। मध्य विद्यालय बारियातू ( दक्षिण भाग 67 ) उत्क्रमित मध्य विद्यालय मंझीलाडीह 68, मध्य विद्यालय बारियातू ( उतर भाग 69 )मध्य विद्यालय गाड़ी 70, उत्क्रमित मध्य विद्यालय लोदमदाग 71, मतदान केंद्र संख्या 60 उत्क्रमित मध्य विद्यालय इटके को पर्दा नशीन के रूप में चिन्हित किया गया है। दिव्यांग एंव वरिष्ठ मतदाताओं के लिए विभाग द्वारा वाहन की व्यवस्था की गईं है। जिसमे अक्षम मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाया जायेगा। मतदान समाप्ति के पश्चात 50 मतदान केन्द्रो में से 18 मतदान केंद्र का इवीएम मतदान दिवस के दिन ही बज्रगृह चतरा कॉलेज चतरा में जमा कर दिया जायेगा। शेष 32 मतदान केन्द्रो का इवीएम सुरक्षा के दृष्टिकोण से मतदान दिवस के अगले दिन बज्रगृह चतरा कॉलेज चतरा में जमा किया जायेगा।

### खरवार भोगता विकास संघ ने किया बैठक

**बारियातू।** प्रखंड स्थित सरना भवन परिसर में शनिवार को खरवार भोगता विकास संघ ने बैठक कर विचार विमर्श किया। बैठक में मुख्य रूप से लोक सभा चुनाव सम्बंधी चर्चा किया गया। चर्चा के दौरान बताया की खरवार भोगता विकास संघ के प्रखंड अध्यक्ष बहादुर गंझु इंडिया गठबंधन का सदस्यता ग्रहण किए हैं। उनका निजी विचार था। खरवार भोगता विकास संघ एक सामाजिक परिवर्तन का संगठन है और बहादुर गंझु सामाजिक संगठन का नाम लेकर चुनाव प्रचार कर रहे हैं। समाज को व्यक्तिगत निर्णय से कोई लेना देना नहीं है। वहिष्कार करते हैं।

### नालंदा पुलिस की बढ़ती बर्बरता से सहमें हैं नालंदावासी

**बिहारशरीफ।** नालंदा में पुलिस का अमानवीय चेहरा अपने शिखर पर पहुंच गया है। कानून व्यवस्था को संवारने की बात कहने वाली पुलिस अपने जूतों से कानून को रौंद रहे हैं। लगातार नालंदा में सामने आ रही पुलिस की दमनकारी मानसिकता अब चिंता का विषय बनता जा रहा है। प्रकरण में नालंदा के पुलिस अधीक्षक अशोक मिश्रा ने बयान में कहा है कि पूरे मामले की जांच कराई जा रही है। बीच सड़क पर पुलिस की मनमानी से पुलिस का जवान एक युवक को बेरहमी से पिटते हुए युवक को गले का गमछा पकड़कर पहले लात-घूसे मारता है। इसके बाद, उसे कई बार जमीन पर पटककर पीटता है। जब जवान का गुस्सा शांत नहीं होता, तो वह युवक के सीने पर बूट से कई बार वार करता है। इसके बाद, वह अपने सहकर्मी को बुलाता है। थोड़ी देर बाद, 112 आपात वाहन आती है और जवान युवक को मारपीट करते हुए गाड़ी में जबरन बिठा ले जाता है। अपराधी चाहे जिस प्रकार का भी क्यों ना हो? पुलिस उसे हिरासत में लेती है। उसके खिलाफ मामला दर्ज कर उसे न्यायालय के सुपुर्द किया जाता है। यहां तो नालंदा की पुलिस खुलेआम दिनदहाड़े बीच सड़क पर कसाई की तरह निर्दोष लोगों को पीट रही है।

# दो विधानसभा के पूर्व और वर्तमान विधायकों की प्रतिष्ठा दांव पर




भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह, महागठंबधन प्रत्याशी केएन त्रिपाठी

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** लोकसभा चुनाव में चतरा संसदीय क्षेत्र अंतर्गत लातेहार और मनिका विधानसभा क्षेत्र के वर्तमान और पूर्व विधायकों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई है। एक ओर जहां इस लोकसभा चुनाव में लातेहार से जेएमएम विधायक बैद्यनाथ राम और मनिका से कांग्रेस विधायक रामचंद्र सिंह अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र से महागठंबधन प्रत्याशी केएन त्रिपाठी को प्रचंड बहुमत से जीत दिलाने के लिए व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार कर रहें है। वहीं दूसरी ओर भाजपा एनडीए गठबंधन से लातेहार विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रकाश राम और मनिका के पूर्व विधायक हरिकृष्ण सिंह भी एनडीए भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह को जीत दिलाने के लिए दिन रात एक किए हुए है।

चुनाव को लेकर सब अपने अपने गणित भिड़ाने में लगे हुए है। आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर यह लोकसभा चुनाव चारों दिग्गज नेताओं के लिए अग्नि परीक्षा से कम नहीं है।

विधानसभा क्षेत्र में अपनी-अपनी साख बचाने के लिए इन दिग्गजों ने कमर कसी हुई है और चुनाव प्रचार में अपनी पूरी ताकत झोंक दी हैं।

# बिहार में 5 सीटों पर थमा शोर, 80 उम्मीदवार मैदान में

## चिराग, रोहिणी, रूढ़ी जैसे नेताओं की प्रतिष्ठा दांव पर



खबर मन्त्र ब्यूरो

**पटना।** लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के लिए प्रचार-प्रसार का शोर शनिवार की शाम थम गया। पांचवें चरण में बिहार की पांच सीटों सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, सारण और हाजीपुर में 20 मई को मतदान होगाष इस चरण में कई दिग्गज उम्मीदवारों राजीव प्रताप रूडी, लालू की पुत्री रोहिणी आचार्य, चिराग पासवान की साख दांव पर है। इन सीटों पर विभिन्न दलों के उम्मीदवारों ने अपनी-अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरी ताकत झोंक दी। एनडीए और महगठबंधन के प्रत्याशियों में सीधी टक्कर है।

**80 उम्मीदवार मैदान में :** पांचवें चरण में कुल कुल 80 प्रत्याशियों के किस्मत का फैसला होना है। इसमें सबसे अधिक 26 प्रत्याशी मुजफ्फरपुर लोकसभा क्षेत्र में हैं , जबकि सबसे कम 12 प्रत्याशी मधुबनी लोकसभा क्षेत्र में हैं। इसके अलावा सीतामढ़ी में 14, सारण में 14 और हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र में 14 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। कुल प्रत्याशियों में 74 पुरुष, जबकि छह महिला प्रत्याशी हैं। सारण लोकसभा क्षेत्र से कुल 14 उम्मीदवार मैदान में हैं, लेकिन मुकाबला एनडीए की ओर से भाजपा के राजीव प्रताप रूडी और महागठबंधन की ओर से राजद की रोहिणी आचार्य के बीच है। यहां रूडी जीत की हैट्रिक लगाने की कोशिश में हैं, वहीं रोहिणी के सामने अपनी विरासत बचाने की चुनौती है. रोहिणी के लिए यहां पूरे लालू परिवार ने प्रचार किया है।

हाजीपुर लोकसभा हॉट सीट में से एक है। यहां से लोजपा रामविलस के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान एनडीए उम्मीदवार हैं, वहीं राजद ने उनके मुकाबले रविदास समाज से आने वाले पूर्व मंत्री शिवचंद्र राम को उम्मीदवार बनाया है। इस सीट से चिराग पासवान के पिता रामविलास पासवान आठ बार चुनाव जीत चुके हैं। ऐसे में चिराग पासवान के लिए यहां विरासत बचाने की जंग है। मुजफ्फरपुर लोकसभा सीट से भाजपा लगातार दो बार से जीत रहे मौजूदा सांसद और जय नारायण निषाद के बेटे अजय निषाद का टिकट काटकर विकासशील इंसान पार्टी के उम्मीदवार डॉ राज भूषण चौधरी को मैदान में उतारा है। वहीं भाजपा से बदला लेने के लिए अजय निषाद कांग्रेस के उम्मीदवार हैं। सीतामढी लोकसभा सीट से 14 प्रत्याशी हैं। लेकिन मुकाबला (एनडीए) और महागठबंधन के बीच है। यहां से जदयू ने अपने मौजूदा सुनील कुमार पिंटू का टिकट काट कर बिहार विधान परिषद के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर को दिया है। वहीं राजद की तरफ से मैदान में अर्जुन राय हैं। मधुबनी लोकसभासीट से 12 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। मुकाबला भाजपा के अशोक कुमार यादव और राजद के अली अशरफ फातमी के बीच है। अशोक कुमार यादव अभी मधुबनी का वर्तमान सांसद है।

**9436 बूथों पर वोटिंग :** आयोग ने पांच लोकसभा क्षेत्रों में 9436 बूथों की स्थापना की है। मतदान के लिए 11323 बैलेट यूनिट, 11323 कंट्रोल यूनिट और 12267 वीवीपैट का आवंटन किया गया है। इस चरण में औसतन 1008 मतदाता प्रति बूथ मतदान करेंगे। पांचवें चरण में कुल 95 लाख 11 हजार 186 मतदाता हैं। इसमें 49 लाख 99 हजार 627 पुरुष, 45 लाख 11 हजार 259 महिला और 300 थर्ड जेंडर के मतदाता शामिल हैं। 100 वर्ष से अधिक उम्र के 3020 मतदाता हैं जबकि ओवरसिज 10 मतदाता हैं। वहीं 18-19 वर्ष वाले मतदाताओं की उम्र एक लाख 26 हजार 154 है।

## बीडीओ ने सखी मंडल के दीदियों के साथ की बैठक

**चंदवा।** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी को लेकर जिला प्रशासन के द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित कर लोगो को मतदान के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को बीडीओ सह निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी चंदन प्रसाद ने प्रखण्ड कार्यालय सभागार में प्रखण्ड के विभिन्न क्षेत्रों के सखी मंडल की दीदियों के साथ बैठक की। बैठक को संबोधित करते हुए श्री प्रसाद ने कहा कि इस बार के लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने में सखी मंडल की दीदियों की भूमिका काफी अहम होने वाली है। इस दौरान उन्होंने सखी मंडल की दीदियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया।

65 हेली ड्रॉपिंग बूथ के लिए पीठासीन निकले

# उपायुक्त ने प्रथम मतदान पदाधिकारियों को बूथ के लिए किया रवाना



कार्यो का जायजा लेते डीसी व एसपी

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** लोकसभा निर्वाचन के पांचवे चरण के तहत 04 चतरा लोक सभा क्षेत्र अंतर्गत लातेहार जिला में 20 मई को होने वाले चुनाव के मद्देनजर भारत माता भवन के प्रांगण में बनाए गए डिस्पैच सेंटर से आज प्रातः 5 बजे से 65 हेली ड्रॉपिंग बूथ के लिए पीठासीन, प्रथम मतदान पदाधिकारियों को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह ने मनोबल एवं उत्साहवर्धन कर शुभकामनाओं के साथ क्लस्टर हेतु रवाना किया। इसके अलावे डिस्पैच सेंटर से सभी आवश्यक सामग्रियों के साथ 13 मतदान पदाधिकारी (पीठासीन, प्रथम मतदान पदाधिकारी, द्वितीय मतदान पदाधिकारी एवं तृतीय मतदान पदाधिकारी), सेक्टर पदाधिकारी, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को ट्रेन से अपने-अपने निर्धारित मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया गया।

# चतरा संसदीय क्षेत्र में चुनाव निमित लगा 48 घण्टे ड्राई डे



शराब दुकान

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** चतरा संसदीय क्षेत्र में 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के मध्यनजर प्रशासन के द्वारा 18 मई शनिवार की शाम 5 बजे से 20 मई सोमवार की शाम पांच बजे तक लातेहार जिले में ड्राई डे घोषित कर दिया गया है। जिसके बाद से अंग्रेजी शराब दुकानों में ताला लटक गया है। लेकिन सूत्रों से जो जानकारी निकल कर सामने आ रही है उसके अनुसार शराब दुकान के कर्मी ड्राई डे लगने से पूर्व ही दुकानों से बड़ी मात्रा में शराब को सुरक्षित ठिकाने लगा दिया है, ताकि इसका उपयोग चुनाव के दौरान ऊंची दर पर की जा सके।

पथ निर्माण में घटिया सामग्री प्रयोग करने के खिलाफ

# ग्रामीणों ने किया हंगामा



हंगामा करते ग्रामीण

खबर मन्त्र संवाददाता

**धुरकी।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गनियारीकला पंचायत से लेकर मीरचईया गांव तक मुख्यमंत्री सड़क योजना से नव निर्माण हो रहे कालीकरण में ठेकेदार के द्वारा घटिया पत्थर व निम्न स्तर का गिट्टी सीमेंट मैटेरियल का प्रयोग होता देखकर ग्रामीणो ने शनिवार को जमकर हंगामा किया। सड़क निर्माण करा रहे ठेकेदार के खिलाफ स्थानीय ग्रामीणों ने गनियारीकला पंचायत अंतर्गत डारी टोला मे जमकर हंगामा करते हुए ठेकेदार और मुंशी का भी विरोध किया। स्थानीय ग्रामीण लक्ष्मण सिंह, मनिष तुरिया, असगर अंसारी, रामचंद्र सिंह, देवराज सिंह, विफे सिंह सहित दर्जनों ग्रामीणों ने नारेबाजी करते हुए ठेकेदार के खिलाफ विभागीय कार्रवाई व कार्य करा रहे मुंशी की दादागिरी से क्षुब्ध होकर ग्रामीणो ने मुंशी पर दादागिरी करने का भी आरोप लगाया। उपरोक्त ग्रामीणो ने कहा कि गनियारीकला गांव आदिवासी बाहुल्य है, वहीं आजादी के बाद इस सड़क का पहली बार कालीकरण किया जा रहा है। ग्रामीणो ने कहा कि सड़क को पहले सुदृढ़ीकरण करने के बाद कालीकरण करना है, लेकिन ठेकेदार अपनी मनमानी करते हुए जैसे-तैसे बिना चौड़ाई के और बिना मिट्टी डाले काम करा रहा है।

## निजी टिप्पणी के बाद बिफरे बड़े नेता, जमकर हुआ हो-हंगामा

**चंदवा।** लोकसभा चुनाव में मतदान की तारीख महज एक दिन शेष रह गया हैं। ऐसे मे हर राजनीतिक दल के कार्यकर्ता मतदाताओं को रिझाने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। जैसे-जैसे मतदान का दिन नजदीक आ रहा है वैसे-वैसे विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के बीच अंदर खाने की बात बाहर आ रही है। सबसे विचित्र स्थिति महागठबंधन दलों की है, प्रचार अभियान में तो लगे हैं, लेकिन झंडा अपनी पार्टी का लेकर चल रहे हैं। ऐसे में लोगों को यह समझ में नहीं आ रहा है कि चुनाव चिन्ह क्या है, यही हालत गठबंधन दलों के साथ है। शुक्रवार की देर शाम स्थानीय महागठबंधन के चुनाव कार्यालय में बड़ी विचित्र स्थिति उत्पन्न हो गई। लातेहार में रोड शो के बाद प्रत्याशी केएन त्रिपाठी, लातेहार विधायक बैजनाथ राम समेत अन्य लोग चंदवा कार्यालय पहुंचे। महा गठबंधन दल के लोगों का आपस में ही ऐसे लड़ना पूरे शहर में चर्चा का विषय बना है। मतदाताओं का कहना है कि अभी जब यह आपस में एकजुट नहीं है।

# मामूली विवाद में दो सगे भाइयों में मारपीट, कई घायल



खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के बूढ़ीखाड़ गांव में घर बनाने को लेकर हुए मामूली विवाद में दो सगे भाइयों में एक ने सबल से तो दूसरे ने गैता से एक दूसरे के ऊपर वार कर दिया। जिसमे दोनों पक्ष के चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों को रेफरल अस्पताल लाया गया। जहां से चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घायलों में मझिआंव थाना क्षेत्र के बूढ़ीखाड़ गांव के रामजन्म यादव के 45 वर्षीय पुत्र राजेंद्र यादव एवं 38 वर्षीय उसकी पत्नी कमला देवी तथा छोटा पुत्र 40 वर्षीय महेंद्र यादव एवं 35 वर्षीय उसकी पत्नी गंगाजल देवी का नाम शामिल है। घटना के संबंध में घायल राजेंद्र ने बताया कि अपने हिस्से की जमीन में अपना घर बनाने के लिए दीवार खड़ा किया हूं। लेकिन मेरा छोटा भाई महेंद्र यादव हिस्से से अधिक जमीन में दीवार खड़ा करने का आरोप लगा मेरे से पैसा देने को लेकर परेशान कर रहा है। इसके बावजूद भी मैं बोला कि अभी पैसे नहीं है मैं बाद में दूंगा। इसी बात को लेकर मेरे भाई ने बोला कि मुझे अभी का अभी पैसा चाहिए। जबकि मैंने कहा कि कुछ दिन का मोहल्लत दो मैं पैसा चुका दूंगा। लेकिन वह नहीं माना। इसी बात से गुस्सा होकर महेंद्र यादव एवं उसकी पत्नी गंगाजल देवी ने मेरी पत्नी कमला देवी को पटक कर मारने लगे। उसी दौरान छोटा भाई महेंद्र ने घर में रखे गैता से मेरी पत्नी के माथा के ऊपर वार कर दिया, लेकिन गैता माथा पर न लगकर ललाट पर लगा और वो घायल हो गई और मुझे भी लाठी डंडा से पीटकर घायल कर दिया। वहीं दूसरी ओर घायल महेंद्र यादव की पत्नी गंगाजल देवी ने बताई की मेरे भसुर राजेंद्र यादव मेरे हिस्से की जमीन में दीवार खड़ा कर दिए हैं। उसके एवज में पैसा देने की बात हुई थी। पैसा मांगने पर कहा की मैं तुमको एक फूटी कौड़ी भी नहीं दूंगा और गुस्से में आकर मेरे पति महेंद्र यादव को सांबल से मार कर घायल कर दिए। घायल कमला देवी एवं महेंद्र यादव को गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

स्पीड न्यूज

## 'हाउसफुल 5' में होगी अर्जुन रामपाल की एंट्री



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन रामपाल की एंट्री हाउसफुल 5 में हो सकती है। अक्षय कुमार स्टारर फिल्म हाउसफुल 5 की चर्चा काफी समय से हो रही थी। हाउसफुल 5 को लेकर एक अपडेट सामने आया है। इस फिल्म में अभिषेक बच्चन के बाद अब अर्जुन रामपाल की भी एंट्री हो सकती है। हाउसफुल के पहले पार्ट में अर्जुन रामपाल नजर आए थे।हाउसफुल 5 में अक्षय कुमार, रितेश देशमुख, अभिषेक बच्चन जैसे सितारे नजर आने वाले हैं।अर्जुन रामपाल भी अहम भूमिका में दिखेंगे।

## वैष्णो देवी के भक्तों को प्रसाद में मिलेगा पौधा

कटरा। माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को अब विशेष प्रकार का प्रसाद मिलेगा। बताया जा रहा है कि श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड द्वारा श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में एक पौधा दिया जाएगा। इसकी पूरी तैयारी कर ली गई है। श्राइन बोर्ड के चेयरमैन उप राज्यपाल मनोज सिन्हा के निर्देशों पर बोर्ड पर्यावरण की सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान दे रहा है जिस कारण ऐसा कदम उठाया गया है। माता वैष्णो देवी आने वाले श्रद्धालुओं को पौधे निहारिका परिसर में एक हाईटेक आउटलेट से वितरित किए जाएंगे।

## विदेश से लौटे राघव चड्ढा केजरीवाल से मिले

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा लंबे समय बाद विदेश से लौट आए हैं। शनिवार सुबह करीब 10 बजे उनके दिल्ली आने की बात सार्वजनिक हुई। वह विदेश से लौटते ही पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल से मिलने उनके आवास पर पहुंचे। राघव चड्ढा बीते कुछ महीनों से ब्रिटेन में थे। वहां पर उनके आंख की सर्जरी हुई है। इस बीच उनकी अनुपस्थिति में तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे थे।

## गाजा में इजरायल का हमला, 15 मरे

गाजा। उत्तरी गाजा पट्टी में इजरायली हमले में 15 लोगों की मौत हो गयी और 30 अन्य घायल हो गये। फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों के मुताबिक इजरायली लड़ाकू विमानों ने गाजा में फिलिस्तीनी शरणार्थियों के जबालिया शिविर में विस्थापित लोगों के आवासीय घरों और एक आश्रय केंद्र को निशाना बनाकर मिसाइलें दागीं। हमले में 15 लोगों की मौत हो गयी और 30 अन्य घायल हुए हैं। बचावकर्मी घायलों को उपचार मुहैया कराने की व्यवस्था में जुटे हैं।

## अफगानिस्तान में गोला फटने से दो बच्चों की मौत

मजार-ए-शरीफ। उत्तरी अफगानिस्तान के बल्ख प्रांत में एक विस्फोटक गोले के फटने से दो बच्चों की मौत की पुष्टि हुई है और अन्य एक घायल हो गया है। प्रांतीय पुलिस के एक बयान में शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना प्रांत के बल्ख जिले में उस हुई जब शुक्रवार दोपहर को बच्चों को खेलते समय एक गोला मिला और बच्चे बॉल समझ कर उससे खेलने लगे। इसी दौरान गोला फट गया, जिससे दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गयी ।

## अब नेपाल ने भी बैन किए भारतीय मसाले

काठमांडू। भारतीय मसालों को लेकर पिछले महीने जो विवाद शुरू हुआ था, वह अब तक थमने का नाम नहीं ले रहा है। सिंगापुर, हॉन्गकॉन्ग होते हुए ये विवाद अब नेपाल तक पहुंच गया है। सिंगापुर और हांगकांग के बाद, नेपाल ने भी कथित गुणवत्ता संबंधी चिंताओं को लेकर भारतीय कंपनियों के कुछ मसाला उत्पादों के आयात और बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है। खाद्य प्रौद्योगिकी और गुणवत्ता नियंत्रण विभाग के अनुसार, एमडीएच और एवरेस्ट के चार मसाला उत्पादों को एथिलीन ऑक्साइड या ईटीओ विकार के कारण प्रतिबंधित कर दिया गया।

# पांचवें चरण का प्रचार थमा, आठ राज्यों की 49 सीटों पर वोटिंग कल

एजेंसी

- बिहार- 5, जम्मू एवं कश्मीर - 1, झारखंड - 3, लद्दाख -1, महाराष्ट्र - 13, ओडिशा - 5, उत्तर प्रदेश - 14 और बंगाल - 7 सीटों पर होगा मतदान
- इस चरण में 695 प्रत्याशियों का होगा किस्मत का फैसला
- राजनाथ सिंह, राहुल गांधी, स्मृति ईरानी, उमर अब्दुल्ला, चिराग पासवान, पीयूष गोयल, साध्वी निरंजन ज्योति, अन्नपूर्णा देवी , राजीव प्रताप रूड़ी और रोहिणी आचार्य शामिल

नयी दिल्ली। लोक सभा चुनाव के पांचवें चरण में आठ राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों की 49 सीटों तथा ओडिशा विधानसभा के दूसरे चरण के लिये 35 सीटों पर प्रचार अभियान शनिवार शाम छह बजे थम गया। इन सीटों पर मतदान सोमवार को होगा। इस चरण में 49 लोकसभा सीटों पर 695 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा। इसके साथ ही ओडिशा विधानसभा की कुल 147 सीटों में से दूसरे चरण के लिये 35 सीटों पर भी इसी दिन मतदान होगा। इन सीटों पर कुल 265 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। राज्य विधानसभा के चुनाव के पहले चरण में 13 मई को 28 सीटों पर मतदान हुआ था। लोकसभा के पांचवें चरण के चुनाव के लिये 49 सीटों के लिये कुल 1586 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया था, इसके बाद नामांकन पत्रों की जांच के बाद 749 उम्मीदवार रह गये और नामांकन पत्र वापस लेने के बाद चुनावी मैदान में 695 रह गये। इस चरण में प्रमुख उम्मीदवारों में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के चिराग पासवान, केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल, साध्वी निरंजन ज्योति, कौशल किशोर, डॉ प्रवीण भारती पवार, शान्तनु ठाकुर, कपिल पाटिल, अन्नपूर्णा देवी , भाजपा नेता राजीव प्रताप रूड़ी, राष्ट्रीय जनता दल की रोहिणी आचार्य शामिल हैं। कुल सात चरणों के इस चुनाव में पांचवें चरण के मतदान के साथ आंध्र प्रदेश और तेलंगाना सहित 18 राज्यों और चार केंद्र शासित प्रदेशों की सभी लोक सभा सीटों पर मतदान कराने का काम काम पूरा हो चुका होगा। चुनाव परिणाम चार जून को आयेंगे। चुनाव आयोग ने पांचवें चरण की वोटिंग को लेकर पूरी तैयारियों कर ली हैं और इसमें मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिये मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किये हैं। चौथे चरण के मतदान के साथ कुल 543 सीटों में से 379 सीटों पर मतदान की प्रक्रिया खत्म हो चुकी है। पहले चरण में 102, दूसरे में 88, तीसरे में 93 और चौथे में 96 संसदीय क्षेत्रों में चुनाव कराये गये हैं। पहले चार चरणों में 45.1 करोड़ से अधिक मतदाताओं ने अभी तक मतदान किया है और इन चरणों में औसतन 66.95 प्रतिशत मतदान हुआ है। छठे और सातवें चरण में क्रमशः 25 मई और एक जून को मतदान कराये जायेंगे। मतगणना चार जून को होगी। पांचवें चरण में जिन आठ राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के संसदीय सीटों के लिये मतदान होगा उनमें उत्तर प्रदेश की 14, महाराष्ट्र की 13, पश्चिम बंगाल की सात, ओडिशा और बिहार की पांच-पांच, झारखंड की तीन और जम्मू-कश्मीर और लद्दाख की एक-एक सीट है। पांचवें चरण में राजग और विपक्षी इंडिया गठबंधन के स्टार प्रचारकों के अलावा घटक दल के नेताओं ने सार्वजनिक सभाओं और रोड-शो आदि के माध्यम से जम कर प्रचार किया। जो आज शाम छह बजे थम गया। निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव के लिए चुनाव आयोग की व्यवस्था के अनुसार सार्वजनिक प्रचार अभियान मतदान खत्म होने के 48 घंटे पहले बंद कर दिया जाता है। इसके बाद प्रत्याशी और उनके समर्थक निजी स्तर पर घर-घर जाकर मतदाताओं का समर्थन जुटाते हैं। लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण में उत्तर प्रदेश की 14 सीटों पर सोमवार को मतदान होगा। उनमें-मोहनलालगंज (सु.), लखनऊ,रायबरेली, अमेठी, जालौन (सु.), झाँसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशाम्बी (सु.), बाराबंकी (सु.), फैजाबाद, कैसरगंज और-गोण्डा शामिल हैं। महाराष्ट्र में धुले, डिंडोरी, नासिक, पालघर, भिवंडी, कल्याण, थाने, मुंबई उत्तर, मुंबई उत्तर-पश्चिम, मुंबई उत्तर-पूर्व, मुंबई उत्तर - मध्य, मुंबई दक्षिण-मध्य और मुंबई दक्षिण संसदीय सीटों पर मतदान होगा। बिहार में जिन पांच सीटों पर चुनाव होना है, इनमें मधुबनी, सीतामढ़ी, सारण, मुजफ्फरपुर और हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र हैं। वर्ष 2019 के चुनाव में इन 49 सीटों में से 32 पर भाजपा, सात पर शिवसेना (अविभाजित) और चार पर तृणमूल कांग्रेस के प्रत्याशियों को सफलता मिली थी। इसके अलावा ओडिशा में बरगढ़, सुंदरगढ़, बोलांगीर, कंधमाल और अस्का, झारखंड में चतरा, कोडरमा और हजारीबाग, बंगाल में बनगांव, बैरकपुर, हावड़ा, उलूबेरिया, श्रीरामपुर, हुगली और आरामबाग, केन्द्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के बारामूला और लद्दाख की एक मात्र संसदीय सीट के लिये मतदान होगा।

## अंसारी, मनमोहन, आडवाणी व जोशी ने घर से डाला वोट



नयी दिल्ली। पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी, पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह, पूर्व उप-प्रधानमंत्री लाल कृष्ण अडवाणी और पूर्व केन्द्रीय मंत्री मुरली मनोहर जोशी ने भी इस बार घर पर रहकर ही मतदान किया। बुजुर्ग मतदाताओं और दिव्यांग व्यक्तियों के लिए घर पर शुरू की गई मतदान की सुविधा मतदान के दो सप्ताह पहले से लेकर एक दिन पहले तक जारी रहती है। अपने अधिकारों के प्रति जागरूक 91 वर्षीय व्हीलचेयर पर चलने वाले डॉ. मनमोहन सिंह ने होम वोटिंग सुविधा का विकल्प चुना। गंभीर रूप से बीमार और बिस्तर पर पड़े होने के बावजूद भी उन्होंने वोट देने के अपने अधिकार का प्रयोग किया। शनिवार को वरिष्ठ भाजपा नेता और उप-प्रधानमंत्री भारत रत्न लालकृष्ण आडवाणी ने लोकसभा चुनाव में पहली बार बुजुर्गों के लिए चुनाव आयोग द्वारा प्रदान की गई सुविधा का उपयोग करते हुए घर से अपना वोट डाला। पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. मुरली मनोहर जोशी ने नई दिल्ली संसदीय क्षेत्र में घरेलू मतदान सुविधा का लाभ उठाया और 17 मई को अपने घर से सफलतापूर्वक वोट डाला। पूर्व उपराष्ट्रपति मोहम्मद हामिद अंसारी ने गुरुवार को वोट डाला ।

# मेरी रगों में दौड़ता है लोकतंत्र : मोदी

## प्रधानमंत्री बोले- भाई-भतीजावाद की राजनीति से सावधान रहे देश की जनता

एजेंसी

- 21वीं सदी का भारत एक नाजुक मोड़ पर है, तीव्र विकास का एक महत्वपूर्ण छलांग देख रहे हैं
- 2024 का चुनाव भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी बनाने के लिए है



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को उत्तर-पूर्वी दिल्ली के घोंडा गुजरान खादर में पार्टी के लिए अपनी पहली चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि मैं लोकतंत्र के लिए जीता हूं और लोकतंत्र मेरी रगों में दौड़ता है। उन्होंने विपक्ष पर दिवालेपन का आर्थिक एजेंडा अपनाने और भाई-भतीजावाद की नीति पर चलने का आरोप लगाते हुये जनता को उनके प्रति आगाह किया है। मोदी ने देश को एक मजबूत और स्थिर सरकार की जरूरत बताते हुए कहा कि 21वीं सदी का भारत एक नाजुक मोड़ पर है।

उन्होंने कहा कि हम तीव्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण छलांग देख रहे हैं। मोदी ने दिल्ली की सातों सीटों पर चुनाव लड़ रहे भाजपा उम्मीदवारों के लिए वोट की अपील करते हुए कहा कि हमारे उम्मीदवारों को जिताने में मदद करें और उन्हें विकसित भारत की प्राप्ति के लिए टीम बनाएं। उन्होंने कहा कि 2024 का चुनाव भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी बनाने के लिए है।

प्रधानमंत्री ने दिल्ली में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के गठबंधन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि इंडी गठबंधन दिल्ली को तबाह करने में जुटा है। ये लोग भ्रष्टाचार मिटाने के नाम पर आए थे और अब हजारों करोड़ के घोटाले में जेल के चक्कर लगा रहे हैं।

### बजट को भी धर्म के आधार पर विभाजित करना चाहती है कांग्रेस

मोदी ने कांग्रेस खतरनाक खेल रहा है और उन्होंने अपने घोषणापत्र में उल्लेख किया है कि वे धर्म के आधार पर सरकारी निविदाएं वितरित करेंगे। वे बजट को भी धर्म के आधार पर विभाजित करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन के नेता घुसपैठियों पर आंसू बहाते हैं, लेकिन वे धर्म के आधार पर एससी-एसटी आरक्षण उन्हें देना चाहते हैं।

# मालीवाल के साथ मारपीट में केजरीवाल का पीए गिरफ्तार

### मेडिकल रिपोर्ट में सांसद को चोट लगने की पुष्टि



नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल से मारपीट के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव विभव कुमार को दिल्ली पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। विभव को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस उन्हें सिविल लाइन थाने लेकर गई है। वहीं मेडिकल रिपोर्ट में स्वाति मालीवाल को चोट लगने की पुष्टि हुई है। इसमें दाएं गाल और बाएं पैर पर चोट के निशान पाए गए हैं। मुख्यमंत्री आवास पर 13 मई को हुई मारपीट के मामले में एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। फुटेज में सुरक्षाकर्मी स्वाति को मुख्यमंत्री आवास से बाहर ले जाते हुए दिखाई दे रहे हैं।

# मैंने रणनीति के तहत लोकसभा चुनाव नहीं लड़ा : प्रियंका गांधी

एजेंसी

### भाई-बहन लड़ते तो इसका सीधा लाभा भाजपा को होता



नयी दिल्ली । कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने अमेठी तथा रायबरेली को अपने परिवार का घर बताते हुए कहा है कि उन्होंने रणनीति के तहत चुनाव नहीं लड़ा है और यदि वह दोनों भाई-बहन चुनाव लड़ते तो इसका सीधा फायदा भाजपा को होता। वाड्रा ने कहा कि रायबरेली और अमेठी को गांधी परिवार कभी छोड़ ही नहीं सकता इसलिए उनके भाई राहुल गांधी के चुनाव क्षेत्र रायबरेली में वह दिन-रात उनकी जीत के लिए मेहनत कर रही है। उनका यह भी कहना था कि भाजपा ने श्री राहुल गांधी को बदनाम करने के लिए पूरी ताकत लगाई है और उसे इसका जवाब देने के लिए वह रायबरेली में डटी हुई हैं। श्रीमती वाड्रा ने एक निजी चैनल को दिए साक्षात्कार में कहा कि मैं कभी भी अमेठी और रायबरेली नहीं छोड़ सकतीं। मै कांग्रेस के लिए प्रचार करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहती थीं इसलिए चुनाव नहीं लड़ी हूं। अगर हम दोनों भाई-बहन चुनाव लड़ते तो इसका सीधा फायदा भाजपा को होता। भाजपा पर राहुल गांधी की छवि खराब करने के लिए पूरी ताकत लगाने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जी की छवि खराब करने के लिए भाजपा ने बहुत संगठित तरीके से काम किया और इस पर करोड़ों रुपए खर्च किए। राहुल गांधी जी के बारे में भाजपा ने ढेरों गलत बातें फैलाई। उन्हें घर और संसद से निकाला गया, न जाने कितने सारे मुकदमे लगाए गए। इतना सब होने के बावजूद, राहुल गांधी न डरे और न झुके। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश जानता है कि चाहे कुछ भी हो जाए- राहुल गांधी ऐसा आदमी है जो सच बोलेगा, किसी से नहीं डरेगा। भाजपा चाहती है कि हमारे परिवार को अपशब्द बोले जाएं लेकिन हम चुप रहें। हम चुप क्यों रहें। मेरी दादी ने देश के लिए 32 गोलियां खाई हैं। मैंने 19 साल की उम्र में पिता की शहादत देखी है। मेरे परिवार ने देश के लिए कुबार्नी दी है। मुझे इस बात का बेहद गर्व है।

# कांग्रेस के अंदर औरंगजेब की आत्मा घुस गयी : योगी

एजेंसी

### यूपी के सीएम बोले- जजिया की तरह है विरासत कर



मालेगांव। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विरासत कर लगाने संबंधी कांग्रेस के कथित प्रस्ताव को लेकर उसकी आलोचना करते हुए शनिवार को कहा कि मुगल बादशाह औरंगजेब की आत्मा विपक्षी पार्टी के अंदर प्रवेश कर गई है। आदित्यनाथ ने यह भी कहा कि विरासत कर औरंगजेब द्वारा लगाए गए जजियाकर की तरह है। महाराष्ट्र के नासिक जिले के मालेगांव शहर में एक रैली को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि भाजपा महज सत्ता के लिए नहीं बल्कि विकसित भारत का निर्माण करने के लिए चुनाव लड़ रही है। आदित्यनाथ ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं होना चाहिए कि नरेन्द्र मोदी एक बार फिर प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। उप्र के मुख्यमंत्री ने कहा कि विरासत कर औरंगजेब द्वारा लगाए गए जजिया कर की तरह है। औरंगजेब की आत्मा कांग्रेस के अंदर प्रवेश कर गई है।जजिया कर औरंगजेब द्वारा गैर-मुस्लिम लोगों पर लगाया गया था। उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण भारत के 140 करोड़ लोगों की भावनाओं का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भगवान राम यह सुनिश्चित करेंगे कि विपक्षी गठबंधन अयोध्या में उनके मंदिर को नष्ट करने के लिए सत्ता में न आए।

## टाटा स्टील के बिजनेस हेड की हत्या में एक और बदमाश गिरफ्तार

गाजियाबाद। गाजियाबाद पुलिस और बदमाश के बीच शुक्रवार देर रात हुई मुठभेड़ में 50 हजार के इनामी बदमाश को पैर में गोली लगने के बाद गिरफ्तार किया गया। वह 3 मई को शालीमार गार्डन में टाटा स्टील के एक ब्रांड के इंडिया सेल्स प्रमुख की हत्या में शामिल था। उस मामले में उसका दूसरा साथी 10 मई को मुठभेड़ में मारा गया था। डीसीपी ट्रांस हिंडन ने बताया है की 17-18 मई की रात पुलिस संदिग्ध वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान कौशांबी इलाके में एक बाइक सवार युवक को रुकने का इशारा किया गया। युवक भागने लगा। जब पुलिस ने उनका पीछा किया तो उसने पुलिस पर गोली चला दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आमिर घायल हो गया। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। उसने बताया कि दोस्त के साथ 3 मई को त्यागी की हत्या की थी।